# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 17 अप्रैल 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 323 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1895 : चीन और जापान के बीच शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।
1899 : कलकत्ता को पनबिजली मिली।
1975 : भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का निधन।
1993 : अंतरिक्ष यान 'एसटीएस-56' धरती पर वापस लौटा।
2003 : लगभग 55 वर्षों बाद भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन हुआ।
2008 : ब्राजील व भारत के बीच चार महत्वपूर्ण संधी पर हस्ताक्षर किये गए।

# हर सप्ताह जनता की शिकायतें सुनेंगे मंत्री : हेमंत सोरेन

## अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झामुमो कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद बुधवार को पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर किया। पार्टी कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक तक रहे और आगे की रणनीति पर अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। आज पहली बार पार्टी के दफ्तर पहुंचे हैं। अब वह लगातार यहां देखने को




मिलते रहेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को हर स्तर पर मजबूत करना है। हेमंत सोरेन के पार्टी कार्यालय से जाने के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पहली बार केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वो कैंप कार्यालय पहुंचे थे, उन्होंने कई निर्देश दिए हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि पार्टी दफ्तर में सप्ताह में एक दिन झामुमो कोटे के एक मंत्री बैठेंगे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का तत्काल निपटारा हो सके। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बरियातू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय का बहुमंजिला भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले 3 से 4 महीने में पार्टी का केंद्रीय कार्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट कर जाएगा।

# बूथ स्तरीय एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग ने राज्य में आगामी चुनावों के मद्देनजर बिहार के बूथ स्तरीय एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू किया है। 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े राज्य के लगभग 280 बीएलए इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ विवेक जोशी के साथ अपनी तरह के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलए को संबोधित किया। प्रशिक्षण की संकल्पना 4 मार्च, 2025 को आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) सम्मेलन के दौरान की गई थी। आयोग ने चुनाव प्रक्रियाओं में बीएलए के महत्व को रेखांकित किया एवं कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी किए गए मैनुअल, दिशा-निर्देश और निर्देशों में उल्लिखित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करेगा। बीएलए को कानूनी ढांचे के अनुसार उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें चुनाव प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया, जिसमें मतदाता सूची की तैयारी, अद्यतन और संशोधन एवं संबंधित प्रपत्र और प्रारूप शामिल हैं। बीएलए को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किया जाता है और वे लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार त्रुटि-रहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीएलए को लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 (ए) और 24 (बी) के तहत प्रथम और द्वितीय अपील के प्रावधान के उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया, यदि वे प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची से असंतुष्ट हैं।

# बीते एक महीने से धधक रहे खूंटी के जंगल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** जिले के वन प्रमंडल क्षेत्र में 15 मार्च से आग लगना शुरू हुआ है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 10 अप्रैल तक विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 19.45 हेक्टेयर इलाके में आगलगी की घटना हुई है। फायर लाइन नहीं बनने के कारण जंगलों में लग रही आग से हजारों पौधे जलकर नष्ट हो चुके हैं। साथ ही जंगलों में रहने वाले जीवों की भी मौत का कारण बन रहा है।

### छोटे पौधों को हो रहा नुकसान

मार्च-अप्रैल माह में पतझड़ के कारण जंगलों में सूखे पत्तों का अंबार लग जाता है। पहाड़ वाले इलाकों के जंगल में ज्यादातर साल के वृक्ष है। कुछ इलाकों में पलाश, महुआ, आम, जामुन समेत कुछ जंगली पेड़-पौधे भी होते हैं। साल वृक्ष वाले जंगलों में ज्यादातर वृक्ष के छोटे-छोटे पौधे प्रत्येक वर्ष उगते हैं, लेकिन जंगल में आग लगने के कारण यह छोटे पौधे जलकर नष्ट हो जाते हैं।

खूंटी वन प्रमंडल के डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने बताया कि जंगल में आग लगने से वन विभाग को भी पेड़-पौधों के संरक्षण में दिक्कतें आती हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा ग्राम वन समिति के सदस्यों की टीम बनाई गई है। ग्राम वन समिति के सदस्य जंगलों में आग लगने की सूचना वन विभाग को मोबाइल के माध्यम से देते हैं और तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य करती है। जिन इलाकों में महुआ के वृक्ष हैं, वहां लोग मार्च-अप्रैल महीने में महुआ का फूल चुनने के लिए पेड़ के नीचे सूखे पत्तों और झाड़ियों में आग लगा देते हैं। कई बार यही आग आसपास के जंगलों में फैल जाती है और एक साथ चार-पांच एकड़ जंगल में आग लग जाती है।

### जंगली इलाकों में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

डीएफओ ने बताया कि जंगलों में आग लगने से बड़े वृक्षों को हानि नहीं पहुंचती है, लेकिन छोटे पौधे जरूर नष्ट हो रहे हैं। वन विभाग को आग लगने की सूचना पर तत्काल क्यूआरटी एक्शन लेती है और आग बुझाने का कार्य करती है। खूंटी जिले के जंगल वाले इलाकों में 20 दिन में लगभग 19.45 हेक्टेयर जंगल में अगलगी की घटना हुई है। हालांकि, अभी बारिश की वजह से अगलगी की घटनाओं में कमी आई है। जंगल पहाड़ वाले इलाकों में समय-समय पर वन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। जंगल में आग लगने की घटना को कैसे कम किया जाए या आग पर काबू कैसे पाया जाए, इसकी भी जानकारी दी जा रही है। इससे कुछ ग्रामीण जागरूक भी हुए हैं और जंगलों को आग से बचाने का प्रयास भी करते हैं।

# पटना में युवक ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। बिल्डिंग की छत पर शव मिला है। मृतक बब्लू (28) जहानाबाद का रहने वाला था। यहां पेंटर का काम करता था। पटेल नगर में रेंट पर रहता था। सुबह छत पर डेडबॉडी पड़ी थी, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को जानकारी दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीआईएमएस भेज दिया गया है। प्रभारी थानेदार रमेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन पास में ही रहते हैं। मौत की खबर सुनने के बाद सभी पहुंच गए थे। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल रहा है।

# सनकी आशिक ने मां-बेटी की हत्या की, खुद को भी मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा।** बिहार के नालंदा में दो लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया है। जिले के सिलाव में एक शख्स ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित ने खुद को भी गोली मारी है, उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सिलाव में एक युवक अचानक हथियार लेकर घर में घुस आया और घर में मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। राजगीर डीएसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी है। घायल आरोपित का विम्स में इलाज चल रहा है। मृतक लड़की की पहचान पूनम कुमारी के रूप में हुई है, जबकि उसकी मां पुटुस देवी की भी गोली लगने से मौत हो गई है। परिजनों के मुताबिक पूनम की 15 मई को शादी होनी थी लेकिन आरोपित नहीं चाहता था कि उसकी शादी हो, इसलिए इस घटना को अंजाम दिया है। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपित घर में घुसा और मां-बेटी पर फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों की मौत हो चुकी है। आरोपित ने खुद को भी गोली मार ली। जिसका इलाज पावापुरी में चल रहा है।






# ईडी कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**■ नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल-सोनिया गांधी पर चार्जशीट का कर रहे विरोध**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर चार्जशीट करने के विरोध में आज झारखंड कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता पार्टी का बैनर लेकर ईडी कार्यालय के सामने पहुंचे हैं। ईडी कार्यालय के सामने हो रहे प्रदर्शन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगारी, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान, प्रवक्ता निरंजन पासवान, जगदीश साहू, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, सोनाल शांति सहित कई नेता शामिल हैं। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू, अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष बीच सड़क पर ही बैठ गए। रांची ईडी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने आये कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में एक पैसे की भी गड़बड़ी नहीं है लेकिन पीएम मोदी और अमित शाह जी के इशारे पर सिर्फ उनके नेता को परेशान करने के लिए यह मामला बनाया गया है। प्रदीप यादव ने कहा कि देश के सवा सौ करोड़ जनता की आवाज बन चुके राहुल गांधी को परेशान करने के लिए यह मामला चलाया गया है। कांग्रेस द्वारा आज प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष प्रदर्शन को लेकर प्रशासन द्वारा किसी भी स्थिति से निपटने के लिये बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों को ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया है।

# बिहार के 22 जिलों में बारिश-आंधी का यलो अलर्ट: 19 अप्रैल तक बदला रहेगा मौसम

**पटना, एजेंसी।** बिहार में फिलहाल मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने 22 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में हल्की बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इस दौरान इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। आने वाले 4-5 दिनों तक अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, पिछले 48 घंटे में जमुई में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। यहां 48.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 2022-23 में राज्य में बिजली और आंधी-तूफान से 400 मौतें हुईं। इस साल तो पिछले एक सप्ताह में ही वज्रपात से 61 लोगों की मौत हो चुकी है। हाल के वर्षों से बिहार के लिए आकाशीय बिजली और आंधी बड़ी चुनौती बनी है।

**प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना–** बिहार में पुरवा हवा चल रही है, जो बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आ रही है। इसका असर प्रदेश के ऊपर पड़ रहा है, जिससे मौसम में बदलाव दिख रहा है। 19 अप्रैल तक आंधी-बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

खासकर, बिहार के पूर्वी हिस्सों में एक-दो जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान इन इलाकों में तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने और तेज हवा चलने की संभावना है। 50-



60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

**19 अप्रैल तक प्रदेश में कैसा रहेगा मौसम–** 17 अप्रैलः बिहार के सभी 38 जिले को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। इसमें पटना, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, गया, नवादा, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा और बेगूसराय में यलो अलर्ट है।

इसके अलावा जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, खगड़िया, कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज, अररिया, सुपौल, समस्तीपुर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**18 अप्रैलः** पटना, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, बेगूसराय, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में बारिश को लेकर यलो अलर्ट है।

सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है।

**19 अप्रैलः** 17 जिले में बारिश को लेकर यलो अलर्ट रहेगा, जिसमें किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी माना है कि बिहार, ठनका से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में एक है। क्लाइमेट रेजिलेंट ऑब्जर्विंग सिस्टम्स प्रमोशन काउंसिल (सीआरओपीसी) की रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में बिहार में वज्रपात गिरने की करीब 9 लाख घटनाएं दर्ज हुईं तो 2022-23 में यह 13 लाख के पार चला गया। 2024 में भी ऐसा ही सिलसिला रहा।

## तेज आंधी-बारिश से क्षतिग्रस्त 500 घरों का मिला आवेदन

### नालंदा में बीते दिनों की तबाही के बाद पीड़ितों को 30 लाख मिलेगा मुआवजा

**नालंदा, एजेंसी।** गत सप्ताह 10 अप्रैल गुरुवार की शाम नालंदा जिले में आई प्रचंड आंधी-बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में 22 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि सैकड़ों घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की है। आपदा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जिलेभर से गृह क्षति के एवज में मुआवजा के लिए कुल 500 आवेदन प्राप्त हुए थे। स्थलीय निरीक्षण और जांच के बाद इनमें से 477 आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। प्रभावित परिवारों को आपदा राहत के तहत लगभग 29 लाख 79 हजार रुपए का मुआवजा वितरित किया जाएगा।

आंधी-पानी में जान गंवाने वाले सभी 22 मृतकों के आश्रितों को 4.24 लाख रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से मुआवजा राशि पहले ही वितरित की जा चुकी है।

### सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र से मिला आवेदन

प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक प्रकोप बिहारशरीफ प्रखंड क्षेत्र में देखा गया। इस क्षेत्र से गृह क्षति के लिए सर्वाधिक 264 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस क्षेत्र के प्रभावित लोगों को लगभग 12 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। घरों के नुकसान के मामले में गिरियक प्रखंड दूसरे स्थान पर है, जहां 84 घरों को तेज आंधी के कारण हानि पहुंची है। इनमें चार पशुशेड और पांच मुर्गी फार्म भी शामिल हैं। गिरियक के प्रभावित निवासियों को करीब तीन लाख 98 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। रहुई प्रखंड तीसरे स्थान पर है, जहां 58 घरों को आंधी-बारिश से क्षति हुई है। इसी प्रकार नूरसराय में 38 मकानों को तेज हवा से नुकसान पहुंचा है, जिसमें कई घरों की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में सिलाव और बिंद (छह-छह घर), इस्लामपुर और सरमेरा (पांच-पांच घर), अस्थावां और एकंगरसराय (तीन-तीन घर), परवलपुर, चंडी और करायपरसुराय (एक-एक घर) तथा कतरीसराय में दो घरों को तेज हवा-बारिश से क्षति पहुंची है।

## बिहार में बंपर भर्ती, 2000 से ज्यादा शिक्षा सेवकों की होगी नियुक्ति, एसीएस एस सिद्धार्थ ने जारी किया आदेश

**पटना, एजेंसी।** बिहार के विभिन्न जिलों में 2206 रिक्त पदों पर शिक्षा सेवकों (तालीमी मरकज) की नियुक्ति होगी। इनकी चयन प्रक्रिया 30 जून तक पूरी कर ली जाएगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। विभाग ने अपने पत्र में लिखा है कि महादलित, दलित, अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत जिलों में शिक्षा सेवक कार्यकरत हैं। रिक्त पदों पर शिक्षा सेवकों के चयन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जून, 2024 में ही रिमाइंडर दिया गया था।

इसके बाद भी अब-तक चयन प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इसलिए निर्देश दिया जाता है कि जहां सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो गया है, वहां 15 जून तक शिक्षक सेवकों का चयन कर लें। वहीं, जहां सर्वेक्षण का काम अधूरा है, वहां पर 30 जून तक चयन प्रक्रिया पूरी कर लें। इसको लेकर विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

## समस्तीपुर से रद्द ट्रेनों का परिचालन शुरू :कई ट्रेन के रूट में हुआ बदलाव

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर रेलवे प्रशासन की तरफ से कुसम्ही- गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जं.- डोमिनगढ़ तीसरी लाइन निर्माण को गोरखपुर जं.- गोरखपुर कैंट के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान और गोरखपुर जं. स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के परिप्रेक्ष्य में रद्द की गई ट्रेनों का प्रचलन 16 अप्रैल से फिर से शुरू किया जा रहा है।



दरभंगा से 16 अप्रल से खुलने वाली 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण- वाराणसी-सुलतानपुर- लखनऊ- रोज़ा के रास्ते चलाई जायेगी।

अमृतसर से 18 अप्रल खुलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोज़ा-लखनऊ-सुलतानपुर- वाराणसी-छपरा ग्रामीण- मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

रक्सौल से 16 अप्रैल से 03 मई, 2025 तक खुलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सगौली-मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण-वाराणसी-सुलतानपुर- लखनऊ -रोज़ा के रास्ते चलाई जायेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 15 अप्रैल से 04 मई तक खुलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोज़ा-लखनऊ- सुलतानपुर-वाराणसी जं-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर-सगौली के रास्ते चलाई जायेगी।

## राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान पर राजपूत समाज ने जताया आक्रोश

**बक्सर, एजेंसी।** राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान पर जिला राजपूत समाज ने मंगलवार को शहर के गोलंबर से आक्रोश मार्च निकाला। आक्रोश मार्च यमुना चौक, सत्यदेवगंज होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक पर पहुंच संपन्न हुआ। राजपूत समाज के लोगों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आक्रोश मार्च का नेतृत्व जोगेंद्र सिंह एवं संचालन कृष्णा सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने हिंदू समाज के आदर्श वीर शिरोमणि राणा सांगा पर अमर्यादित बयान देते हुए उनको




गद्दार एवं उनके वंशजों को गद्दार कहा है। आक्रोश मार्च के माध्यम से राजपूत समाज ने अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राज्य सभा की सदस्यता समाप्त करने व किसी भी महापुरुष पर अमर्यादित बयान और टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराने को मांग पत्र डीएम के माध्यम से सौंपा। उन्होंने कहा कि सांसद मे बैठकर महापुरुषों पर अमर्यादित ब्यान देना देश के लिए शर्म की बात है। जिसे राजपूत समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बक्सर जिला राजपूत समाज ने बक्सर गोलंबर से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक तक आक्रोश मार्च निकालकर ऐसे लोगों के प्रति अपना विरोध जताया। आक्रोश मार्च में डॉ एके सिंह, अमरेंद्र, राजेश, संजय सिंह, अनिल सिंह मुखिया, इंदल सिंह, इंद्रजीत बहादुर सिंह, बंसी सिंह, पुनीत सिंह, पिंटू सिंह, राघवेंद्र उज्जैन, विकास सिंह, राहुल सिंह, प्रतिभा सिंह, ओम प्रकाश सिंह, तेजप्रताप सिंह, गणेश सिंह, पप्पू सिंह, दीपक सिंह, आशुतोष सिंह, चंदन सिंह, मोहर सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह, जितेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राज नारायण सिंह, सुधीर सिंह, संजय सिंह राजनेता, विमलेश सिंह, मनोज सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुनील सिंह, गोविंद सिंह, अरविंद सिंह, वीर सिंह, अर्जुन सिंह, रविंद्र बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीर बहादुर सिंह, विजेंद्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, कृष्णानंद सिंह समेत जिले और आसपास के इलाकों से सैकड़ों लोग शामिल थे।सभी ने सांसद पर कार्रवाई को लेकर आवाज बुलंद की।

## घर में चला रहे अवैध मिनीगन फैक्ट्री का भंडाफोड़

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में मौके से भारी मात्रा में हथियार और हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाला उपकरण बरामद किया गया है। पुलिस छापेमारी से पहले ही आरोपी फरार हो गया। बताया का रहा है किआरोपी मो. शरीफ उर्फ कटकू का आपराधिक इतिहास पहले से ही संदिग्ध



रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शरीफ पूर्व में मुंगेर जिला के बरियारपुर से आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। इसके अलावा सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से भी आर्म्स एक्ट के मामले में उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है।.

**छापेमारी के दौरान अवैध हथियार बरामद–** पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक निर्मित देसी पिस्टल, दो अर्धनिर्मित देसी पिस्टल, चार जिंदा गोली, चार मैगजीन, तीन ड्रिल मशीनें और हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाला भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, यह अवैध मिनी गन फैक्ट्री लंबे समय से इलाके में सक्रिय थी। यहां स्थानीय और बाहरी लोग लगातार हथियारों के निर्माण और सप्लाई के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि घोरघट इलाके में हथियारों का अवैध कारोबार चल रहा है, जिसके बाद छापेमारी की गई। थाना प्रभारी विवेक जायसवाल ने बताया कि इसके पीछे और कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से गहराई से पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध धंधे के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

## तिलक समारोह में फायरिंग, जांघ में लगी गोली: बक्सर में जमीन विवाद को लेकर दो गुट भिड़े



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर के पीसी कॉलेज के पास स्थित ज्योति मैरेज हॉल में मंगलवार देर रात 1 बजे तिलक समारोह के दौरान जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान दो पक्षों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग में सोंधीला गांव निवासी अभय कुमार सिन्हा (40) को गोली लग गई। यह घायल को आनन-फानन में निजी हॉस्पिटल गोलंबर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में ऑपरेशन कर गोली निकाली गई। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**करीब 20 से 22 राउंड चलीं गोलियां–** मामला ज्योति मैरेज हॉल का है, जहां अभय कुमार सिन्हा एक तिलक समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते फायरिंग में तब्दील हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच करीब 20 से 22 राउंड गोलियां चलीं, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

**घायल का अस्पताल में इलाज जारी–** फायरिंग के दौरान वहां मौजूद अभय सिन्हा की जांघ में गोली लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें फौरन निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन कर गोली निकाली। डॉक्टर राजीव कुमार झा ने बताया कि घायल को रात करीब 1 बजे अस्पताल लाया गया था और अब उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### पुलिस का दावा, पुरानी रंजिश का मामला

घटना के संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी अरविंद कुमार का कहना है कि घटनास्थल पर केवल 4 से 5 राउंड फायरिंग की पुष्टि हुई है। हालांकि, स्थानीय लोग इसे दो कुख्यात गिरोहों की पुरानी रंजिश का नतीजा मान रहे हैं।

### जांच में जुटी पुलिस, एक संदिग्ध हिरासत में

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ धीरज कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल के बयान के लिए एक टीम को अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बयान के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि गोली किसने और क्यों चलाई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल, इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

## जिले के 1300 राजस्व ग्राम में हो रहा जमीन सर्वे: आवेदन न देने वालों को खोजेंगे अमीन

**पटना, एजेंसी।** जिले के 1300 राजस्व ग्राम में जमीन सर्वे हो रहा है। सभी 1300 राजस्व ग्राम में 13,85,842 जमाबंदी और 15,75,314 खेसरा है। इसमें अभी तक सर्वे के लिए 4,15,719 लोगों ने आवेदन ?दिया है। इसमें 3,67,968 आवेदन पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य सर्वे कार्यालय द्वारा पूरा कर दिया गया है। अबतक 1,231 मौजा के खतियान को अपलोड किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी नीरज सेठ ने कहा कि सभी शिविर प्रभारी को अगले आदेश तक ऑफ लाइन आवेदन लेने का निर्देश दिया गया है। जो लोग जिले से बाहर हैं वे लोग अभी घर बैठे ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सभी 23 अंचलों के शिविर प्रभारी को विभिन्न माध्यमों से अपील करने का निर्देश दिया गया है।

**सर्वे के लिए कहां आवेदन करें–** गांव से बाहर रहने वाले लोग वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाइन सर्वे के लिए आवेदन दे सकते हैं। ऑफ लाइन आवेदन लेने के लिए सभी 23 अंचल में सर्वे शिविर कार्यालय खोला गया है। यहां आकर लोगों ऑफ लाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।



### दस्तावेज में कमी है तो क्या करें

आपका जमीन पर दावा है तो आवेदन करें। दस्तावेज में कमी होगी तो सर्वे अधिकारियों के द्वारा संबंधित अंचल कार्यालय से दस्तावेज की मांग की जाएगी। सबसे पहले जमीन के दावे से संबंधित आवेदन करना जरूरी है।

### जो आवेदन नहीं दे रहे उनका क्या

जो लोग आवेदन आवेदन नहीं देंगे। उनको नापी के दौरान सर्वे अमीन खोजेंगे। इसके बाद भी दावेदार नहीं मिलते हैं तो उनके पूर्वजों के नाम पर ही नया खतियान बनेगा। अब क्या होगा : जमीन सर्वे के लिए गांव का सीमांकन शुरू हो रहा है। दो गांव-तीन गांव के जमीन का जहां प्वाइंट है वहां पत्थर गाड़ा जाएगा। इस सीमा से गांव के तरफ की नापी होगी।

## मुजफ्फरपुर में आधा दर्जन सिलेंडर ब्लास्ट, 2 घंटे बाद आग पर पाया काबू, 5 दुकानें जलकर राख

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव नगर चौराहा में बुधवार सुबह एक भुजा की दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति बन गई। मौके पर स्थानीय लोगो की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगो ने मामले की जानकारी सदर थाना की पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई।

जानकारी मिलने के बाद मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां अग्निशमन टीम के साथ स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुटे रहे। आग की लपेटें इतनी तेज थी कि जिसपक काबू पाने में 2 घंटे का समय लगा। चश्मदीदों के मुताबिक, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और एक के बाद एक आधा दर्जन सिलेंडर फट गए। हादसे में चार से पांच दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गई।

पीड़ित दुकानदार सुरेन्द्र साह, मुंदिर भगत और सुजल राज ने बताया कि वे वर्षों से यहां खाद्य सामग्री की दुकान चला रहे थे। सुबह उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब



तक उनकी दुकानों का सारा सामान जल चुका था।

**पीड़ितों ने बताया– सालों से चला रहे थे दुकान, सब जलकर राख–** पीड़ित दुकानदार सुरेन्द्र साह ने बताया कि वो पिछले 15 साल से यहां फास्ट दुकान का दुकान चलाता है। आज सुबह उसे फोन से जानकारी मिली कि दुकानें आग लगा गया है। जिसके बाद वो मौके आपे पहुंच है। दुकान में रखा सभी समान जलकर राख हो गया है। पीड़ित दुकानदार मुंदिर भगत ने बताया कि बीते चार साल से उसका कचरी और नाश्ता का दुकान था। आज उसको फोन से जानकारी मिली कि सिलेंडर ब्लास्ट होने के कारण दुकान ने आग लग गई है। जबतक वो मौके पर पहुंचा, दुकान जलकर राख हो गया है।

पीड़ित दुकानदार सुजल राज ने बताया कि पिछले दो साल से उसका समोसा जलेबी का दुकान था। आज सुबह मकान मालिक फोन कर बताए कि सिलेंडर ब्लास्ट होने के आक्रमण दुकान में आग लगा गया है। जबतक वो मौके आपे पहुंच, तब तक दुकान जलकर राख हो गया था। स्थानीय मुखिया भोला राय ने बताया कि सिलेंडर ब्लास्ट होने के कारण आग लग गया। दमकल की तीन गाड़िया मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। अब स्थिति कंट्रोल में है।

**सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से लगी आग–** मौके पर पहुंचे सदर थाना के दारोगा शंभू कुमार ने बताया कि हमलोग को सूचना मिली कि सिलेंडर ब्लास्ट होने के कारण आग लगी है। हमलोग मौके पर पहुंचे। दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। अब आग पर काबू पा लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सदन में भी लोगों को बोलने की आजादी नहीं: अभिव्यक्ति की आजादी छिन रही, लोकसभा में डिस्क्रीमिनेशन: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, सचिव प्रभारी सुशील पासी मौजूद रहे। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को लेकर इस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज के संदर्भ में संविधान की स्थिति क्या है। आज क्या हमें अभिव्यक्ति की आजादी है। आज सदन में भी लोगों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। अब तो लोकसभा में भी डिस्क्रीमिनेशन हो रहा है। जो सत्तासीन लोग हैं, जो आज कुर्सी पर बैठे हैं, उन्हें न्याय के साथ रहना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों हमारे नेता राहुल गांधी के स्पीच को सदन में रोका गया, कैमरे का एंगल चेंज किया गया। ऐसे में यह भीम संवाद और भी जरूरी हो जाता है कि क्योंकि जो सत्ता में बैठे लोग हैं वह संविधान को क्षत-विक्षत कर सकते हैं। दूसरा यह की संविधान में हमारे न्याय संगत अधिकार का हनन हो रहा है। जितने भी निष्पक्ष इंस्टीट्यूशन है वह इष्ठ की इशारों पर काम कर रहे हैं। उदाहरण में निर्वाचन आयोग को ले सकते हैं, जो कोई भी निर्णय बिना सरकार से पूछे नहीं लेता है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 16-04-2025 22:05 Page 1



# कुंडलियां खंगालने में जुटी निगरानी की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पता चला है कि टीम ने भ्रष्टचार के आरोप जिस अंचलाधिकारी प्रिंस के खिलाफ कार्रवाई की है, उसने नौकरी में आने से पहले बड़ा खेला किया था। आरोप हैं कि अंचलाधिकारी प्रिंस राज ने दो बार मैट्रिक की परीक्षा दी है। 2004 में धर्मेंद्र कुमार के नाम से और 2006 में प्रिंस राज के नाम से परीक्षा पास की है। दोनों सर्टिफिकेट एसवीयू ने जब्त कर लिए हैं। अब एसवीयू की टीम प्रिंस राज की सभी कुंडलियों को खंगालने में जुट गई है।

प्रिंस राज के ठिकानों पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने छापेमारी की। टीम को अब तक उनकी आय से 28 लाख रुपए अधिक की संपत्ति मिली है। मामला आय से अधिक संपत्ति का है। इसी आधार पर एसवीयू ने केस दर्ज किया है। यह मामला मधुबनी थाने में दर्ज हुआ है। शेखपुरा और मधुबनी जिलों में एक साथ छापेमारी चल रही है। अब तक की जांच में 90 प्रतिशत संपत्ति आय से अधिक पाई गई है। छापेमारी का नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। हाल ही में सरकार ने प्रिंस राज को निलंबित किया था।

### ▶ प्रिंस ने दो नामों से दी है मैट्रीक की परीक्षा

एसवीयू के अनुसार, जांच में चला कि प्रिंस राज के पास उनकी आय से 90 प्रतिशत अधिक संपत्ति है। 2019 में प्रिंस राज अंचलाधिकारी बने थे। योगदान के दौरान करीब 28 लाख दो हजार रुपये की संपत्ति नाजायज ढंग से अर्जित की। इसका कोई स्पष्टीकरण उनके पास नहीं है। इसके अलावा प्रिंस राज ने जमीन, मकान में जो निवेश किया है, उन स्थानों का स्पष्ट उल्लेख उनके द्वारा बताई गई संपत्ति में नहीं है।

प्रिंस राज को 2019 में राजस्व सेवा में सीओ के पद पर बहाल किया गया था। उनकी पत्नी अंकु गुप्ता भी अंचलाधिकारी हैं। वह शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड में कार्यरत हैं। शेखपुरा शहर के राजोपुरम कॉलोनी स्थित किराए के मकान में भी छापेमारी चल रही है।

# बिहार के छह जिलों में येलो अलर्ट जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** मौसम परिवर्तन के मिले संकेत में 19 अप्रैल तक प्रदेश में आंधी-पानी की स्थिति बनी रहेगी, जिसमें मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने प्रदेश के पश्चिम-दक्षिण के जिले बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल आदि में येलो अलर्ट जारी किया है।

ऐसी संभावना की जा रही है कि अगले 48 घंटे के अंदर जिले के एक-दो स्थानों पर तेज गति से हवा चलने एवं मेघगर्जना के साथ वज्रपात की स्थिति भी बन सकती है।

बताया जाता है कि बंगाल की खाड़ी से पूर्वी हवा नमी लेकर प्रदेश में बढ़ रही है, जिससे मौसम परिवर्तन की उम्मीद बन रही है। इसे देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख विज्ञानी डॉ. देवकरण ने किसानों को सतर्क रहने को कहा है।

बुधवार को पूरे दिन धूप खिली रही। इसके कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। सुबह भी हवा का बहाव काफी कम होने से पहले दिन से न्यूनतम तापमान में बढ़त आई है। दिन में लोग चेहरे के पसीने पोंछते दिखे।

हालांकि, पिछले दस दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहने के कारण लोग भीषण गर्मी से राहत ले रहे हैं। परंतु मौसमविदों ने इस सीजन में लू का प्रभाव अधिक बने रहने की संभावना की है।

वहीं, मानसून सीजन में सामान्य वर्षा होने की फिलहाल उम्मीद की हुई है। इधर गुरुवार एवं शुक्रवार को मौसम में होने वाले परिवर्तन को लेकर कृषि विज्ञानी ने किसानों को आगाह करते हुए कुछ सलाह दी है।

# निरीक्षण के दौरान स्कूल में तम्बाकू सेवन करते धराये प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** स्कूलों में तंबाकू का सेवन करना दंडनीय अपराध माना गया है। ऐसे में जब प्रधानाध्यापक ही स्कूल में तंबाकू का सेवन करते हुए पकड़े जाएं तो क्या कहेंगे। ऐसा ही मामला जिले के राजकीय मध्य विद्यालय बरारी बालक से सामने आया है। दरअसल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान स्कूल प्रांगण में प्रधानाध्यापक द्वारा तंबाकू का सेवन किया जा रहा था। इसके अलावा, स्कूल में कई गंभीर और अनियमितता भी मिली है। इसके बाद डीपीओ एमडीएम द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय बरारी बालक के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिनेश मंडल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसको लेकर पत्र भी जारी कर दिया गया है। जारी पत्र के अनुसार, स्कूल में विद्यालय रूटिंग का पालन नहीं किया जाता है। जिससे एक ही शिक्षक विद्यालय अवधि में एक ही कक्षा में रहते हैं। बच्चों को एफएलएन किट उपलब्ध नहीं कराई गई है, क्योंकि पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक द्वारा संख्या नहीं बताई गई की कितने बच्चों को इसका लाभ मिला है।

इसके अलावा, एक ही कमरे में बेंच डेस्क बेदर्दी तरीके से रखे हुए थे। साथ ही साथ एनजीओ के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे फल की अधिक मात्रा में मंगाकर उसे बच्चों के बीच वितरण नहीं करने से सरकारी राशि का व्यय, बच्चों के नोटबुक का भी सही तरीके से संधारण नहीं होता है। गृह कार्य की जांच नहीं होती है। ऐसे कई गंभीर अनिमियतता पाई गई है।

राजकीय मध्य विद्यालय बरारी बालक के प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के नाम पर 500 वसूली का वीडियो भी 15 अप्रैल को वायरल हुआ है। जिसमें बच्चों और अभिभावकों द्वारा स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एसएलसी के नाम पर पैसा लेने की बात कही जा रही है।

जबकि प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल जांच में डीपीओ साहब आए थे, वह अपने साथ एसएसएलसी रजिस्टर लेकर गए हैं। वहीं, डीपीओ एमडीएम द्वारा जारी स्पष्टीकरण पत्र में भी इस बात का जिक्र है कि निरीक्षण के दौरान अभिभावक द्वारा बताया गया था कि एसएलसी के नाम पर 500 की वसूली की जाती है। साथ ही साथ हर एक कार्य के लिए अलग-अलग पैसे लिए जाते हैं। इसके अलावा बच्चों से परिचय पत्र बनाने के नाम पर भी 30 रुपए लिए गए थे। जो आज तक बच्चों को नहीं मिला। साथ ही साथ बच्चों द्वारा यह भी बताया गया था की अपार आईडी जेनरेट करने के नाम पर भी स्कूल द्वारा पैसा लिया गया है।

# 100 आवेदकों का रद्द हुआ आवास योजना रजिस्ट्रेशन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए जमा आवेदनों की जांच के बाद दो 100 आवेदकों के पास पहले से पक्का मकान पाया गया है। जांच के बाद उनके आवेदन को रद कर दिया गया। वहीं, 430 आवेदक बार-बार मांगे जाने के बाद भी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। नगर निगम अब उनको समय देने को तैयार नहीं। उनके आवेदनों को भी रद किया जाएगा।

बताते चलें कि तीसरे चरण में आवास योजना का लाभ देने के लिए वर्ष 2023 में नगर निगम की ओर से आवेदन आमंत्रित किया गया था। उस समय योजना का लाभ लेने के लिए 973 लोगों ने आवेदन दिया था। लंबे समय से आवेदनों की जांच की जा रही है। अब जो रिपोर्ट सामने आई है उसके अनुसार, 973 आवेदनों में सिर्फ 343 ही सही पाए गए हैं। इनको योजना का लाभ देने के प्रक्रिया चल रही है।

इस वर्ष जनवरी में फिर से आवेदन मांगा गया तो 1128 ने आवेदन जमा किए थे। अब उनकी जांच की जा रही है। आवास योजना प्रभारी रोजी मसीह ने कहा शहर क्षेत्र में इस योजना के तहत अब तक 1710 मकान बन चुके है। मकान बना चुके सभी लाभुकों को चारों किस्त की राशि दी जा चुकी है इसके अलावा कुछ लाभुकों को दूसरी व तीसरी किस्त की राशि नहीं मिली है। मकान का काम पूरा करते ही उनको भी शेष राशि दी जाएगी।

# अधिवेशन में मुकदमों के जल्द निष्पादन की हुई बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** निगरानी से जुड़े मामलों का निपटारा पिछले वर्ष लागू किए गए नए कानून के अंतर्गत दो से तीन वर्ष में पूरा करने पर सभी पदाधिकारी फोकस करें। ये बातें निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने मुख्य सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करने के दौरान कही।

निगरानी विभाग की तरफ से जिला निगरानी कोषांग/उड़नदस्ता दल की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें मौजूद विभागीय अधिकारी तथा सभी जिलों से आए पदाधिकारी समेत को अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिला निगरानी के अंतर्गत दर्ज मामलों की सतत मॉनीटरिंग करें। इसकी जांच समय पर पूरी करें और दोषियों को सजा दिलाकर मामले का निपटारा जल्द से जल्द कराने की कवायद तेज करें। एसीएस चौधरी ने कहा कि सभी जिलों में मौजूद निगरानी कोषांग भ्रष्ट पदाधिकारियों की पहचना करें। इनकी अवैध संपत्ति की जांच कर निगरानी को कार्रवाई के लिए पहल करें। सभी सरकारी कार्यों का निष्पादन स्वच्छ तरीके से जिला स्तर पर हो, इसके लिए निगरानी कोषांग पूरी मुस्तैदी से मॉनिटरिंग करें। सरकारी कार्यालयों में दलालों और बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई करें। ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी तरह की समस्या न आए। इस मौके पर अधिकारियों ने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से निगरानी से जुड़ी कार्रवाई और भ्रष्टाचार से संबंधित स्थिति और इस पर कार्रवाई की पूरी विस्तृत जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों और कानून के जानकारों ने भ्रष्टाचार निवारण कानून और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी दी।

सभी जिले निगरानी कोषांग से जुड़ी हेल्प लाइन नंबर को संचालित करें। इसका एक मोबाइल नंबर भी सभी को जारी करने के लिए कहा गया। जल्द ही सभी डीएम को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि कुछ जिलों मसलन भागलपुर, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, रोहतास, अरवल और पूर्णिया में यह हेल्प लाइन नंबर कार्यरत नहीं है। इसका कारण उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से पूछा और इसे जल्द चालू करने के लिए संबंधित जिलों के डीएम से मिलकर क्रियान्वित करने को कहा। सभी जिलों में मौजूद निगरानी कोषांग के पदाधिकारियों को नियमित बैठक करके मामलों की समीक्षा करने को कहा। जिन मामलों में आरोप-पत्र लंबित हैं, उन्हें जल्द दायर करें। उन्होंने सभी जिलों को तैयार ऑनलाइन पोर्टल पर परिवाद को दर्ज करने और इसका जवाब भी इसी पर देने आदेश दिया।

इस कार्यशाला को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर निगरानी कोषांग में मौजूद तीनों पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी, मैजिस्ट्रेट और इंजीनियर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में मिलकर त्रिशक्ति की तरह काम करें। यहां से प्रशिक्षण लेकर जाएं और भ्रष्टाचार निरोधक कानून समेत अन्य संबंधित कानून में प्रभावी तरीके से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निगरानी ब्यूरो इस बार एकदम एक्शन मोड में है। पिछले वर्ष जहां 15 भ्रष्ट लोकसेवकों के प्रति ट्रैप, डीए और पद का गलत दुरुपयोग (एओपीए) करने को लेकर कार्रवाई की गई थी। वहीं, इस वर्ष अब तक 14 कार्रवाई की जा चुकी है। आने वाले दिन में कार्रवाई की संख्या तेजी से बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में जिला कोषांग को पूरी तरह से सक्रिय रहकर प्रभावी तरीके से कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

इस मौके पर विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) के अपर मुख्य सचिव (एडीजी) पंकज कुमार दाराद ने कहा कि नए कानून में दर्ज प्रावधानों के अनुसार ही भ्रष्ट पदाधिकारियों पर कार्रवाई करें। किसी भी छापेमारी, ट्रैप या अन्य कार्रवाई का डिजिटल साक्ष्य रखें। इसके लिए आधुनिक एवं खुफिया कैमरे समेत अन्य उपकरणों का उपयोग करें। इस कार्यशाला में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की डीआईजी एस प्रेमलथा, डीआईजी नवीन चंद्र झा, डीआईजी विकास कुमार, डीआईजी मृत्युंजय कुमार चौधरी, निगरानी विभाग की संयुक्त सचिव (विधि) अंजु सिंह, तकनीकी परीक्षक कोषांग के अभियंता प्रमुख (प्र.) राज कुमार, विशेष निगरानी इकाई के पुलिस अधीक्षक जेपी मिश्रा, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार विश्वास, पुलिस अधीक्षक मो. सैफुर्र रहमान, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक बमबम चौधरी और विधि पदाधिकारी नरेंद्र कुमार राय मौजूद थे।

# लव मैरिज में आये ट्वीस्ट से पुलिस भी हुई हैरान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवगछिया।** नवगछिया पुलिस के महिला थाना से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां लखीसराय की एक महिला ने पति से तलाक लेने के लिए अजीबोगरीब तरकीब निकाली। भवानी कुमारी उर्फ मोना कुमारी का प्रेम विवाह यूपी के कन्नौज के रहने वाले जय प्रकाश दुबे के साथ वर्ष 20 जून 2023 को हुआ था।

शादी के बाद दोनों का एक वर्ष का बच्चा भी है, लेकिन धीरे-धीरे मोना का जय प्रकाश के प्रति प्रेम कम होने लगा। कन्नौज में ही नवगछिया के खरीक थाना क्षेत्र के कठेला गांव निवासी कुणाल कुमार से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मोना पति और बच्चे को छोड़ अपने नए प्रेमी कुणाल के साथ नवगछिया पहुंच गई।

उसके बाद मोना ने अपने पति से छुटकारा पाने और तलाक लेने लिए एक तरकीब निकाली और अपने पति के खिलाफ उसने नवगछिया एसपी कार्यालय में एक आवेदन दिया। उसमें उसने बताया कि उसका पति जय प्रकाश दुबे उसे फोन पर धमकी देता है जिसके बाद नवगछिया एसपी ने मामले को नवगछिया महिला थाने को अग्रसारित कर दिया।

महिला थाना प्रभारी नीता कुमारी ने महिला और उसके प्रेमी को थाने बुलाया। उन्होंने उसके कन्नौज निवासी पति को भी थाने पर बुलाकर सभी से पूछताछ की। इस दौरान मोना कुमारी ने पुलिस को बताया कि उसने पति से तलाक लेने और उसे नवगछिया बुलाने के लिए ही पति के खिलाफ आवेदन दिया था।

उसे लगा था कि यदि वो पुलिस को अपने पति के खिलाफ आवेदन देगी तो पुलिस उसके पति को नवगछिया जरूर बुलाएगी और नवगछिया आने पर वह अपने पति से तलाक लेगी, लेकिन महिला थाना प्रभारी कुमारी नीता ने महिला की इस चाल को समय रहते आंक ली।

# लव मैरिज के दौरान सिविल कोर्ट में मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले की सिविल कोर्ट में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। जब एक लड़की को बुर्का पहनाकर शादी करने के लिए एक प्रेमी जोड़ा कोर्ट में आ गया। बताया जा रहा है कि नोटरी के ग्राउंड पर शादी की कार्रवाई हो रही थी। मामले की भनक अचानक ही कुछ हिंदूवादी संगठनों के लोगों को लग गई। उसके बाद पूरे कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई है।

इस दौरान शादी करवाने वाले लोग और अधिवक्ता ने इसका विरोध किया और खूब नोक-झोंक हुआ। दोनों में मारपीट की स्थिति बन गई। इस दौरान कोर्ट में मौजूद पुलिसकर्मी ने बीच-बचाव करते हुए कोर्ट के हाजत में रखा गया है। मामले में नगर थाना की पुलिस को जानकारी दी गई है।

यह बताया जा रहा है कि सीतामढ़ी के रहने वाले एक लड़का और लड़की अचानक कोर्ट में आए और दोनों नोटरी के ग्राउंड पर शादी करने के लिए पहुंचे हुए थे। लड़की मुस्लिम समुदाय की बुर्का पहने हुई पहुंची हुई थी, जिसके बाद कुछ लोग भड़क गए थे। अचानक इसकी जानकारी लड़की के जान पहचान वाले को लग गई, जिसके बाद मौके पर कोर्ट में भारी हंगामा शुरू हो गया था।

देखते-देखते कोर्ट में मारपीट शुरू हो गई। हिंदूवादी संगठन के लोगों का कहना है कि कोर्ट में जिस लड़की को गलत तरीके से शादी करवाई जा रही थी, वह लड़की हिंदू समाज की लड़की है और उसको बुर्का पहनाया गया था। यह कुछ और नहीं बल्कि लव जिहाद का मामला है। इस मामले में कार्रवाई किया जाना चाहिए।

इस मामले में अधिवक्ता कमलेश कुमार ने कहा कि कोर्ट के अंदर शादी के लिए जो नियम हैं, उसका उल्लंघन किया जा रहा था। प्रथम दृष्टया मामला लव जिहाद का है। क्योंकि हिंदू लड़की को बुर्का पहना करके कोर्ट में लाया गया था। यह पूर्णतया गलत है और इसमें कोर्ट में शादी का नियम है, उसका उल्लंघन है। क्योंकि गलत दस्तावेज और नोटरी के ग्राउंड पर शादी कर रहे थे। जबकि कोर्ट में इस तरह का शादी का नियम नहीं है। प्रथम दृश्य मामला लव जिहाद का है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## तलाकशुदा महिला को झांसा में लेकर दुष्कर्म

**किशनगंज** ।जिले में एक तलाकशुदा महिला के साथ शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक महिला को एक व्यक्ति ने बहला फुसलाया और शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। जहां महिला ने पहाड़कट्टा थाने में आवेदन देते हुए बताया कि वो तलाकशुदा है और उनके दो बच्चे हैं। वो अपने बच्चों के साथ भाड़े के मकान पर रहती है और छत्तरगाछ हाट में एक छोटा सा मिट का दुकान चलाकर अपना भरण पोषण करती है। वहीं, उसकी मुलाकात छत्तरगाछ हाट के ठेकेदार कमल गुप्ता से हुई। कमल गुप्ता पर महिला ने आरोप लगाया कि उनके बच्चों को पिता का सहारा देने और शादी करने का व्यक्ति ने झांसा दिया था। करीब एक से दो साल तक व्यक्ति ने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाया और जबरन गर्भपात भी करवाया।

## जापान के राजदूत ने लिया लिट्टी चोखे का स्वाद

**पटना।** बिहार का लिट्टी चोखा अब सिर्फ बिहार और देश में ही फेमस नहीं रहा है, बल्कि यह इंटरनेशनल हो गया है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि दूसरे देश से आने वाले नेता और अधिकारी भी मान रहे हैं।

दरअसल, भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो बिहार के मशहूर व्यंजन लिट्टी चोखा के मुरीद हो गए। और इसका लुत्फ उठाते हुए अपनी एक वायरल तस्वीर ऑनलाइन शेयर करते हुए जमकर तारीफ की है।

ओनो ने सोमवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर अपने अनुभव के बारे में पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने पारंपरिक व्यंजन को 'विश्व प्रसिद्ध' बताया और लिखा कि नमस्ते, बिहार! आखिरकार विश्व प्रसिद्ध लिट्टी चोखा को चखने का मौका मिला। 'गजब स्वाद बा' बता दें कि हाल में ही भारत में जापान के राजदूत बिहार के गया आए थे। जिसके बाद उन्होंने यहां पर कई जगहों का भ्रमण किया था। साथ ही उन्होंने इस दौरान बिहार की फेमस डिश लिट्टी चोखा का स्वाद लिया था।

# बिहार के 12 जिलों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा अब राज्य के बाहर संगठन का विस्तार करने को उत्सुक है। 14-15 अप्रैल को यहां खेलगांव में संपन्न हुए पार्टी के 13वें महाधिवेशन में इस निमित्त राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार करेगी।

सबसे पहले पड़ोसी राज्यों में पैठ बढ़ाने की कवायद शुरू की गई है। झामुमो की नजर बिहार और बंगाल विधानसभा के आगामी चुनाव पर है। बिहार में इसी वर्ष चुनाव होना है, जबकि बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव निर्धारित है। झामुमो ने दोनों राज्यों में अपना उम्मीदवार उतारने की भी बात कही है।

बिहार-बंगाल से सटे झारखंड के सीमावर्ती जिलों में संगठन को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया है। झामुमो के इस कदम से लालू यादव और ममता बनर्जी असहज हो सकते हैं। बिहार के जमुई, कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुल और बांका में संगठन को सक्रिय करने का निर्देश किया गया है। झामुमो कम से कम 12 सीटों पर उम्मीदवार देना चाहता है। पार्टी इस संबंध में राजद समेत अन्य साथी दलों के साथ तालमेल को इच्छुक है। झारखंड में राजद हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में शामिल है।

ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच तालमेल की गुंजाइश है, लेकिन सीटों की संख्या को लेकर फैसले पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

### ▶ असहज हो सकते हैं लालू-ममता

### ▶ भाजपा शासित राज्य भी निशाने पर

इसके अलावा, झारखंड से सटे बंगाल के झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, अलीपुरद्वार, पश्चिम वर्धमान और वीरभूम जिलों में संगठन को सक्रिय किया जाएगा। इन क्षेत्रों में झामुमो पहले भी प्रत्याशी देता रहा है।

हालांकि, बंगाल विधानसभा के पिछले चुनाव में झामुमो ने अंतिम समय में तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देने का निर्णय किया था। इन इलाकों में आदिवासी आबादी बहुतायत में है और झामुमो का उसपर गहरा प्रभाव भी है। ऐसे में झामुमो का रुख तृणमूल कांग्रेस के लिए मायने रखता है।

झारखंड से सटे भाजपा शासित राज्यों पर भी झामुमो की नजर है। ओडिशा के मयूरभंज, क्योंझर और सुंदरगढ़ जिले में संगठन की सक्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा असम में पार्टी नेताओं का दौरा आरंभ होगा। उल्लेखनीय है कि असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने पिछले वर्ष हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में लगातार कैंप किया था। उन्हें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी थी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने असम में झारखंडी मूल के आदिवासियों को जनजातीय का दर्जा देने के लिए मुहिम चलाने की भी घोषणा की है।

# मामला तूल पकड़ने पर बनायी गयी जांच कमेटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार के मगध प्रमंडल के सबसे बड़े अस्पताल अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिस्चार्ज के नाम पर मरीज से पैसे मांगे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में खबर होने के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी बनाई है।

मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज को डिस्चार्ज करने की एवज में आठ हजार रुपये मांगे जाने के मामले में अस्पताल अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। जांच कमेटी में सर्जरी हेड डॉ. एके झा सुमन, आई विभाग के हेड डॉ. मोहम्मद जावेद और एनेस्थीसिया हेड डॉ. प्रेम शंकर तिवारी शामिल हैं।

अमर उजाला द्वारा खबर चलाए जाने के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ. सिन्हा ने फोन पर कार्रवाई की जानकारी दी थी। कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। सोमवार को अंबेडकर जयंती की छुट्टी है। मंगलवार को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से अस्पताल से डिस्चार्ज के नाम पर आठ हजार रुपये की मांग की गई है।

यह आरोप अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी पर लगाया गया था। मामले को लेकर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एनके पासवान से भी शिकायत की गई थी।

जानकारी के अनुसार, गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत जयगीर गांव की रहने वाली गुड़िया कुमारी अपने पति पंकज कुमार के साथ नाक का आपरेशन कराने मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल आई थी। अब वार्ड के स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा आठ हजार रुपये की मांग किया जा रहा है। पीड़िता ने अधीक्षक डॉ. एनके पासवान को बताया कि आपरेशन के क्रम में दवा और अन्य सामान लाने में साढ़े तीन हजार खर्च हो गया। अब आठ हजार कहा से आए। इंतजाम नहीं हो सकता है।

हालांकि, इस संबंध में उपाधीक्षक डॉ. एनके पासवान ने संबंधित वार्ड के नर्सिंग इंचार्ज को बुलाया गया।

# राजनीति के चौसर में किस्मत आजमाने उतरे एक और अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*__पटना।__ सियासत की चकाचौंध सिर्फ नेताओं को नहीं, बल्कि पुलिस सेवा के अफसरों को भी रास आती है। यही वजह है कि सेवा की अवधि समाप्त होने या फिर ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर राजनीति में प्रवेश करने वाले अफसरों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है।*

*बुधवार को रेल सुरक्षा बल के आईजी रैंक के अधिकारी मो. नुरुल होदा ने मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी की सदस्यता लेकर राजनीति में कदम रखा है।*

*नुरूल होदा अकेला नाम नहीं है। कुछ दिन पूर्व ही आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने वीआरएस लेकर राजनीति में कदम रखा और अपनी पार्टी 'हिंद सेना' का गठन किया है।*

*असम कैडर के आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने पिछली बार ही राजनीति में प्रवेश किया था। इनके अलावा, तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद करुणा सागर ने 2020 के चुनाव में राजद की सदस्यता ग्रहण की थी।*

*विधानसभा के पिछले दो चुनावों की परिस्थिति एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न थी। अलबत्ता एक समानता तटस्थ मतदाताओं को लेकर रही, जो आमने-सामने के दोनों गठबंधनों से इतर तीसरे विकल्प की तलाश में थे। उनकी संख्या 20-25 प्रतिशत रही है।*

*उन्हीं एक चौथाई मतदाताओं के बूते चुनावी चौसर पर इस बार भी नए मोहरे उछलने लगे हैं। पिछले सात महीनों में चार नए दलों का गठन हो चुका है, जो विधानसभा चुनाव में दांव आजमाएंगे।*

*जातीय और क्षेत्रीय आधार पर दलों के बनने-बिगड़ने की परंपरा प्रायः हर चुनाव में रही है, लेकिन इस बार जोर-जोश कुछ अधिक ही है। ऐसा तब जबकि इक्का-दुक्का उदाहरण को छोड़ शेष प्रयोग बहुत सफल नहीं रहे। बहरहाल नवगठित दलों में एकमात्र जन सुराज पार्टी (जसुपा) ही तनिक दमदार प्रतीत हो रही।*

*विधानसभा की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में 10 प्रतिशत मत पाकर उसने इसका आभास भी कराया है। उससे पहले रूपौली के उपचुनाव में निर्दलीय शंकर प्रसाद की जीत में उसकी रणनीति का बड़ा योगदान रहा है। शेष तीनों दल (आसा, हिंद सेना और आईआईपी) भी उसी की तरह प्रभावी हों, इस पर संशय है।*

*2020 में 0.3 प्रतिशत वोट पाने वाली पुष्पम प्रिया की प्लूरल्स पार्टी इसका प्रमाण है। वह जिन 102 सीटों पर मैदान में थी, उनमें से मात्र तीन में तीसरे स्थान पर रही। तब 212 पार्टियां मैदान में थीं। आमने-सामने के गठबंधन (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन) को 74.49 प्रतिशत मत के साथ 235 सीटें मिली थीं।*

*पान के कारोबार और कताई-बुनाई के काम से जुड़े तांती-ततवा समाज में अपना भविष्य देख रही इंडियन इन्किलाब पार्टी (आईआईपी) का प्रभाव अनिश्चित है। इक्का-दुक्का सीटों पर आईआईपी समाज विशेष के दृष्टिकोण को थोड़ा-बहुत प्रभावित कर सकती है, क्योंकि आधार जनसंख्या 18-20 लाख से अधिक नहीं।*

*हिंद सेना का गठन करने वाले महाराष्ट्र के मूल निवासी शिवदीप लांडे पर तो पहले से ही बाहरी का ठप्पा लगा हुआ है। बचे आरसीपी सिंह के लिए 2005 का दृष्टांत उचित होगा। तब रामविलास पासवान के साथ मिलकर रंजन यादव ने राजद को काफी नुकसान पहुंचाया था।*

*उससे पहले तक वे लालू के विश्वस्तों में हुआ करते थे। संभव है कि आरसीपी सिंह भी जदयू के लिए ऐसी मंशा रखते हों, लेकिन इसके लिए उन्हें विरोधी गठबंधन के साथ समन्वय बनाना होगा। उसकी संभावना नहीं के बराबर है।*

# अज्ञात ट्रैक्टर ने पिता-पुत्र को कुचला, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बेनार-सकसोहरा मुख्य मार्ग पर रंजना पेट्रोल पंप के निकट एक अज्ञात ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे पिता-पुत्र को बुरी तरह से कुचल दिया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों की जान चली गई।

दर्दनाक हादसा इस दुर्घटना में, पुत्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान जहाना गांव के निवासी ब्रजेश पांडेय (72) और उनके पुत्र राजेश पांडेय (35) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिता और पुत्र दोनों भैंस का बच्चा लेकर बेनार की ओर से आ रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को दोनों पिता-पुत्र सारे थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव में भैंस खरीदने गए थे और वहीं से भैंस खरीदकर पैदल अपने गांव जहाना लौट रहे थे। वापसी के दौरान यह दुखद घटना हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि ब्रजेश पांडेय अपने पूरे परिवार के साथ 14 साल पहले जहाना गांव में आकर बसे थे। दोनों पिता-पुत्र जहाना गांव के शिव मंदिर में पुजारी थे।

राजेश पांडेय अपने पीछे सात साल और तीन साल की दो बेटियां और एक छह महीने का नवजात बेटा छोड़ गए हैं।

अचानक घर के कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता और पुत्र की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन की खोज जारी है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दोहरे हत्याकांड के आरोपी ने बुजुर्ग पर किया खूनी हमला, धारदार हथियार से कई जगह काट डाला

**बलिया , एजेंसी।** बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र के अमडरिया गांव में बुधवार की सुबह खेत में शौच करने जा रहे गांव निवासी जनार्दन राम (60) पुत्र स्व. बाल गोविंद राम को रास्ते में रोककर गांव के ही राधेश्याम (55) पुत्र स्व. प्रभु ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया।

जनार्दन राम के चिल्लाने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और किसी तरह से उनकी जान बचाई। इधर, जान लेने पर अमादा राधेश्याम को गांववालों ने पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस हमलावर को लेकर थाने चली गई।

घायल जनार्दन राम को इलाज के लिए जिला चिकिकित्सालय भेजवाया। इधर, इस घटना को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। गांववालों ने बताया कि हमलावर राधेश्याम सनकी किस्म का है। बताया कि वह दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट कर दो साल पूर्व घर आया है। वर्ष 2006 में वह अपने चचेरे भाई विजय व उसकी पत्नी देवांती को धारदार हथियार से काटकर मौत की नींद सुला दिया था।

घटना के संदर्भ में किसी भी तरह के विवाद से इंकार करते हुए गांववालों ने बताया कि जनार्दन राम को खेत के तरफ जाते देख राधेश्याम उन्हें गाली देते हुए उनपर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, आलाकत्ल दिखाने की बात कहकर ले गया था

**गाजीपुर , एजेंसी।** गाजीपुर के खानपुर पुलिस थाना क्षेत्र के उचौरी डबल मर्डर का आरोपी और 50 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपी के कब्जे से पिस्टल, 2 खोखा कारतूस और एक कारतूस बरामद किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डबल मर्डर में शामिल आरोपी और उचौरी निवासी शाहिल उर्फ बिल्लू का हाथ-पैर बंधाकर किसी ने उचौरी में छोड़ दिया है। मौके पर पहुंच कर अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी खानपुर ले ले गई। स्वाट टीम को भी बताया। संयुक्त रूप से अभियुक्त से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई। आलाकत्ल के संबंध में अभियुक्त ने बताया कि उसे सैदपुर क्षेत्र में छिपा कर रखा है। आलाकत्ल की बरामदगी के लिए अभियुक्त की निशानदेही पर मौके पर जाया गया। जहां बरामदगी के उपरांत धोखे से उसी आलाकत्ल से अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

बचाव में पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### सगी बेटी का किया पांच लाख में सौदा

#### किशोरी बोली- युवक ने खरीदकर दो दिन किया दुष्कर्म... मैं चंगुल से निकल आई

**प्रयागराज , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी के करारी इलाके की एक किशोरी ने अपने माता-पिता पर बिचौलिए की मदद से उसे पांच लाख रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। कहा कि एटा निवासी युवक ने खरीदने के बाद दो दिन तक उसके संग दुष्कर्म किया है। मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ मंझनपुर जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार 13 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि गांव बिहरोजपुर निवासी कमलेश पासी उसके घर आता था। कई बार वह एटा जिले के राजा कोतवाली के नगला रामपुर गांव निवासी कर्मवीर यादव को भी साथ लेकर आता था। 14 मार्च 2025 को भी दोनों घर आए। शाम को माता-पिता ने उन्हें खाना खिलाया। उस दिन नींद व चक्कर आने पर जल्दी सो गई।

# नेशनल हेराल्ड मामलाः यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सांविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही भाजपा, हम डरेंगे नहीं

**लखनऊ , एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार की हर करतूत उजागर हो रही है। जनता त्रस्त है। सांविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे जनता का ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, कांग्रेस नेता इससे डरने वाले नहीं हैं, वे डटकर जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करना एक निरंकुश तानाशाह की खीज का सुबूत है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सांविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर बदले की भावना से कार्रवाई कर रहे हैं।

राय ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जनता से जुड़े सवाल पूछने से घबराई भाजपा सरकार द्वेष पूर्ण कार्रवाई पर उतर आई है। हालत यह है कि प्रदेश में दलितों व बेटियों को जिंदा जलाया जा रहा



है। यूपी सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम है।

**कांग्रेस की सदस्यता ली-** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष विभिन्न दलों से आए नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में कानपुर से सर्वेश जायसवाल, नवीन चतुर्वेदी, शैलेंद्र शुक्ला, आदित्य मेहरोत्रा, आशुतोष त्रिपाठी आदि शामिल थे।

### वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा पत्र; जताई नाराजगी

वाराणसी के जिला कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समर्थन में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार जान-बूझकर नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं को फंसाने का प्रयास कर रही है, जबकि अब तक इस मामले में कोई ठोस तथ्य या आरोप सिद्ध नहीं हुआ है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है, जिसका उद्देश्य केवल कांग्रेस और उसके शीर्ष नेताओं को बदनाम करना है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने कहा कि न तो किसी संस्था और न ही किसी व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई प्रमाण मिला है, बावजूद इसके राहुल गांधी और सोनिया गांधी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा ओढ़कर एक प्रायोजित अपराध है। इस मुखौटे के पीछे मोदी और शाह हैं।

### दुनिया के हालात बदलेंगे यूपी के डिफेंस सेक्टर की तस्वीर, 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों का होगा निर्यात



**लखनऊ , एजेंसी।** दुनिया भर में रक्षा के मामले में देशों के आत्मनिर्भर बनने की प्रवृत्ति ने डिफेंस सेक्टर को सात गुना बढ़ा दिया है। यही वजह है कि रक्षा क्षेत्र के उद्यमी यूपी के डिफेंस कॉरिडोर को विश्व के प्रमुख निर्यातक बाजार के रूप में देख रहे हैं। अगले चार वर्ष में सिर्फ यूपी से 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों का निर्यात होगा।

प्रदेश में डिफेंस सेक्टर में ड्रोन, जहाज से लेकर तोपें और गोला बारूद बन रहे हैं। विश्व में अनिश्चितता का माहौल है। रही-सही कसर अमेरिका की टैरिफ नीति ने पूरी कर दी है। इससे देशों में आत्मनिर्भर बनने की होड़ मची है। हर मुल्क इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है। वैश्विक उथल-पुथल के बीच यूरोपीय देशों में हथियारों की खरीद तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सबसे तेजी से डिफेंस कॉरिडोर विकसित करने का लाभ यूपी को मिल सकता है। इस सेक्टर में असीम संभावनाएं हैं। ये आंकलन रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों का है।

एमकेयू के चेयरमैन मनोज गुप्ता कहते हैं कि डिफेंस कॉरिडोर के साथ एक्सप्रेसवे के किनारे भी रक्षा इकाइयों को जमीन देने से राज्य के रक्षा उत्पादों के निर्माण में 20 फीसदी की ग्रोथ अगले एक साल में आएगी।

उन्होंने कहा कि अदाणी, ब्रह्मोस, भारत डायनामिक के साथ 50 से ज्यादा रक्षा उत्पादक कंपनियों ने यूपी में निवेश किया है। कुछ में उत्पादन भी शुरू हो गया है। अमेरिका की टैरिफ रणनीति के बाद वहां से उत्पाद महंगे होंगे, लेकिन भारत में सस्ते होंगे। रक्षा उद्यमी अविनाश सिंह का मानना है कि सरकारी नीतियों ने इस सेक्टर की ग्रोथ में तेज वृद्धि की है। यही वजह है कि अगले चार वर्ष में सिर्फ यूपी से 25 हजार करोड़ के रक्षा उत्पादों को निर्यात होने का अनुमान है।

**लोकबंधु अस्पताल में हादसाः**

# आग की लपटों से डरकर ऊपर से कूदना चाहते थे लोग, दमकल ने बचाया

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकबंधु अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलते ही सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह व अन्य फायर अफसर आठ गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए थे। एफएसओ आलमबाग ने देखा कि कुछ लोग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर मदद के लिए चीख पुकार मचा रहे थे। वह आग से बचने के लिए कूदने को तैयार थे। यह देख आननफानन एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत के नेतृत्व में चार टीमें गठित की गईं। दो टीमें अस्पताल को दोनों ओर से घेर कर आग बुझाने में जुट गई थीं। इस बीच एफएसओ आलमबाग दूसरी मंजिल पर फंसे लोगों को ढांढस बंधाते रहे। वह और फायरमैन रजनीश व पुष्पेंद्र सीढ़ियां लगाकर दूसरी मंजिल पर पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले गंभीर मरीजों को अपने कंधों पर उठाकर बाहर निकाला।



दूसरी टीम में सुशील कुमार व तीसरी टीम में एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह भी लोगों को बचाने में जुट गए थे। राहत कार्य के दौरान एफएसओ हजरतगंज के हाथ और पैर में कांच लगने से वह जख्मी हो गए।

**केमिकल से और जहरीला हो चुका था धुआं-** सीएफओ ने बताया कि वार्डों में रखी दवाओं और केमिकल के कारण धुआं और जहरीला हो चुका था। ऐसे में टीम को ज्यादा दिक्कत हुई।

**पांच घंटे चला रेस्क्यू-** रेस्क्यू कार्य पांच घंटे तक चला। हालांकि दमकल कर्मियों ने चार ही घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया था। इस बीच अस्पताल व आईसीयू में मौजूद डॉक्टरों ने भी दमकल कर्मियों की मदद की थी।

**दमकल अधिकारी और कर्मचारियों की बिगड़ी तबीयत-** ऑक्सीजन डेफिशिएंसी और अत्यधिक तापमान में रेस्क्यू के चलते सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार, एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह, एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह, एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार, फायरमैन राकेश गुप्ता, विवेक कुमार, प्रवेश कुमार व रजनीश सिंह की तबीयत बिगड़ गई।

## आईआईएम लखनऊ के नए निदेशक बने मनमोहन प्रसाद गुप्ता

**23 अप्रैल को ग्रहण करेंगे पदभार**

**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ को नया निदेशक मिल गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी-डी) के प्रोफेसर मनमोहन प्रसाद गुप्ता को नया निदेशक बनाया गया है। वह जल्द ही अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इस संबंध में आईआईएम लखनऊ की ओर से भी पुष्टि कर दी गई है। वह संभवतः 23 अप्रैल तक अपना कार्यभार संभाल लेंगे।



आईआईएम लखनऊ के नए निदेशक को लेकर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन की ओर से बीते 11 अप्रैल, 2025 को लिखे गए पत्र से भी हुई थी। 14 अप्रैल को बीओजी सचिव द्वारा प्रसारित एक आंतरिक ईमेल के माध्यम से संकाय और कर्मचारियों को नियुक्ति के बारे में सूचित किया गया।

प्रोफेसर गुप्ता 23 अप्रैल, 2025 को पांच साल के कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। बता दें कि प्रोफेसर गुप्ता कई वर्षों से आईआईटी दिल्ली से जुड़े रहे हैं और उन्होंने अनुसंधान, शिक्षण और संस्था निर्माण में व्यापक योगदान दिया है।

आईआईएम दिल्ली में अभी संभाल रहे इस पद को वर्तमान में प्रो. मनमोहन वर्तमान में आईआईटी दिल्ली के प्रबंधन अध्ययन विभाग में मोदी फाउंडेशन चेयर पर्सन हैं और प्रबंधन विज्ञान के क्षेत्र में अपने काम के लिए व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं।

**पहली बार इस तरह का बदलाव-** बता दें कि ये पहली बार होगा कि किसी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रोफेसर को भारत के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में से एक का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है।

**चार अप्रैल 2024 से खाली था पद-** आईआईएम लखनऊ के निदेशक पद पर अभी तक तैनात रही प्रोफेसर अर्चना शुक्ला का कार्यकाल पिछले 4 अप्रैल 2024 को ही समाप्त हो गया था लेकिन उन्हें एक साल का अंतरिम सेवा का अवसर मिला था।

## संभल दरगाह विवादः राजस्व विभाग की टीम ने 40 बीघा भूमि कब्जा मुक्त कराई, जांच में मिली गड़बड़ी, अब देंगे नोटिस

**मुरादाबाद , एजेंसी।** तहसील चंदौसी क्षेत्र के गांव जनेटा में दरगाह की भूमि सरकारी होने की शिकायत के बाद मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। तहसील के अधिकारियों की मौजूदगी में दरगाह से सटी 40 बीघा भूमि को प्रशासन ने पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराया। तालाब की 100 बीघा से अधिक भूमि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस भूमि पर किसानों ने फसल बो कर कब्जा कर रखा है। प्रशासन ने जेसीबी चला कर निशान लगाए हैं। साथ ही किसानों को नोटिस जारी किए जाएंगे। एसडीएम निधि पटेल के मुताबिक डीएम को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि गांव जनेटा के जावेद मोहम्मद ने डीएम को शिकायतीपत्र दिया था। जिसमें बताया कि गांव जनेटा में आस्ताना आलिया कादरिया नौशहिया दरगाह है। दरगाह के आसपास काफी भूमि को सरकारी बताया गया था। जिस पर दरगाह के मुतवल्ली शाहिद मियां पर दरगाह की भूमि पर अवैध कब्जा करने और फर्जी मुतवल्ली बनकर मेले के माध्यम से अवैध उगाही करने का आरोप लगाया था।

मंगलवार को एसडीएम निधि पटेल और तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के साथ चार कानूनगो समेत 15 सदस्यों की राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दरगाह गाटा संख्या 33, 34 व 35 तथा तालाब गाटा संख्या 22 व 23 में है। दरगाह से सटे तालाब की भूमि जहां नेजा मेला लगाया जाता है। उस भूमि की पैमाइश कराई। पैमाइश में तालाब की लगभग 100 बीघा से अधिक भूमि पाई गई। इस भूमि पर किसानों का कब्जा पाया गया। जिसमें फसल खड़ी थीं।

## धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर काम करे यूपी सरकार, मायावती ने प्रदेश सरकार पर कसा तंज

**लखनऊ , एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी व उत्तराखंड सरकारों को धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए जिसमें समाज के सभी वर्गों का हित निहित है लेकिन योगी सरकार भी पूर्ववर्ती सपा की सरकार की तरह ही कुछ क्षेत्र और कुछ लोगों के लिए समर्पित नजर आ रही है। मायावती बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में यूपी व उत्तराखंड के नेताओं को संबोधित कर रही थीं।




इस मौके पर उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीतिक दलों में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाने की होड़ लगी रही लेकिन उनके अनुयायियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनकी हत्या की जा रही है और आंबेडकर की प्रतिमाओं को तोड़ा जा रहा है। मायावती ने यूपी व उत्तराखंड स्टेट के पार्टी संगठन की समीक्षा की और दो मार्च की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट भी ली।

**भारत को अपने आत्मसम्मान के साथ समझौता नहीं करना चाहिए-** मायावती ने भारत सहित दुनिया के अलग-अलग देशों पर लगाए गए ट्रंप टैरिफ के कारण आ रही चुनौतियों पर कहा कि ऐसे समय में केंद्र व राज्य की सरकारों को संकीर्ण राजनीतिक हितों को किनारे रखकर देश हित में काम करना चाहिए और देश के आत्मसम्मान के साथ समझौता नहीं करना चाहिए।

## प्रतापगढ़ में धमाका, गैस रिसाव से ब्लास्ट के साथ लगी आग, दो परिवार के आठ लोग झुलसे; दीवार जमीदोज



**प्रतापगढ़ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में गैस रिसाव से धमाके के साथ एक घर में आग लग गई। घटना में दो परिवार के आठ लोग झुलस गए। कमरे की दीवार जमींदोज हो गई। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, उदयपुर थाना इलाके के भंवरी गांव में अशोक कुमार का परिवार खाना खाने के बाद रात दस बजे एक ही कमरे में सो रहा था। इस बीच कमरे में ही रखे गैस सिलेंडर में रिसाव शुरू हो गया। धीरे-धीरे पूरे कमरे में गैस भर गई।

रात 2 बजे के करीब गैस का प्रेशर इतना बढ़ा कि अशोक के कमरे में जोरदार धमाका हो गया। धमाके के बाद आग लग गई और अशोक समेत पत्नी रेनू, पुत्र सनी, रवि और किशन झुलस गए। धमाके के चलते अशोक के कमरे की पक्की दीवार भी दो तरफ से धराशायी हो गई। दीवार गिरते ही बगल के कमरे में सो रहे भाई विजय की पत्नी गीता, उनकी दोनों बेटियां प्रिया व रियांशी भी झुलसकर घायल हो गए। दोनों कमरों के बीच बनी दीवार धमाके में गिरने के बाद भाई विजय के परिवार के लोग भी चपेट में आ गए।

रात दो बजे हुई घटना के आठ घायलों को सांगीपुर सीएचसी लाया गया। यहां हर गंभीर देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। कुछ घायलों की हालत नाजुक भी बताई जा रही है। गनीमत रही कि गैस सिलेंडर में धमाका नही हुआ, वर्ना बड़ी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता था।

# सांसद बर्क बयान दर्ज करवाने लखनऊ पहुंचे, कहा- जवाब देना मेरा कर्तव्य.. न्याय जरूर मिलेगा

**संभल , एजेंसी।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल में आरोपी बनाए गए संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंच गए हैं। वह न्यायिक जांच आयोग के सामने अपना बयान दर्ज करवाएंगे। आयोग ने सांसद और विधायक के बेटे को लखनऊ स्थित कार्यालय में बुधवार को पेश होने के लिए कहा था।



उधर मीडिया से बात करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क ने कहा कि न्यायिक आयोग ने मुझे बुलाया है। उनका जवाब देना मेरा कर्तव्य है। मुझे उम्मीद है कि न्याय जरूर मिलेगा। इससे पहले पांच अप्रैल को न्यायिक जांच आयोग द्वारा सांसद और विधायक के बेटे को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन वह नहीं पहुंचे थे। इसके बाद समय को बढ़ा दिया गया। बवाल में सांसद पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। जबकि विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने का आरोप लगा है। सांसद और विधायक के बेटे एक एफआईआर में नामजद आरोपी हैं। इसी एफआईआर में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार किया गया है। जो 23 मार्च से अभी तक जेल में बंद हैं। इस बवाल के लिए गठित हुए न्यायिक जांच आयोग द्वारा बवाल मामले में अधिकारी, आम लोग और राजनीतिक लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### बवाल मामले में मीडिया कर्मियों के बयान दर्ज हुए

न्यायिक जांच आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों के भी ऑनलाइन बयान दर्ज किए गए हैं। यह बयान एनआईसी के माध्यम से दर्ज कि किए गए। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि 16 मीडिया कर्मियों को बयान दर्ज कराने थे लेकिन नौ ही मीडिया कर्मी बयान दर्ज कराने के लिए पहुंचे। उन सभी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बयान दर्ज हुए हैं। जो मीडिया कर्मी बयान दर्ज कराने से रह गए हैं उनके बयान न्यायिक जांच आयोग द्वारा समय दिए जाने पर दर्ज होंगे।

### दो उपद्रवियों की जमानत पर 17 को सुनवाई

संभल हिंसा के दो उपदृवियों की जमानत अर्जियों पर मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी आरती फौजदार के न्यायालय में सुनवाई हुई। जमानत अर्जी की तैयारी न होने पर आरोपी के अधिवक्ता ने अगली तारीख के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया है। जिससे न्यायालय ने सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख नियत कर दी। कोतवाली संभल की अपराध संख्या 333/24 में आरोपी मोहम्मद फैजान और मोहम्म्द अजीम की जमानत अर्जी पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश/रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट के न्यायालय में पेश हुई। आरोपियों के अधिवक्ता ने तैयारी पूरी न होने पर अगली तारीख के लिए प्रार्थनापत्र दिया। न्यायालय ने सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख नियत कर दी।

# कांग्रेस पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा : सम्राट चौधरी

## मनमोहन सिंह ने इडी का गठन किया था, कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद भाजपा ने हमला तेज कर दिया है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा है। कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी ने इस लोकतंत्र को मजाक बनाया। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की चीजों को लूटा गया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला पूरे देश को जानना चाहिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों को इसलिए जानना चाहिए क्योंकि रोज कांग्रेस पार्टी यह कहती थी कि वह संस्थाओं का इज्जत करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने देश को लूटा, जिस संस्था का निर्माण स्वतंत्रता सेनानियों ने किया। इसको भी कांग्रेस ने लूटा पटना ईडी ऑफिस में कांग्रेस ने कालिख पोता। कांग्रेस ने मनमोहन सिंह और अपने चेहरे पर कालिख पोता है। मनमोहन सिंह ने ईडी का गठन किया था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड देश के लिए विश्वासघात है, स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। कांग्रेस ने देश को खोखला बनाया है। यंग इंडिया कंपनी के द्वारा गरीबों के पैसे को लूटा जा रहा है। न्यायालय इस पर जल्द कार्रवाई करे। वहीं, पीएम मोदी के दौरे पर सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं पीएम बिहार को लगातार समय दे रहे हैं। 2014 से 100 से अधिक बार बिहार आएं हैं, कई काम पूरे हो रहे हैं। 24 अप्रैल को मधुबनी से कई योजनाओं की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से 4 मई को खेलो इंडिया कार्यक्रम शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि पटना हवाई अड्डा से अगले 15 दिनों में एक करोड़ से अधिक लोग यात्रा कर सकेंगे। इसके साथ ही 10 नये छोटे बड़े हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन को 2025 में हराना है। वहीं, लालू यादव को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि उनके (लालू) नाम पर जहां और जिस विषय पर चैलेंज करें, भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जवाब देने के लिए तैयार है। बंगाल हिंसा पर उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। सभी लोगों ने देखा है कि खून खराबा किसने किया।

## बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन 24 अप्रैल तक पुनर्बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान एवं गोरखपुर जं. स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के परिप्रेक्ष्य में रद्द की गयी गाड़ी सं. 14009/14010 बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित तिथियों को पुनर्बहाल करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 14010 आनंद विहार-बापूधाम मोतीहारी एक्सप्रेस - 19, 21 एवं 23 अप्रैल, 2025 को आनंद विहार से खुलने वाली। गाड़ी सं. 14009 बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस - 20, 22 एवं 24 अप्रैल, 2025 को बापूधाम मोतीहारी से खुलने वाली।

## नीतीश पर की गई ममता बनर्जी की टिप्पणी पर जेडीयू का पलटवार

### जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन का बयान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कम से कम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से नसीहत लेने की जरूरत नहीं है।

पश्चिम बंगाल में आज जो हालात बने हुए हैं उसके लिए ममता बनर्जी का गैर जिम्मेदाराना बयान एवं कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने में असफल रहने की वजह है।

पश्चिम बंगाल में आज गृह युद्ध जैसे हालात हैं। लोगों की हत्याएं, आगजनी एवं हिंसा की घटनाओं ने भयभीत लोगों को पलायन करने के लिए बाध्य कर दिया है जो बंगभूमि कभी कविवर रवीन्द्र नाथ ठाकुर एवं काजी नजरुल इस्लाम की पंक्तियों से गुंजायमान हुआ करता था, घृणा वैमनस्य एवं हिंसा का पर्याय बन चुका है। ममता बनर्जी का शासन इससे निपटने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। दूसरी तरफ बिहार में अमन चैन और शांति है। यहां बीस वर्षों के नीतीश सरकार के कार्यकाल के दौरान कभी भी कोई दंगा नहीं हुआ और न ही कभी कर्फ्यू लगा। यहां सभी धर्म और जाति को समानता के साथ देखा जाता है। ममता बनर्जी का बयान कि नीतीश जी थोड़े से पॉवर के लिए एनडीए के साथ खड़े हैं, केवल राजनीति से प्रेरित हैं क्योंकि नीतीश कुमार के लिए सत्ता का अर्थ सेवा है जो वह सभी वर्गों की समान भाव से करते रहे हैं।

## भाजपा संगठन की तर्ज पर काम कर रही इडी : कृष्णा अल्लावारू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर दाखिल चार्जशीट के खिलाफ बुधवार को बिहार कांग्रेस ने पटना इनकम टैक्स से विरोध मार्च शुरू कर ईडी कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जम कर केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा विरोधी नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान प्रतिरोध मार्च निकाल कर कांग्रेस के नेता ईडी कार्यालय पहुंचे और उसके मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गये। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि ईडी भाजपा के आनुषांगिक संगठन के तर्ज पर कांग्रेस के खिलाफ प्रतिशोध में काम कर रही है। देश में कई भाजपा नेताओं पर मनी लॉन्ड्रिंग और पैसों को लेकर मामले चल रहे हैं, लेकिन हर बार कांग्रेस या विपक्ष के नेताओं को ही ईडी निशाना बनाती है। पिछले दस वर्षों में ईडी ने 190 नेताओं पर केस दर्ज किए हैं, लेकिन जो भाजपा में शामिल हो गए उन मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ईडी के कार्रवाईयों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब देश में महंगाई, बेरोजगारी और अराजकता फैलती है तब-तब ईडी का इस्तेमाल करके केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लोगों का ध्यान भटकाने लगती है। कांग्रेस जब जनहित के मुद्दों पर केंद्रीय सत्ता को घेरती है तब-तब भाजपा प्रतिशोध में कार्रवाई का दबाव बनाती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि ईडी की ताजा कार्रवाई बिहार के चुनावों को देखते हुए भाजपा और नरेंद्र मोदी की चाल है। ताकि महागठबंधन को अस्थिर किया जा सके। नेशनल हेराल्ड के मामले में नाहक हमारे शीर्ष नेताओं को परेशान किया जाता है और घंटों पूछताछ के नाम पर बैठाकर उन्हें मानसिक प्रताड़ना देने का कुत्सित प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हमारे शीर्ष नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी मजबूत और जीवट नेता हैं।

## पूर्व आईपीएस नुरुल होदा ने थामा वीआईपी का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए खादी के आगे खाकी का रंग फीका पड़ने लगा है। वर्दी धारण करने वाले अधिकारियों की दिलचस्पी विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ती जा रही है। कुछ दिनों पहले शिवदीप वामनराव लांडे ने 'हिंद सेना' नाम से पार्टी बनाई है। अब 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे नुरुल होदा की राजनीति में एंट्री हो गई है। होदा ने बुधवार को विकासशील इंसान पार्टी (वी आई पी) का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि नुरुल होदा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सीतामढ़ी जिले की किसी सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। नुरुल होदा का नाम इस समय इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि उन्होंने वक्फ कानून के खिलाफ



अपनी खुली नाराजगी जाहिर की है। यही कारण है कि उन्होंने वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी की राजनीतिक लाइन से सहमति जताते हुए राजनीति में उतरने का फैसला किया है। नुरुल होदा बिहार के सीतामढ़ी जिले के मूल निवासी हैं। वे रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में आईजी स्तर के अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने यूपीएससी के साथ-साथ बीपीएससी और अवर सेवा चयन परीक्षा भी पास की थी, लेकिन वे अपने उद्देश्य को लेकर हमेशा स्पष्ट रहे और अंततः आईपीएस को चुना। उनकी शिक्षा यात्रा भी प्रभावशाली रही है। उन्होंने सीतामढ़ी से प्रारंभिक शिक्षा, फिर बिहार विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में स्नातक और दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। वे अंग्रेजी, उर्दू, फारसी और अरबी भाषाओं में भी दक्ष हैं। अपने लंबे कैरियर में उन्होंने धनबाद, आसनसोल और दिल्ली मंडल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रेलवे सुरक्षा, नक्सल नियंत्रण, और अपराध रोकथाम के लिए कई नई रणनीतियां लागू कीं। वे दो बार विशिष्ट सेवा पदक और दो बार महानिदेशक चक्र से सम्मानित हो चुके हैं। आईपीएस की ड्यूटी के साथ-साथ नुरुल होदा सामाजिक रूप से भी बेहद सक्रिय रहे हैं। वे अपने पैतृक गांव में 300 बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं। इसके साथ ही वे एक मैराथन धावक भी हैं और प्रतिदिन 10 किलोमीटर दौड़ना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। नुरुल होदा का राजनीति में उतरना सिर्फ व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि नीतिगत मतभेद और सामाजिक सरोकारों के कारण है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वक्फ कानून के दायरे में होने वाले कथित भ्रष्टाचार और असमानता के खिलाफ वे अब लोकतांत्रिक मंच से आवाज उठाएंगे। वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की कोशिश है कि वे नुरुल होदा जैसे अनुभवी और योग्य व्यक्ति को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाएं, खासकर सीतामढ़ी और मिथिलांचल क्षेत्र में। अगर नुरुल होदा को पार्टी टिकट देती है तो वे आने वाले चुनावों में एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। बता दें कि नुरुल होदा ने पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## भाजपा के कई बड़े नेता अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश से मिलने

### मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे नेताओं को जंगलराज पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने को लेकर गरमायी सियासत के बीच बुधवार को भाजपा के कई बड़े नेता अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। इनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्य नित्यानंद राय और भीखुभाई दालसानियां, नितिन नवीन और नागेंद्र त्रिपाठी शामिल थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे भाजपा नेताओं को जंगलराज पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म को एनडीए के नेता प्रचार के दौरान हर गांव और जिले में दिखायेंगे। इसके जरिये लालू यादव के कार्यकाल पर निशाना साधने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान हर जिले में एक बात कही थी कि 2005 से पहले बिहार में लड़कियां पढ़ती नहीं थी। अपराध का बोलबाला था। रात में लोग घर से बहार नहीं निकलते थे। बिहार में बदलाव 2005 के बाद तब आना शुरू हुआ जब सरकार बदली। इस साल होने वाले चुनाव को एनडीए इसी मुद्दे पर लड़ना चाहती है। इसके अलावा रोजगार, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को भी एनडीए मुद्दा बना रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं के मुख्यमंत्री आवास पर जाने के पीछे यह भी कहा जा रहा है कि दो दिन पहले जिस तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्राट के नेतृत्व में बिहार चुनाव लड़ने की घोषणा की थी, उसके बाद जदयू की नाराजगी को दूर करने की भी कोशिश की जा रही है।

## 20 जून से आयेगा मानसून, बिहार में सामान्य से कम होगी वर्षा

**पटना।** आइएमडी पटना ने बिहार के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश का लंबी अवधि का पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान है कि बिहार में मानसून सीजन में सामान्य या सामान्य से कुछ बारिश हो सकती है। आइएमडी पटना के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक आनंद शंकर के अनुसार जून से सितंबर के बीच मानसून सीजन में औसत से लगभग 90-104 % बारिश होने की संभावना है। आइएमडी की तरफ से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार मानसून अवधि में बिहार में बारिश का सामान्य औसत 992.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने ग्रामीण विकास पहल के तहत 298 सीमावर्ती गांवों को किया कवर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर शाखा परिवर्तन के तहत देश भर में 298 सीमावर्ती गांवों को अपने ग्रामीण विकास पहल के तहत कवर किया है। गांवों के ये समूह बिहार, असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की योजना आने वाले वर्षों में 150 अतिरिक्त सीमावर्ती गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की है। ये




पहल केंद्र के बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में उल्लिखित राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। इस पहल के बारे में बोलते हुए एचडीएफसी बैंक के डीएमडी कैजाद भरूचा ने कहा, हम प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा, बेहतर कृषि उत्पादकता, नवीकरणीय ऊर्जा और आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके भारत के सीमावर्ती गांवों में सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाकर, हम स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी निकायों के साथ मिलकर मजबूत, आत्मनिर्भर और जीवंत समुदाय बनाने के लिए सहयोग करते हैं जो भारत के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने में योगदान करते हैं। एचडीएफसी बैंक में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी प्रमुख नुसरत पठान ने कहा ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण न केवल वांछनीय है, बल्कि खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में अति आवश्यक है।

## पिता जी के आदर्श हमारे जीवन की दिशा : विवेक शर्मा

### पांचवीं पुण्यतिथि पर पिता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** नौबतपुर प्रखंड के गोपालपुर गांव में अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी विवेक शर्मा ने अपने पिता, समाजसेवी स्वर्गीय रविशंकर शर्मा उर्फ बबलू शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने अपने पिता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। बड़ी संख्या में गांव के सम्मानित नागरिकों, परिजनों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लेकर स्व. बबलू शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में पुष्पांजलि अर्पण, भजन संध्या और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

## भाजपा ने राजद के तीन विधायकों के कारनामों पर किया पोस्टरवार

### अगर राजद के हाथ आई सत्ता इस बार, तो न जाने क्या होगा बिहार का हाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। हाल यह है कि सूबे की दो प्रमुख पार्टियां राजद और भाजपा के बीच जुबानी जंग अब पोस्टरों और सोशल मीडिया के जरिए और तेज हो गई है। एक ओर जहां राजद नीतीश सरकार पर लगातार सवाल उठा रही है, वहीं एनडीए भी राजद के जंगल राज की याद दिलाकर लोगों को बड़ा संदेश देने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब एक बार फिर से भाजपा ने तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें राजद के तीन विधायकों के नाम के साथ तस्वीर लगी हुई है। पोस्टर के सबसे ऊपरी हिस्से पर लिखा हुआ है वांटेड। इस पोस्टर में राजद विधायक रीतलाल यादव, शंभू नाथ यादव और मनोज यादव की फोटो लगी हुई है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा है कि अगर राजद के हाथ आई सत्ता इस बार तो न जाने क्या होगा बिहार का हाल। भ्रष्टाचारियों को सत्ता में लाना है या बिहार को सुरक्षित बनाना है? फैसला आपका है, सोचिएगा जरूर। बता दें कि दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के ठिकानों पर हाल ही में पुलिस ने छापेमारी की थी। बिल्डर कुमार गौरव से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में यह कार्रवाई हुई थी। छापेमारी में नकदी, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वॉकी-टॉकी समेत अन्य सामान बरामद किया गया था। हालांकि, विधायक अपने घर पर मौजूद नहीं थे। रीतलाल यादव को पुलिस ढूंढ रही है। पुलिस बिहार के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी छापेमारी कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस कोर्ट से रीतलाल का वारंट लेने के अलावा अवैध तरीके से अर्जित उनकी अर्जित संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई कर सकती है। रीतलाल ने पुलिस की कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया। वहीं, बक्सर के ब्रह्मपुर से विधायक शंभू नाथ यादव पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है। एक साड़ी वितरण कार्यक्रम में उन्होंने कथित रूप से महिलाओं को धक्का दिया और साड़ी से मारा जिससे कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई थी जबकि मोतिहारी के कल्याणपुर से विधायक मनोज यादव पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नाजायज भीड़ जमा करने जैसे गंभीर आरोप हैं। उन पर एनएच पर बनाए गए अवैध कट को बंद करने के दौरान प्रशासनिक कार्रवाई में हस्तक्षेप करने का आरोप है। हालांकि राजद की ओर से इस पोस्टर पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## संपूर्ण क्रांति क्लोन स्पेशल सहित तीन जोड़ी ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 02393 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल अब 30 जून, 2025 तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-राजेन्द्रनगर क्लोन स्पेशल अब 01 जुलाई, 2025 तक शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 01153 देवलाली-दानापुर मिक्सड अनारक्षित स्पेशल अब 18 अक्टूबर, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 01154 दानापुर-मनमाड मिक्सड स्पेशल अब 20 अक्टूबर, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05504 सहरसा-ललितग्राम स्पेशल अब 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05503 ललितग्राम-सहरसा स्पेशल अब 01 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी।

## जैन साध्वी ज्ञानमती माताजी का संयम दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर में जैन साध्वी भारत गौरव गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 73वां आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। 73 वर्ष पूर्व राजस्थान के माधोराजपुरा (जयपुर) ग्राम में आर्यिका दीक्षा आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज से प्राप्त की थी। उस समय आप प्रथम बाल ब्रह्मचारिणी कन्या के रूप में दीक्षा प्राप्त करने वाली प्रथम आर्यिका थी। इससे पूर्व जो बहनें या माताएं विधवा हो जाती थी या जिनकी बड़ी अवस्था हो जाती थी वे ही गृहत्याग करके इस मार्ग में आती थी, लेकिन पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी ने कुंवारी कन्याओं का मार्ग प्रशस्त किया एवं उनकी प्रेरणास्रोत बनीं। आज सर्वप्रथम मन्दिर में विराजमान 31 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव जी की प्रतिमा का दूध व जल से मस्तकाभिषेक किया गया एवं भगवान के मस्तक पर महाशांतिधारा सम्पन्न की गई। इस अवसर पर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के गर्भकल्याणक के अवसर पर 108 कलशों से भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक सम्पन्न किया गया। साथ हीं 73वें आर्यिका दीक्षा दिवस के अवसर पर भगवान ऋषभदेव को 73 फलों से सम्बन्धित थाल के माध्यम से अर्घ्य चढाया गया। इसी क्रम में भगवान पार्श्वनाथ को भी 73 फलों से अर्घ्य समर्पण किया गया। जैन मन्दिर के प्रवक्ता एवं मंत्री विजय कुमार ने बताया कि पूज्य ज्ञानमती माताजी वर्तमान में दिगम्बर जैन समाज की सबसे प्राचीन दीक्षित हैं। माताजी ने स्वकल्याण के साथ-साथ संस्कृति निर्माण का कार्य भी किया है। आपने संस्कृति को जीवित करने के लिए 550 ग्रंथों का सर्जन अपनी लेखनी के द्वारा किया है।

## डीईओ ने किया प्रखंड कॉलोनी विद्यालय का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** प्रखंड कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संजय कुमार ने निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचते ही उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद किया और पढ़ाई-लिखाई की स्थिति की जानकारी ली। विद्यालय परिसर की सुंदरता और साफ-सफाई देखकर डीईओ काफी प्रसन्न हुए। डीईओ के इस दौरे से विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ संजय कुमार ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन में भी भाग लिया और उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन का आनंद लिया।

## विधानसभा चुनाव से पहले जदयू कार्यालय के बदले गए पोस्टर

### पोस्टर में लिखा-2025 से 30 फिर नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के नेतृत्व को लेकर बार-बार उठते सवालों के बीच जदयू ने एक बड़ा संदेश दिया है। पार्टी ने बुधवार को अपने ऑफिशल पोस्टर से एक बड़ा संदेश दिया है। '25 से 30 फिर से नीतीश' का नारा वाला पोस्टर जेडीयू के प्रदेश कार्यालय के बाहर लगाया गया है। इस पोस्टर में जहां अगले पांच वर्षों के लिए नीतीश कुमार को बिहार का सीएम बताया गया है, वहीं इससे भाजपा को भी एक संदेश देने की कोशिश है। पोस्टर ऐसे समय में लगाया गया है जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले सप्ताह ही भाजपा नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बिहार के अगले सीएम के रूप में पेश किया था। उनके इस बयान से मचे बवाल के बीच जदयू ने '25 से 30 फिर से नीतीश' वाला पोस्टर लगा दिया है। जदयू ऑफिस के बाहर न सिर्फ '25 से 30 फिर से नीतीश' का पोस्टर लगाया गया है बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए सभी वर्गों के काम को भी गिनाया गया है। एक अन्य पोस्टर में 'रोजगार का मतलब नीतीश सरकार' लिखा गया है। वहीं 'बहन बेटियों के सपने साकार धन्यवाद नीतीश सरकार', 'सुशासन की रफ्तार बिहार में बाहर' और 'पूरा बिहार हमारा परिवार' लिखा होर्डिंग्स भी लगाया गया है। इतना ही नहीं होर्डिंग्स पर सिर्फ नीतीश कुमार की तस्वीर का इस्तेमाल किया गया है। यानी यह जदयू की ओर से बिहार के लोगों के लिए संदेश है जिसमें नीतीश कुमार पर भरोसा जताया गया है। इस पोस्टर सियासत को एक प्रकार से बिहार में राजद के साथ भाजपा-एनडीए के साथ भी जदयू का खेला माना जा रहा है। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। सैनी ने कहा है कि इस बार बिहार का चुनाव सम्राट चौधरी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उनके इस बयान के बाद बिहार भाजपा के नेताओं ने डैमेज कंट्रोल करते हुए इसे गलत तरीके से पेश करने की बातें कहीं। लेकिन राजनीति में कोई भी बयान यूं ही नहीं दिया जाता बल्कि उसके हिसाब से कई बार माहौल को टटोला जाता है। माना जा रहा है कि सीएम सैनी ने धीरे से इस बात को आगे बढ़ाया है ताकि माहौल को भांपा जा सके। ऐसे में अब जदयू की ओर से नीतीश कुमार को अभी से वर्ष 2025 से 2030 तक के लिए बिहार के सीएम के रूप में पेश कर उसी रूप में जवाब दिया गया है। इतना ही नहीं एक दिन पहले ही नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने भी कहा था अमित अंकल (गृह मंत्री अमित शाह) ने नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लगाई है। इसलिए नीतीश कुमार की जगह किसी अन्य के सीएम बनने की कोई चर्चा का कुछ मतलब नहीं है।

CMYK

# संपादकीय

## आतंक की चुनौती से डटकर लड़ रही सेना

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर काबू पाने के लिए हर स्तर पर किए गए उपायों के बावजूद आज भी वहां आए दिन जिस तरह के आतंकी घुसपैठ और हमले होते हैं, उससे यही लगता है कि वहां इस समस्या की जड़ें गहरी बनी हुई हैं। वरना क्या वजह है कि हर कुछ दिनों बाद सुरक्षा बलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ होती रहती है और उसमें कभी कुछ आतंकी मारे जाते हैं, तो कई बार हमारे जवान भी शहीद हो जाते हैं। मगर इस स्थिति में एक तरह की निरंतरता बनी हुई है, जिसकी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। गौरतलब है कि जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर आतंकियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। मगर सतर्क जवानों ने शुक्रवार देर रात केरी भट्टल इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह को देखा और उन्हें चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि सुरक्षा बलों ने आतंकियों की भारत में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी, लेकिन यह दुख की बात है कि इस मुठभेड़ में भारतीय सुरक्षा बलों के एक सूबेदार घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। विडंबना यह है कि जम्मू-कश्मीर में तमाम सख्ती के बावजूद पिछले कुछ समय से एक बार फिर आतंकवाद एक जटिल रूप में उभर रहा है। हर कुछ दिनों बाद आतंकी कभी राज्य के अलग-अलग इलाकों में आम नागरिकों से लेकर सुरक्षा बलों की शिविरों तक पर हमले करते हैं, तो कभी सीमा पार के इलाकों से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते हैं। बाहरी प्रदेशों से आकर वहां गुजारा करने वाले प्रवासी मजदूरों और अन्य स्थानीय लोगों पर लक्षित हमले करना भी आतंकियों की एक नई रणनीति है। शनिवार को यह खबर आई कि किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए एक अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इस तरह की हर घटना के बाद क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया जाता है, मगर यह भी सच है कि पिछले काफी समय से इस तरह के संकल्पों और उपायों के बाद भी हालत यह है कि सुरक्षा बलों का सामना आतंकियों से होता है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि घुसपैठ की ताजा घटना भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सीमा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग के दो दिन बाद हुई है।

हाल में पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का भी उल्लंघन किया गया। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि सरकार और सुरक्षा बलों की ओर आतंकवाद का सामना करने के मामले में क्या किसी अन्य उपाय की जरूरत है! इसमें कोई दोराय नहीं है कि आतंकवादियों का सामना करने और उन पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। यही वजह है कि आज जम्मू-कश्मीर में आतंकी अपने लिए खुला मैदान नहीं पाते हैं। जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद उम्मीद की गई थी कि नई सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए जमीनी स्तर पर कुछ ऐसे कदम उठाएगी, जिससे आतंकियों की पकड़ कमजोर हो। अब स्थानीय लोग भी इस समस्या से पार पाने के लिए खड़े हो रहे हैं और आतंकियों को उनका समर्थन मिलना तेजी से कम हो रहा है। फिर भी अपनी उपस्थिति का संदेश देने के लिए आतंकी अक्सर हमले करते रहते हैं तो इससे यही पता चलता है कि राज्य में अभी इस समस्या को खत्म करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

**वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि हमारा प्रशासन समय रहते ही नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अंजाम और भी बुरे होंगे, इतिहास इसी बात की चुगली कर रहा है! यह नसीहत क्रूर वक्त हमें बार-बार दे रहा है, लेकिन हमलोग ऐसे घिसे पिटे आदर्शवादी हैं कि उसे समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इसलिए आज मैं इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान के कुछ कटु सत्य को उद्घाटित कर रहा हूँ ताकि हमारे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा टूटे और वो विधि-व्यवस्था के लिहाज से अपने मौलिक कर्तव्य न भूलें।**

### वक्फ कानून के खिलाफ भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से...

## यदि नहीं चेते तो अंजाम और भी बुरे होंगे!

(कमलेश पांडे)

हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बांग्लादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं।

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि हमारा प्रशासन समय रहते ही नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अंजाम और भी बुरे होंगे, इतिहास इसी बात की चुगली कर रहा है ! यह नसीहत क्रूर वक्त हमें बार-बार दे रहा है, लेकिन हमलोग ऐसे घिसे पिटे आदर्शवादी हैं कि उसे समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इसलिए आज मैं इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान के कुछ कटु सत्य को उद्घाटित कर रहा हूँ ताकि हमारे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा टूटे और वो विधि-व्यवस्था के लिहाज से अपने मौलिक कर्तव्य न भूलें।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन पहले मुस्लिम आक्रान्ताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक नीतियों को क़ानूनी अमली जामा पहनाया, जिससे हिन्दू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया और कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिन्दुओं पर हावी होते चले गए। इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, कभी प्रशासनिक उदासीनता तो कभी पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए संगठित अपराध को बढ़ावा दिया गया, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली गई। इसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और साम्पदायिक विभाजन तक की नौबत आई। इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम दंगे भी खूब हुए। लेकिन भारत के गाँधी-नेहरु जैसे अव्यवहारिक आदर्शवादी राजनेताओं ने आजाद भारत में हालत बदलने के उलट उन्हीं घिसे-पिटे कानूनों को भारतीयों पर थोप दिया, जो आज तक अशांति का सबब बन चुकी हैं। पहले कांग्रेसियों, फिर समाजवादियों और अब राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं, लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए।

मसलन, बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए। सबों ने उस 'निर्जीव भारतीय संविधान' का महिमा मंडन किया और कर रहे हैं जिसने पदासीन लोगों को वेतन-भत्ते-पेंशन और देशवासियों से लूट-खसोट की तो गारंटी दी, लेकिन आमलोगों के सुख-शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं दिखाई। इस नजरिए से संसद और विधान मंडलों ने प्रभावकारी कानून नहीं बनाए और न ही न्यायपालिका ने इस प्रशासनिक प्रवृति पर कभी सवाल उठाए।

हद तो यह कि न्याय के नाम पर मामलों को वर्षों तक लटकाने वाली न्यायपालिका, नेताओं के इशारों पर उलटे-सीधे कार्य करने की अभ्यस्त हो चली कार्यपालिका और नेताओं-कारोबारियों की अघोषित सांठगांठ से जहाँ सत्ताधारी जमात मौज में रहता आया है, वहीं आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है। एक ओर देश के अमनपसंद आमलोग जहाँ रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भूभाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है।

हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बांग्लादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। इनकी नापाक मंशा जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और केरल जैसे हालत पूरे देश में पैदा करने की है, जिसकी झलक गाहे-बगाहे दिखाते रहते हैं। यदि गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत तक के ब्रेक के बाद होने वाले सांप्रदायिक दंगों की बात छोड़ भी दी जाए तो अयोध्या रामजन्म भूमि आंदोलन, फिर सीएए और अब वक्फ कानून की आड़ में पाकिस्तानी खुफ़िया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर या फिर चीन-अमेरिका-इंग्लैंड से शह प्राप्त अन्य मुस्लिम देशों के इशारे पर भारत में जो अशांति फैलाते हैं, इसका ताजातरीन उदाहरण पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद इलाका है, जो इन दिनों इस्लामिक उत्पात से जल रहा है।

दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे केंद्र सरकार ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है। इसके दृष्टिगत वह लगातार सतर्कता बरत रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। केंद्र बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है, जहां वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों की खबरें आई हैं। इसका उद्देश्य सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी कारक की पहचान करना और संबंधित राज्य सरकारों से संपर्क करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें शुरू में ही समाप्त कर दिया जाए।

बताया जाता है कि यदि राज्यों से मांग की जाती है, तो उन्हें बिना किसी देरी के केंद्रीय बल मुहैया कराए जाएंगे, ताकि ऐसी सांप्रदायिक हिंसा को रोका जा सके। इसी उद्देश्य से मुर्शिदाबाद में भी, पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अदालत के निर्देश पर पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती की गई, जिससे सांप्रदायिक झड़पों पर लगाम लगी। अधिकारी ने कहा कि वहां अब कोई नई हिंसा नहीं हुई है। गत शनिवार को मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक झड़पों के मद्देनजर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर स्थिति का आकलन किया। इसके साथ ही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की रूपरेखा तैयार की।

दरअसल डीजीपी ने केन्द्रीय गृह सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है और स्थानीय स्तर पर तैनात बीएसएफ कर्मियों की मदद ली जा रही है। वहीं सांप्रदायिक हिंसा में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शनिवार को 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुर्शिदाबाद में स्थानीय स्तर पर मौजूद करीब 300 बीएसएफ कर्मियों के अलावा राज्य सरकार के अनुरोध पर पांच अतिरिक्त कंपनियां वहां भेजी गई हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस हिंसा की साजिश तीन महीने पहले रची गई थी और पाकिस्तान के दोस्त तुर्कीए से फंडिंग की गई थी। हमलावरों को लूटपाट के लिए 500 रुपये दिए गए थे और साजिशकर्ताओं ने लक्ष्य दिया था कि पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश जैसा बनाना था7 यही वजह है कि वक्फ कानून के विरोध पश्चिम बंगाल में भारी हिंसा देखने को मिली। जहाँ मुर्शिदाबाद में हिंसा में 3 लोगों की मौत हुई, वहीं सैकड़ों लोग घायल हुए।




## सर्कुलर इकोनॉमी अर्थव्यवस्था भारत के लिए एक आर्थिक जरूरत

**गौर करें तो पारंपरिक रैखिक आर्थिक मॉडल अब टिकाऊ नहीं रहा है. इसके तहत लेना, बनाना और निपटाना का फॉर्मूला लागू होता है. ऐसे में लैंडफिल पर बढ़ते दबाव, प्राकृतिक संसाधनों की लगातार होती कमी और अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान के कारण होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है.**

(ए श्याम कुमार)

आज के युग में परिपत्र अर्थव्यवस्था एक आर्थिक जरूरत बनकर उभरी है. बदलाव से गुजर रही दुनिया में परिपत्र अर्थव्यवस्था की आर्थिक जरूरत को हरेक देश महसूस कर रहा है. भारत भी इससे अछूता नहीं है. इसे भी सरकुलर इकॉनमी का दरकार है।

भारत में हरेक साल कचरे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. आंकड़ों पर गौर करें तो इंडिया में सालाना तकरीबन 62 मिलियन टन कचरा पैदा होता है. इन कचरों में प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक और खतरनाक कचरे की मात्रा में तेज़ी से बढ़ोतरी हो रही है. इतना ही नहीं विकास की सीढ़ियां चढ़ रहे भारत में इसमें काफी बढ़ोतरी होने से प्रदूषण भी बढ़ रहा है. भारत में आर्थिक तेजी के कारण वार्षिक सामग्री खपत में भी कई गुना वृद्धि हुई है. मसलन साल 1970 में जहां भारत में 1.18 बिलियन टन कचरा पैदा होता था. वहीं ये कचरा अब बढ़कर वर्ष 2015 में 7 बिलियन टन हो गया था. विशेषज्ञों का अनुमान है कि ये आंकड़ा साल 2030 तक बढ़कर लगभग 14.2 बिलियन टन हो जाएगा. इन हालात में कचरे का निष्पादन मुश्किल हो जाएगा।

गौर करें तो पारंपरिक रैखिक आर्थिक मॉडल अब टिकाऊ नहीं रहा है. इसके तहत लेना, बनाना और निपटाना का फॉर्मूला लागू होता है. ऐसे में लैंडफिल पर बढ़ते दबाव, प्राकृतिक संसाधनों की लगातार होती कमी और अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान के कारण होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है. ऐसे हालात में लगातार बढ़ रही जनसंख्या, तेजी से हो रहे शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण के साथ भारत को एक परिपत्र इकॉनमी की ओर बढ़ना चाहिए. यहां ये जानना जरूरी है कि सतत विकास और जलवायु जागरूकता के सिद्धांत कचरे को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में मानने की ये परंपरा हमें विरासत में मिली है. इसके तहत यूज की गई वस्तुओं का दोबारा उपयोग किया जाता है. साथ ही एक परिपत्र अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण के माध्यम से इस प्रक्रिया को दोहराया जाता है. अब ये समय आ गया कि ये सब चीजें प्रचलन में बनी रहें. इसके लिए उपभोग और उत्पादन के अधिक टिकाऊ पैटर्न को अपनाने पर फौरन जोर देने की जरूरत है. ये जान लें के परिपत्रता इकॉनमी उच्चतम संभव मूल्य पर यथासंभव लंबे समय तक सामग्री का उपयोग करने की एक अवधारणा है. साल 2050 तक, भारत की परिपत्र अर्थव्यवस्था का बाजार मूल्य 2 ट्रिलियन होने और 10 मिलियन नौकरियां पैदा करने की उम्मीद है. यह स्टार्ट-अप और नए पुनर्नवीनीकरण उत्पादों के डेवलपर्स के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय 3आर (3आर) और सर्कुलर इकॉनमी फोरम का हाल ही में राजस्थान की राजधानी जयपुर में उद्घाटन किया गया. यह आयोजन स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और सर्कुलर इकॉनमी पहलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक खास पहल है. ये फोरम टिकाऊ उत्पादन और उपभोग पैटर्न के लिए एक व्यापक रोडमैप बनाएगा. साथ ही ये फोरम रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल यानी 3आर के सिद्धांतों पर जोर देगा. नीतिगत सिफारिशों, व्यावहारिक चर्चाओं और सहयोगी साझेदारी के माध्यम से इसका उद्देश्य संसाधन दक्षता, जलवायु लचीलापन और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय प्रतिबद्धताओं को मजबूत करना है. ये काम साल 2009 में शुरू किया गया. ये फोरम पूरे क्षेत्र में स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देगा. इसके अलावा इससे संसाधन दक्षता को बढ़ाना मिलेगा और सर्कुलर अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना की पहल भी तेज होगी।

सर्कुलर इकॉनमी सिर्फ़ एक ऑप्शन नहीं है, बल्कि ज़रूरी है. यह दृष्टिकोण एक बुनियादी बदलाव दिखाता है कि हम सामग्री का उत्पादन, उपभोग और प्रबंधन कैसे करते हैं. इसमें यह निहित है कि एक अच्छी सर्कुलर इकॉनमी न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करती है, बल्कि औद्योगिक नवाचार, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और नए रोज़गार सृजन को बढ़ावा देती है।

सर्कुलर इकॉनमी के जरिए उत्पाद डिज़ाइन से लेकर उसके अंतिम प्रबंधन तक हर चरण में काम किया जा जाता है. इसके जरिए उत्पाद कम करने, दोबारा उपयोग करने और पुनर्चक्रण के सिद्धांतों को समेट कर चलना होता है. यहां यह कहना जरूरी है कि यहां कचरे को बोझ के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उसे एक संसाधन के रूप में देखा जाना चाहिए.

## कला सशक्त माध्यम है दुनिया को खूबसूरत बनाने का

**विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है।**

(ललित गर्ग)

दुनिया में कला के विविध रंग बिखरे हैं, कई अद्भुत आर्ट फॉर्म्स प्रचलित है। पॉप आर्ट एक खास तरह का आर्ट फॉर्म है, जो सदियों से लोगों का पसंदीदा रहा है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटिंग को एक कल्पना के तहत बनाया जाता है।

कला जीवन को रचनात्मक, सृजनात्मक, नवीन और आनंदमय बनाने की साधना है। कला के बिना जीवन का आनंद फीका अधूरा है। कला केवल एक भौतिक वस्तु नहीं है जिसे कोई बनाता है बल्कि यह एक भावना है जो कलाकारों और उन लोगों को खुशी और आनंद देती है जो इसकी गहराई को समझते हैं। कला अति सूक्ष्म, संवेदनशील और कोमल है, जो अपनी गति के साथ मस्तिष्क को भी कोमल और सूक्ष्म बना देती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके पीछे एक कला छिपी होती है। कला का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। इसी महत्व के लिये विश्व कला दिवस विभिन्न कलाओं का एक अंतरराष्टीय उत्सव है, जिसे दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कला संघ (आईएए) द्वारा घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय कला संघ की 17वीं आम सभा में 15 अप्रैल को इस दिवस को घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका पहला समारोह 2012 में आयोजित किया गया था। इस प्रस्ताव को तुर्की के बेदरी बैकम ने प्रायोजित किया और मैक्सिको की रोजा मारिया बुरीलो वेलास्को, फ्रांस की ऐनी पौरनी, चीन के लियू दावेई, साइप्रस के क्रिस्टोस सिमेयोनिडेस, स्वीडन के एंडर्स लिडेन, जापान के कान इरी, स्लोवाकिया के पावेल क्राल, मॉरीशस के देव चूरामुन और नॉर्वे की हिल्डे रोगनस्कॉग ने सह-हस्ताक्षर किए।

विश्व कला दिवस की 2025 की थीम है 'अभिव्यक्ति का उद्यानः कला के माध्यम से समुदाय का विकास करना'। इस थीम का उद्देश्य कला के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। दुनिया भर के कलाकारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों और उनकी कला को सुरक्षित, संरक्षित एवं सवंर्धित करना और उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। कला दिवस विश्व में विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कलाकार कविता, पेंटिंग, मूर्तिकला, नृत्य, संगीत जैसे विभिन्न भौतिक साधनों के माध्यम से अपने विचारों, रचनात्मकता, ज्ञान, भावनाओं और कल्पना का आदान-प्रदान करते हैं। यह दिन हमें अपने आस-पास की प्रकृति में गोता लगाने, उसकी सुंदरता का निरीक्षण करने और अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने को प्रेरित करता है। इसके माध्यम से जीवन की खूबसूरती को उकेरने एवं मोहक दुनिया का सृजन करने का प्रयत्न किया जाता है।

विश्व कला दिवस की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तय की गई थी, जो इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। लिओनार्दो अपनी कला की वजह से दुनिया भर में मशहूर थे, दा विंची को विश्व शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, भाईचारे और बहुसंस्कृतिवाद के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कला के महत्व के प्रतीक के रूप में चुना गया था। कला और कलाकारों की कलात्मक सोच को सम्मानित और आत्मसात करने के उद्देश्य से ही हर साल यह दिवस मनाया जाता है। रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए, कला जीवन के सार को पकड़ती है, भावनाओं को जगाती है और शब्दों के बिना भी संबंध को बढ़ावा देती है। विंची एक महान कलाकार थे। उन्होंने कई ऐसी पेंटिंग बनाई हैं, जो विश्वभर में प्रसिद्ध हुई हैं। इन सब में 'मोना लिसा की पेंटिंग' के बारे में बच्चे-बच्चे को पता है। लेकिन, विंची ने मोना लिसा के अलावा भी कई विख्यात पेंटिंग बनाई हैं, जिनमें से कुछ हैं - लास्ट सपर, सेल्फ पोर्ट्रेट, द वर्जिन ऑफ द रॉक्स, हेड ऑफ अ वुमेन आदि। उनकी बनाई गई पेंटिंग्स आज भी दुनियाभर के म्यूजियम में रखी हुई हैं, जिन्हें देखने हर साल कई लाख लोग आते हैं।

दुनिया में कला के विविध रंग बिखरे हैं, कई अद्भुत आर्ट फॉर्म्स प्रचलित है। पॉप आर्ट एक खास तरह का आर्ट फॉर्म है, जो सदियों से लोगों का पसंदीदा रहा है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटिंग को एक कल्पना के तहत बनाया जाता है। इसमें पेंटिंग्स के पारंपरिक तरीकों का प्रयोग किया जाता है। कंटेम्परी आर्ट का सीधा मतलब है, ऐसा आर्ट जो हाल के समय में बनाया गया हो। इस तरह के आर्ट में हाल में हुई घटनाओं पर फोकस किया जाता है। कई लोग मानते हैं कि कंटेम्परी आर्ट और मॉडर्न आर्ट एक ही हैं। मगर ऐसा नहीं है, कंटेम्परी आर्ट के उलट मॉडर्न आर्ट के पेंटिंग्स में पारंपरिक तरीकों को फॉलो नहीं किया जाता है। इस तरह के आर्ट फॉर्म में पेंटर्स को छूट होती है, अपनी कल्पना के तहत पेंटिंग्स बनाने की। एब्सट्रैक्ट आर्ट की पेंटिंग्स बनाना एक बहुत मुश्किल और उलझा हुआ काम है। इस तरह के आर्ट में रंगों और अलग-अलग तरह की आकृतियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक दूसरे में घुली-मिली-सी होती हैं। एब्सट्रैक्ट आर्ट में कलर्स का इस्तेमाल खासतौर पर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। स्पिरिचुअल आर्ट में अध्यात्म और भक्ति से जुड़ी हुई पेंटिंग्स बनाई जाती हैं। कई बार कलाकार पूरी तरह से भक्ति और अध्यात्म में डूबकर ही इस तरह की पेंटिंग्स को पूरा कर पाते हैं। हर देश में वहां के कल्चर, अध्यात्म, आस्था और भगवान के अनुसार स्पिरिचुअल आर्ट्स बनाए जाते हैं।

संगीत भी कला का माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं, ये कला के बेजोड़ नमूने है। भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास भक्ति संगीत एवं साहित्य विलक्षण उदाहरण हैं।

कठपुतली भी कला का ही एक नमूना है, लकड़ी अर्थात काष्ठ से इन पात्रों को निर्मित किये जाने के कारण अर्थात् काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा। पुतली कला कई कलाओं का मिश्रण है, जिसमें-लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि। भारत में यह कला प्राचीन समय से प्रचलित है, जिसमें पहले अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, हीर-रांझा, लैला-मजनूं, शीरी-फरहाद की कथाएँ ही कठपुतली खेल में दिखाई जाती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्शल-आर्ट्स सीखने से शरीर रहता है स्वस्थ्य व निरोग : कुमार आदर्श

संत मरियम स्कूल में मिक्सड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मिक्सड मार्शल- आर्ट्स एडभान्स ट्रेनिंग कैंप का आयोजन संत मरियम विद्यालय के कजरी शाखा में किया गया। संत मरियम विद्यालय के चारों शाखाओं के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुमार आर्दश ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में कराटेकारों को प्रशिक्षण में मुख्य मार्शल- आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, सेन्साई सकेन्दर प्रजापति, सेन्साई नटवर पांडेय, सेन्साई आशुतोष कुमार, सेन्साई गोल्डी कुमारी, सेम्पाई अमित प्रजापति, सेम्पाई मखारिया, इत्यादि प्रशिक्षकों ने सेल्फ- डिफेंस, नाईन चांक, डंडा, कटाना, शाई, श्री स्टार नाईन -चांक, काता, ग्रप- फाईट, फ़्लाईग-किक इत्यादि का प्रशिक्षण कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार आदर्श ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करने के लिए विद्यालय मार्शल- आर्ट्स शिविर का आयोजन कराया है। विषेश रुप से लड़कियों को सेल्फ- डिफेंस में प्रशिक्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि समय आने पर अपना रक्षा स्वयं कर सकें। मार्शल- आर्ट्स सिखने से शरीर स्वस्थ्य व निरोग रहता हैं।

### एबीवीपी ने जनता शिवरात्रि कालेज के नए प्राचार्य एके वैद्य का किया स्वागत



**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मेदिनीनगर इकाई ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के नए प्रभारी प्राचार्य बनने पर एके वैद्य को शुभकामनाएं दी व स्वागत किया। परिषद के कार्यकताओं ने प्राचार्य से महाविद्यालय की समस्याओं का उल्लेख करते हुए आशा जताई कि जल्दी ही अब समस्याओं का समाधान होगा। जिस तरह विश्वविद्यालय में अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक निर्वहन किया उसी प्रकार महाविद्यालय में भी आपना कार्यकाल सफलतापूर्वक निर्वाह करेंगे। इस अवसर पर विनीत पांडे, प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा, प्रदेश कल्याण छात्रवास कार्य प्रमुख रामाशंकर पसवान, जिला संयोजक नितीश दुबे, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे, कॉलेज मंत्री, रितेश पांडे, उज्जवल सिंह, राहुल कुमार चेरो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्रामपुर के चोरटिया में लगी आग

**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के चोरटिया गांव के एक खलिहान में बुधवार को आग लग गई। इससे खलिहान में रखा 150 बोझा गेहूं व 100 बोझा अरहर जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार चोरटिया गांव के चंद्रिका यादव के खलिहान में बुधवार को अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के द्वारा आग बुझाने का हरसंभव प्रयास किया गया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देखते ही देखते खलिहान में रखा गया गेहूं व अरहर का सभी बोझा जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। किसान चंद्रिका यादव ने कहा कि पूरा परिवार खेती पर ही निर्भर है। फसल जल जाने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का आयोजन

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ के पास बीएसएम ग्लोबल स्कूल परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलशयात्रा से हुई। आचार्य सुमन पांडेय ने यजमान बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी बबीता देवी की उपस्थिति में जल भरी और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम प्रारंभ कराया। कलश यात्रा बड़हिया टोला से शुरू होकर शिव मंदिर, कनक मंदिर होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मशरक में ग्रामीण एसपी ने की जनसुनवाई

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने मशरक थाना परिसर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 35 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिनके समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह व थानाध्यक्ष रणधीर कुमार भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय विद्यालय मशरक में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में कक्षा एक में नवप्रवेशी बच्चों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य रंजना झा ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों का स्वागत तिलक और पुष्पवर्षा से किया गया। कार्यक्रम में गीत, कविता, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक नीतियों से भी अवगत कराया गया।

### बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर प्रखंड के मुड़वां बाजार पर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता चंद्रकेतु नारायण सिंह ने की। कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की गई और वक्ताओं ने बाबासाहेब के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### उच्च विद्यालयों में नामांकन के लिए जिला पार्षद ने की मांग

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पार्षद छविनाथ सिंह ने लौआ पंचायत के छात्रों के लिए पास के उच्च विद्यालयों में नामांकन की अनुमति देने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि लौआ पंचायत में हाई स्कूल नहीं है, जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है।

### पूर्व मुखिया समेत 9 पर प्राथमिकी दर्ज

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर थाना क्षेत्र के दरवा गांव के जय किशोर राम ने डटरा पुरसौली के पूर्व मुखिया संगम बाबा सहित 9 लोगों पर एससी-एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि रास्ते में गाली-गलौज और मारपीट के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया।

### थानाध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सलेमपुर गांव की गायत्री देवी ने अपनी नाबालिग बेटी से जुड़े गंभीर मामले में थानाध्यक्ष पर बीएनएस 199 के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। आरोप है कि थानाध्यक्ष द्वारा पोक्सो एक्ट नहीं लगाए जाने के कारण आरोपी को जमानत मिल गई और अब वह पुनः पीड़िता को परेशान कर रहा है।

# खूंटी पुलिस ने किया जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

## नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं पुलिस-जनता के बीच विश्वास का सेतु बना कार्यक्रम

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने तथा पुलिस एवं आम जनता के बीच पारस्परिक विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड पुलिस द्वारा नगर भवन, खूंटी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अड़की, रनिया, तपकारा, तोरपा, कर्रा, जरियागढ़, मारंगहादा, सायको, खूंटी, मुरहू तथा महिला थाना द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं व शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड श्री ओंमकार अमोल विनुकांत, पुलिस अधीक्षक, खूंटी श्री अमन कुमार एवं एसडीओ खूंटी सुश्री दीपेश कुमारी ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान चोरी, लूट



तथा खोए हुए कुल 13 मोबाइल फोन को पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्तियों को लौटाया गया। साथ ही, पूर्व में जब्त किए गए 38 मोबाइल फोन भी उनके संबंधित मालिकों को सौंपे गए। पुलिस महानिरीक्षक श्री ओंमकार अमोल विनुकांत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करते हुए पुलिस एवं आम लोगों के बीच विश्वास की भावना को प्रबल करना है। उन्होंने जानकारी दी कि खूंटी में अब तक चार जन शिकायत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें प्राप्त 220 मामलों का समाधान संबंधित विभागों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री अमन कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और यथासंभव शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीपीओ खूंटी श्री वरुण रजक, डीएसपी मुख्यालय, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जनता ने झारखंड पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम जनता के बीच संवाद और सहयोग की भावना को बल मिलेगा।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के चौथे चरण का आयोजन, कुल 31 आवेदन पड़े

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के निर्देश के आलोक में राज्य स्तरीय जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन मैरानवाटांड पंचायत भवन में किया गया जिसमें मुख्यालय हेडक्वार्टर लोगों को इस तरह के जन शिकायत समाधान शिविर से कई तरह के उपेक्षाएं है देखा जाए जनता जनार्दन पर कितना खरा उतरने में सफल होते हैं। मौके पर मुख्यालय हेडक्वार्टर 2 के डी एस पी डी एन बंका,टुण्डी अंचलाधिकारी जितेंद्र



2 के डी एस पी धीरेन्द्र नारायण बंका की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ किया गया । इस शिविर में कुल 31 आवेदन पड़े जिसमें 6 आवेदन पर ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। सबसे ज्यादा आवेदन जमीन संबंधित आया था।इस शिविर को तीन थानों ने मिलकर आयोजित किया था पूर्वी टुंडी थाना,मनियांडीह थाना, तथा टुण्डी थाना प्रसाद, पूर्वी टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, पूर्वी टुंडी अंचलाधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल, पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी रवि कुमार, इंस्पेक्टर सज्जाद हुसैन,टुण्डी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमाशंकर, मनियांडीह थाना प्रभारी शिवकुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

# मानवता की सेवा में एक सराहनीय पहल

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मारंगहदा में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री ज्योति कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रही। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सकगण, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आत्मगौरव की




अनुभूति हुई और समाज में सकारात्मक संदेश गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा, "रक्तदान महादान है। यह न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है।" उन्होंने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## नेशनल हाइवे पर हादसे को रोकेगा ट्रक पार्किंग जोन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगेश गुंजन तोपचांची से मैथन तक सड़क किनारे खड़े ट्रकों की वजह से होनेवाले हादसों ने सैकड़ों जिंदगियों को बर्बाद कर दिया। रात के अंधेरे में खड़े वाहन से टकराकर हर माह हादसे होते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) बरवाअड्डा में एक साथ 400 ट्रकों के खड़े करने के लिए पार्किंग जोन तैयार कर रहा है। अगले महीने से ट्रक ड्राइवर यहां अपने वाहन खड़ा कर आराम कर सकेंगे। 400 करोड़ की लागत से बरवाअड्डा से पानागढ़ तक एनएच-2 को सिक्स लेन किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में दो जगहों पर ट्रक पार्किंग जोन बनाने की योजना भी है। एक ट्रक पार्किंग जोन बरवाअड्डा चौक के समीप और दूसरा बराकर में बनाया जा रहा है। बराकर में पार्किंग जोन बनकर तैयार हो गया है, जबकि धनबाद में अभी काम जारी है। यहां ट्रक समेत बड़े वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम का सफल आयोजन



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित पोषण अभियान के अंतर्गत 08 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक जिले में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में खूंटी जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर "पोषण भी, पढ़ाई भी" (एउऊ एवं एउउए) दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई तथा रोचक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से उनके शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने बच्चों को गीत, कहानी, चित्रों एवं शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास—स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा—पर एकीकृत रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। स्थानीय समुदाय एवं अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे यह कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली सिद्ध हुआ।

# झारखण्ड आन्दोलनकारियों के निधन के उपरांत एक लाख रुपये देने की घोषणा हेमन्त सोरेन का है क्रूर मजाक : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के मुख्यमंत्री व झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नव चयनित केन्द्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड आन्दोलनकारियों के साथ क्रुर मजाक किया है। अपने अध्यक्ष बनने के बाद पहले सम्बोधन में कहा कि झारखण्ड आन्दोलनकारियों के मरने के बाद एक लाख रुपए देंगे। झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा ऐसा सम्बोधन बेशर्मी की हद के साथ- साथ क्रुर मजाक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों की देन है। गुरूजी शिबू सोरेन की विरासत को संभालते ही आपके तेवर बदली हुई लग रही है। झारखंड राज्य के निर्माण में हजारों आन्दोलनकारी अपने प्राणों की आहुति दी है।



लाखों परिवारों की कुबार्नी व बलिदान के बाद 25 बर्ष से आन्दोलनकारी अपने मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा व पहचान के लिए बाट जोह रहे हैं। झारखंड के साथ उत्तराखंड छतीसगढ़ व तेलंगाना राज्य बनें। सभी राज्यों में सेनानी के जैसा पेन्शन व मान सम्मान मिल रहा है। मगर झारखण्ड में केवल थोथी दलील हो रही है। केवल आन्दोलनकारियों को गुमराह करने के लिये सरकार बीच- बीच मे सगुफा छोड़ते रहती है। गुरु जी कहते है कि आन्दोलन में ढोल डिग्री बजाने वाले भी आन्दोलनकारी हैं। उन्हें भी मान- सम्मान मिलेगा। मगर विकास पुत्र हेमन्त सोरेन ने अब तक जेल जाने की बाध्यता समाप्त नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को पुनः संज्ञान में देना चाहते हैं कि अविलंम्ब आन्दोलनकारी को स्वतंत्रता सेनानी के जैसे पूरा अधीकार दें। लड़कर राज्य बनाये हैं। अब लड़कर संवैधानिक अधिकार ले कर रहेंगे।

## फेयरमाइन कार्बन कंपनी ने कोल क्षेत्र में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई वह निः शुल्क दवा ली

**मेदिनीनगर (पलामू)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडवा के सात नंबर टोले पर बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पंडवा स्थित फेयरमाइन कार्बन कंपनी के द्वारा क्षेत्र के लोगों की मांग पर शुरू किया गया। क्षेत्र के सौकड़ों लोगों ने शिविर में पहुंचकर डॉ एस चौधरी व डॉ कुनाल दुबे से जांच कराई व दवा लिया। जांच शिविर का शुभारंभ उप महाप्रबंधक यशवंत कुमार व प्रणव द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपमहाप्रबंधक यशवंत कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांग पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए कंपनी ने जांच कराकर निःशुल्क दवा का वितरण कराया। आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। अपनी जांच कराने आए लोगों ने कहा कि कंपनी की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कराना साकारात्मक पहल है। मौके पर लाइजनिंग आफिसर शशांक सिंह, आशीष कुमार उपाध्याय, एचआर हेड विजय कुमार झा, आयुष कुमार, जयंत कुमार, विनोद कुमार सिंह, दिनेश कुमार मेहता, यदुवंशी सिंह, अर्जुन सिंह, छोटू सिंह, अविनाश सिंह, संदीप मेहता, वरूण सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## पलामू में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिले में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। शहर थाना परिसर समेत जिले के सभी अनुमंडल स्थित थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन आईजी सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन व सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। सभी अनुमंडलों में जहां भी कार्यक्रम आयोजित किए गए वहां संबंधित क्षेत्र के सीडीपीओ व वरीय पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों का समाधान करना व पुलिस व जनता के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना था। शहर थाना समेत अन्य थानों में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। पुलिस प्रशासन ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान किया। शेष शिकायतों को आगे की कार्रवाई के लिए अंकित किया गया।

### जन शिकायत कार्यक्रम में 107 शिकायतें पहुंची

54 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया

जन शिकायत कार्यक्रम में जमीन विवाद से संबंधित 50, कांड से संबंधित 17 व अन्य प्रकार के 40 मामले आए। जिले के सदर, विश्रामपुर, लेस्लीगंज, हुसैनाबाद व छतरपुर अनुमंडलों में भी कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जनता ने इस कार्यक्रम को एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि इससे पुलिस व नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हुआ है। पुलिस प्रशासन ने भी आश्वासन दिया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

## ईडी को राजनीतिक हथियार के रुप मे इस्तेमाल कर रही भाजपा : बिटटू

**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जब भी चुनाव आते हैं भाजपा डरकर ईडी का सहारा लेती है। लगातार कांग्रेस पार्टी के गुजरात में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों से घबराकर व गुजरात अपने हाथों से खिसकता देख एक बार फिर मोदी ने ईडी का उपयोग राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। नेशनल हेराल्ड मामले को झूठ के बुनियाद पर खड़ा किया जा रहा है। इसे बेवजह तुल दिया जा रहा है। ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग राजनीतिक एजेंडा के तहत किया जा रहा है। सोनिया गांधी व राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी व 5500 पन्ने की चार्ज सीट दाखिल कर लोकतंत्र का गला घोटने का कोशिश की गई थी। यह पूरे तरीके से चुनाव से ग्रसित था। उसका क्या हश्र हुआ सभी को पता है। गुजरात में महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम में सम्मेलन की सफलता के बाद एक बार फिर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है।



# श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के तत्वावधान में सितंबर में भंडारा और कन्या पूजन का होगा आयोजन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माता रानी के पवित्र नगरी कटरा के त्रिकूट पर्वत की तलहटी में हंसाली गांव स्थित मां के प्रथम प्राकट्य स्थल बाबा श्रीधर और माता सुलोचना के मंदिर में श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के तत्वावधान में सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में भंडारा और कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। इसको लेकर श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति के सीवान के 11 सदस्यीय श्रद्धालुओं की टीम अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय व सचिव अनूप कुमार के नेतृत्व में चैत्र नवरात्र में माता रानी का दर्शन करने पहुंची। माता रानी के दर्शन करने के बाद बाबा श्रीधर व माता सुलोचना के मंदिर गए। वहां पर भी दर्शन किया। प्रथम प्राकट्य स्थल स्थित माता रानी के मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। इसके बाद मंदिर के प्रधान पुजारी श्री नारायण दास जी से भंडारा और कन्या पूजन की बिंदु पर चर्चा की। इसके आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।



यहां पर प्रधान पुजारी श्री नारायण दास जी ने भंडारा और कन्या पूजन के आयोजन में सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से सभी कार्य सफल होते हैं। वर्ष 2024 में 300 सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं का जत्था माता रानी के दर्शन करने के लिए गया था। इस दौरान भंडारा और कन्या पूजन की शुरूआत की गई थी। पिछले साल 2 सितंबर को भंडारा और कन्या पूजन का आयोजन किया गया था। माता रानी के दर्शन के लिए इस वर्ष सितंबर के प्रथम सप्ताह में 12 वें साल यात्रा होगी। इस दौरान प्रधान यात्रा प्रभारी मुन्ना कुमार सिंह, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,मनीष कुमार आदि शामिल थे। अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि माता रानी की कृपा से पिछले साल 3 साल से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। यह बिहार समेत कई राज्य का सबसे बड़ा ग्रुप यात्रा कराने का रिकॉर्ड बन गया है। इस साल भी होने वाले यात्रा के लिए तैयारी की जा रही है। यात्रा की तैयारी मार्च में सही शुरू कर दी जाती है। इसके लिए श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस यात्रा की शुरूआत वर्ष 2014 में तीन श्रद्धालुओं से की गई थी। जो अब सबसे बड़ा ग्रुप यात्रा करने की पहचान बन गई है। इस यात्रा में आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर श्रद्धालुओं को निशुल्क भी शामिल कराया जाता है। इस साल भी श्रद्धालुओं को यात्रा में निशुल्क शामिल कराया जाएगा।

# मिशन वात्सल्य के अंतर्गत तोरपा में 'बाल संरक्षण मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन




**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निदेशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी एवं संभव ट्रस्ट, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत 'बाल संरक्षण मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार, तोरपा में किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव व टोला के प्रत्येक बच्चे को संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के तहत ग्राम बाल संरक्षण समिति की भूमिका को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं में बच्चों से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता देने एवं बच्चों व किशोरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह से मुक्ति, नशा उन्मूलन, बाल तस्करी का निवारण, यौन शोषण से सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर संवाद हुआ। साथ ही सरकारी योजनाओं से बच्चों को जोड़ने, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना एवं फोस्टर केयर योजना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपीओ खूंटी श्री मोहम्मद अल्ताफ खान, बीडीओ तोरपा श्री नवीन चंद्र झा, उपप्रमुख श्री संतोष कर, संभव ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री मोनिका आर्या, सीडीपीओ पूजा जी, चाइल्डलाइन प्रतिनिधि वितेश कुमार, तथा संभव ट्रस्ट से अनिल कुमार, प्रिय कुमारी, अभिषेक यादव, दीपक तिग्गा, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# घरों की बिक्री में 19 फीसदी की भारी गिरावट

## महंगाई ने मारा घर खरीदने का सपना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूरे देश में घरों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। देश के आठ सबसे बड़े शहरों में घरों की बिक्री और नए घरों की लांचिंग में 19 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इसे वैश्विक बाजार में रोजगार के अवसरों को लेकर लोगों की अनिश्चितता का परिणाम बताया गया है। महंगे होम लोन के कारण भी निवेशक घर खरीद से पीछे हटने के लिए मजबूर हुए हैं। इसके पहले की तिमाही अक्तूबर-दिसंबर 2024 में भी घरों की बिक्री में 26 फीसदी और नए घरों की लांचिंग में 33 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। इसका असर निर्माण और रियल स्टेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के रोजगार पर पड़ सकता है।

बंगलूरू और चेन्नई को छोड़कर देश के सभी शहरों में घरों की बिक्री में कमी दर्ज की गई है, जबकि अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे में घरों की खरीद-बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। बंगलूरू में घरों की बिक्री में 13 प्रतिशत और चेन्नई में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि कोलकाता में केवल एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। हैदराबाद और मुंबई में घरों की बिक्री में सबसे ज्यादा 26-26 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि पुणे में भी घरों की बिक्री में 25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जनवरी-मार्च 2025 की पहली तिमाही में देश के सबसे बड़े आठ शहरों में होम सेल्स में 19 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। इस दौरान डेवलपर द्वारा नए घरों की उपलब्धता में भी दस फीसदी की गिरावट आई है। घरों की बिक्री में कमी का सबसे बड़ा कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितता और घरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को माना गया है। निर्माण क्षेत्र में सीमेंट, स्टील, परिवहन और फर्नीचर जैसी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण घरों का निर्माण महंगा हुआ है। इससे लोगों की खरीद क्षमता में घरों की उपलब्धता का संकट




पैदा हुआ है। इसका असर प्रॉपर्टी और निर्माण क्षेत्र की नौकरियों पर पड़ सकता है। इस सेक्टर में काम कर रहे श्रमिकों को इसका सीधा नुकसान होने की संभावना है।

अक्तूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में भी पूरे देश में घरों की बिक्री में कमी दर्ज की गई थी। इस समय अवधि में दीपावली और नवरात्रि-दशहरा जैसे त्योहारी सीजन होने के बाद भी घरों की बिक्री में 26 प्रतिशत की भारी गिरावट आई थी। इस गिरावट का यह परिणाम हुआ था कि प्रॉपर्टी सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों ने नए प्रोजेक्ट को लांच करने में कटौती कर दी। इस तिमाही में नए प्रोजेक्ट्स की लांचिंग में पिछले वर्ष की इसी समय अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

लगातार दो तिमाही में घरों की बिक्री और नए घरों के प्रोजेक्ट्स लांच होने में कमी का असर सीधे तौर पर रोजगार के अवसरों को प्रभावित करता है। नए होम प्रोजेक्ट्स की लांचिंग में कमी से निर्माण क्षेत्र में काम कर रहे श्रमिकों के रोजगार पर गहरा नकारात्मक असर छोड़ सकता है। इससे देश की इस बड़े वर्ग के हाथ में पैसे की कमी आवश्यक वस्तुओं की खरीद-बिक्री और उत्पादन को भी प्रभावित कर सकता है।

### आरबीआई के कदम से स्थिति संभलने का अनुमान

रिजर्व बैंक ने लगातार दो बार रेपो दरों में कटौती की है। इससे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ब्याज दरों में कटौती की है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक ने इस तरह का कदम न उठाया होता तो इस तिमाही में रियल स्टेट सेक्टर में और अधिक मंदी आ सकती थी। लेकिन ब्याज दरों के कम होने से कुछ निवेशक घर खरीद को अपनी प्राथमिकता में रख सकते हैं।

### सोच समझकर करें निवेशः एक्सपर्ट

हाउसिंग डॉट कॉम के सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने अमर उजाला से कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका के टैरिफ वॉर के कारण व्यापार में अनिश्चितता पैदा हुई है। इससे लोग अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर आशंकित हुए हैं। इसका सीधा असर आने वाले समय में घरों की बिक्री पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि घर–फ्लैट में निवेश ज्यादातर लोगों के लिए जीवन में एक–दो बार किया जाने वाला भारी निवेश होता है, लिहाजा सभी पहलुओं का गहराई से अध्ययन करने के बाद ही किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना चाहिए।

**आय के 10 प्रतिशत से अधिक न हो ईएमआई** – नवेश एक्सपर्ट अनिल सक्सेना ने अमर उजाला से कहा कि घरों को खरीदना इतना महंगा हो गया है कि बिना बैंक से कर्ज लिए घर खरीदने की बात अब कोई सोच भी नहीं सकता। लेकिन ऐसा करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि होम लोन के रूप में जाने वाली ईएमआई अपनी मासिक–वार्षिक आय के 15–20 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## 10,000 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए सरकार जारी करेगी टेंडर!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी जेबीएम ऑटो लिमिटेड और ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। इन कंपनियों को नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। यही वजह है कि आज बुधवार, 16 अप्रैल को कंपनी के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। दरअसल, खबर है कि सरकार 10,000 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए टेंडर जारी करने वाली है। पीएम ई–ड्राइव योजना के तहत बसों की खरीद के लिए टेंडर अगले महीने जारी किए जाने की संभावना है।



### क्या है डिटेल

सीएनबीसी–टीवी18 ने सोर्स के हवाले से बताया है कि सीईएसएल या कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड 9 शहरों के लिए इंट्रा–सिटी ई–बस ऑपरेटर चुनने के लिए टेंडर जारी करेगी और केंद्र इन बसों की खरीद के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगा। इन नौ शहरों में बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, नई दिल्ली और कोलकाता शामिल हैं। हैवी उद्योग मंत्रालय ने प्रति इलेक्ट्रिक बस अधिकतम सब्सिडी राशि 35 लाख तय की है और अधिकांश राज्यों ने इंट्रासिटी उपयोग के लिए 12 मीटर की इलेक्ट्रिक बसों की मांग की है। बता दें कि सरकार ने सितंबर 2024 में पीएम ई–ड्राइव योजना शुरू की थी। 10,900 करोड़ का परिव्यय मार्च 2026 तक लागू है।

**शेयरों के हाल**– जेबीएम ऑटो की सहायक कंपनी जेबीएम इकोलाइफ मोबिलिटी ने इस साल फरवरी में पीएम ई–बस सेवा योजना–टू के तहत 5,500 करोड़ का ऑर्डर जीता था। जेबीएम ऑटो के शेयर 10.2 प्रतिशत बढ़कर 689 पर कारोबार कर रहे हैं, लेकिन अपने हाल के शिखर 1,169 से काफी नीचे हैं।

## एचडीएफसी बैंक के शेयर खरीदें, 2350 तक जा सकती है कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक का शेयर आज बीएसई पर 1,882.05 के नए हाई पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरे दिन की बढ़त है। शेयर ने आज 1,882 के ओपन प्राइस के साथ शुरुआत की, जबकि कल का क्लोजिंग प्राइस 1,864.90 था। सुबह 10-05 तक यह शेयर 0.60 प्रतिशत चढ़कर 1,876 पर ट्रेड कर रहा था। इसी दौरान सेंसेक्स भी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,830 के लेवल पर था। यह नया रिकॉर्ड प्राइस, 19 सितंबर 2019 के स्टॉक स्प्लिट के बाद एडजस्ट किया गया है।

### कैसा रहा साल 2025 का सफर

शेयर मार्केट में उथल–पुथल के बावजूद एचडीएफसी बैंक के शेयर ने इस साल अच्छी बढ़त दिखाई है। 15 अप्रैल तक, यह शेयर साल 2025 में 5 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि सेंसेक्स 2 प्रतिशत नीचे गिरा है। पिछले साल 13 मई को यह शेयर अपने 52–हफ्ते के निचले स्तर 1,430.15 पर पहुंचा था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर आप लॉन्ग टर्म के लिए इन्वेस्ट करते हैं, तो एचडीएफसी बैंक के शेयर में दम दिखता है। फरवरी में 2 प्रतिशत, मार्च में 6 प्रतिशत, और अप्रैल में अब तक 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ एचडीएफसी बैंक लगातार तीसरे महीने ग्रीन में है।

# अमेरिका लगातार चौथे साल भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

**चीन से व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका लगातार चौथे साल वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। इस दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। हालांकि, इस अवधि में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया। 2023-24 में यह आंकड़ा 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में भारत का चीन से आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था।

### चीन के साथ व्यापार घाटे में 17 फीसदी की बढ़ोतरी

चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में लगभग 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में यह आंकड़ा 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के दोतरफा कारोबार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। 2023-24 में दोनों देशों के बीच 118.4 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। 2021-22 से अमेरिका सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 100.5 अरब डॉलर के साथ यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा।

**अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हुआ**– बीते वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में भारत का अमेरिका से आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

### अमेरिका के साथ इन चीजों का हो रहा निर्यात और आयात

2024 में, अमेरिका भारत ने जिन प्रमुख चीजों का निर्यात किया उनमें औषधि निर्माण और जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना और अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर), और लोहा और इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। आयात के प्रमुख उत्पादों में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे और पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान और उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देश एक कारोबारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इसका मकसद 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं में दोतरफा वाणिज्य को वर्तमान 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है।

# सरकारी कंपनी को हुआ प्रॉफिट तो सरपट दौड़ने लगे शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में बुधवार को मिलाजुला रुख रहा। मार्केट खुलने से लेकर दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव आता रहा। वहीं दूसरी ओर कई कंपनियों के शेयर ने मार्केट में गिरावट के बाद भी ऊंची छलांग लगाई। इसी में सरकारी कंपनी इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी का शेयर भी शामिल है। कंपनी ने एक दिन पहले ही अपनी चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए थे। चौथी तिमाही में कंपनी को जबरदस्त फायदा हुआ है। इसके बाद आज बुधवार को इसके शेयर में तेजी देखी गई। इरेडा के शेयर बुधवार को 7 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए। एक दिन पहले यानी मंगलवार को यह 167.10




रुपये पर बंद हुआ था। बुधवार को यह 5 फीसदी की तेजी के साथ 175.75 रुपये पर खुला। खुलते ही इसने बढ़त बनाना शुरू कर दिया और देखते ही देखते 7 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 179.50 रुपये पर जा पहुंचा। दोपहर करीब 12 बजे यह शेयर 6 फीसदी की तेजी के साथ 177.20 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

**कंपनी ने खूब दिया लोन**– सरकार के स्वामित्व वाली इस कंपनी ने चौथी तिमाही में 47,453 करोड़ रुपये के लोन मंजूर किए। यह पिछले साल से 27 प्रतिशत ज्यादा है। इस तिमाही में लोन का वितरण 20 प्रतिशत बढ़कर 30,168 करोड़ रुपये हो गया। ऐसे में इरेडा का कुल लोन पोर्टफोलियो इस तिमाही में बढ़कर 76,250 करोड़ रुपये हो गया है। यह पिछले साल की इसी तिमाही के 59,698 करोड़ रुपये से 28 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट चौथी तिमाही में 770 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में यह 498 करोड़ रुपये था। इस तरह कंपनी के ऑपरेटिंग प्रॉफिट में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी के ग्रॉस एनपीए इस तिमाही में 1,866 करोड़ रुपये रहे। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 1,845 करोड़ रुपये था और पिछले साल इसी तिमाही में 1,411 करोड़ रुपये था।

### कैसा रहा कंपनी का रिजल्ट

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के नतीजे मंगलवार को जारी किए। इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 502 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 337 करोड़ रुपये था। वहीं कंपनी की कुल कमाई भी बढ़ी है। इस चौथी तिमाही में कंपनी ने 1,905 करोड़ रुपये कमाए। पिछले साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 1,391 करोड़ रुपये था। इस तरह कंपनी की कमाई में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# दो दिन में 18.42 लाख करोड़ का फायदा...

**● भारत में कुछ उद्योगपति काम के घंटे बढ़ाने की बात कर रहे हैं ● टोक्यो शहर की सरकार ने यह नया नियम शुरू किया**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना नजरिया जारी किया है। फर्म ने दिसंबर 2025 के लिए बीएसई सेंसेक्स का टारगेट घटा दिया है। हालांकि, उसका मानना है कि भारतीय बाजार में अभी भी तेजी बनी रहेगी। दो दिनों में शेयर बाजार में आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति में 18.42 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

मॉर्गन स्टैनली ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट के बावजूद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। लेकिन, मल्टी-मंथ लो तक पहुंचने का खतरा अभी भी बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की मध्यम अवधि की कमाई का साइकिल ठीक है।

मॉर्गन स्टैनली के अनुसार, भारत का लो बीटा वैश्विक बाजार में गिरावट के बीच बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर रहा है। हालांकि, इंडेक्स मल्टी-मंथ लो तक पहुंच सकता है। भारत के लिए कुछ खास चीजें हैं जो बाजार को ऊपर ले जा सकती हैं। जैसे आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती, जीएसटी दरों में कटौती, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता और अच्छे आर्थिक आंकड़े। ब्रोकरेज फर्म



ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कमाई का अनुमान 13 प्रतिशत घटा दिया है। इसका कारण वैश्विक स्थिति को बताया गया है। उसने कहा कि सरकार के बेहतर काम और आरबीआई की उदार नीति से घरेलू विकास को समर्थन मिल रहा है। भारत की मध्यम अवधि की कमाई का चक्र अभी भी ठीक है। दिसंबर 2025 के लिए सेंसेक्स के टारगेट पर मॉर्गन स्टैनली ने कहा, हमारा नया दिसंबर 2025 का सेंसेक्स टारगेट 12 प्रतिशत कम होकर 82,000 है, जो वर्तमान स्तर से 9 प्रतिशत ऊपर है। इसका मतलब है कि मॉर्गन स्टैनली को अभी भी सेंसेक्स में बढ़ोतरी की उम्मीद है, लेकिन पहले जितनी नहीं।

दिसंबर 2024 में मॉर्गन स्टैनली ने भविष्यवाणी की थी कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स 93,000 तक पहुंच जाएगा। लेकिन, अब उसने अपना लक्ष्य घटा दिया है।

### निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ बढ़ी

दो कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार में आई तेजी की बात करें तो निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर शुल्क में छूट दिए जाने और वाहनों पर टैरिफ की समीक्षा के संकेत के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 अंक यानी 2.10 फीसदी की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ।

दो दिनों में सेंसेक्स 2,887.74 अंक चढ़ा है। इस तेजी के साथ बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 18,42,028.91 करोड़ रुपये बढ़कर 4,12,24,362.13 करोड़ रुपये हो गया। इसका मतलब है कि निवेशकों को दो दिनों में काफी फायदा हुआ है। कुल मिलाकर मॉर्गन स्टैनली ने भारत के शेयर बाजार के लिए अपना लक्ष्य घटा दिया है, लेकिन उसे अभी भी इसमें तेजी की उम्मीद है। वहीं, शेयर बाजार में आई तेजी से निवेशकों को काफी फायदा हुआ है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 16-04-2025 22:01 Page 1



# कोयला लदे दो बोलेरो में टक्कर, दोनों के चालक जख्मी

- ग्रामीणों ने दोनों वाहनोंको किया आग के हवाले
- गुस्साये लोगों ने दमकल को भी वापस लौटाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मंगलवार की रात राजगंज सिजुआ मार्ग पर तेतुलियाटांड कुष्ठ जेनरल अस्पताल के पास अवैध कोयला से लदे दो बोलेरो की टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और दोनों घायलों को वाहनों से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद, ग्रामीणों ने कोयला लदे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने और वाहनों की गति को कम करने की मांग करते हुए राजगंज-तेतुलमारी मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

गुस्साए ग्रामीणों ने कोयला ढोने वाले दोनों बोलेरो वाहनों को आग के हवाले कर दिया, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया।

घटना की सूचना मिलते ही तेतुलमारी, राजगंज, कतरास, रामकनाली, और ईस्ट बसुरिया थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह से जल चुके थे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र में कई अवैध कोयला डिपो संचालित हैं, जहां से अवैध कोयले की ढुलाई होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अवैध कोयला चोरी पर रोक लगाने की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। घटना के डेढ़ घंटे बाद दमकल वाहन पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने उसे वापस भेज दिया। बाद में,



मामला शांत होने पर दमकल को बुलाया गया, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थीं।

ग्रामीणों ने क्षेत्र में छोटे वाहनों से कोयला तस्करी का भी आरोप लगाया, जिसमें ओमनी कार, टोटो, ऑटो, और बोलेरो शामिल हैं।

कतरास के अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

## बैठक में कई मुद्दों पर बनी सहमती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राज्य के प्रमुख सरकारी अस्पताल रिम्स में बुधवार को 59वीं शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने की। इसमें स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार, कांके विधायक सुरेश बैठा समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार रिम्स को एक उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए हर स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रिम्स में निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने की दिशा में इवनिंग पेड ओपीडी शुरू करने की संभावनाओं की जांच की जाए। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा।

# झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक की बढ़ेगी भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कृषि विकास के क्षेत्र में झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक की भागीदारी बढ़ने जा रही है। झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक के द्वारा किसानों को दिए जाने वाले केसीसी लोन का आंकड़ा 200 करोड़ रुपये तक ले जाने की योजना है।

रांची के हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक और नाबार्ड के साथ कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की बैठक में इस पर चर्चा हुई। बैठक में बैंक कारस्पोंडेंट की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें गतिशील बनाने का निर्देश दिया गया है।

माइक्रो एटीएम की उपयोगिता और लेनदेन को लेकर भी भविष्य की कार्ययोजना तैयार की गई है। बैंक के द्वारा दिए जाने वाले लोन में एससी-एसटी और ओबीसी समाज की भागीदारी को बढ़ाने का दिशानिर्देश भी दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अब झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक के बोर्ड की बैठक हर माह होगी।

पहले माह में बोर्ड की बैठक में जहां एजेंडा पर चर्चा होगी, वहीं दूसरे माह में एजेंडे की समीक्षा की जाएगी। बोर्ड के सदस्यों को सात दिन पहले एजेंडा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं होने पर बोर्ड की बैठक अमान्य करार दी जाएगी।

झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष के जिला भ्रमण की जानकारी सभी निदेशक को सात दिन पहले दी जाएगी। बोर्ड की बैठक में तैयार प्रोसिडिंग पर सभी सदस्य हस्ताक्षर करेंगे। चार दिनों के अंदर प्रोसिडिंग की कापी भी सभी सदस्य को उपलब्ध करा दी जाएगी।

बोर्ड के सदस्य दो दिनों के अंदर किसी भी एजेंडे पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। को-ऑपरेटिव बैंक के लिए दिए गए दिशानिर्देश मई माह से मान्य होंगे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को-ऑपरेटिव बैंक और नाबार्ड के साथ चार महीने के बाद फिर समीक्षा करेंगी।

बैठक में विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीख, निबंधक सूरज कुमार, झारखंड को-ऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह, बोर्ड आफ डायरेक्टर के सदस्य, नाबार्ड के अधिकारी मौजूद थे।

# महिलाओं को ठगने वाला बाबा गिरोह सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका में लगभग दो वर्ष बाद कष्ट हरने के नाम पर महिलाओं से ठगने वाला गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। इस बार स्वयं को मथुरा का पंडित बताकर एक युवक ने सोमवार को सन साइन गली में रहने वाली पार्वती देवी नामक महिला से दो लाख के जेवरात व 10 हजार रुपये ठग लिए।

यह घटनाक्रम पोखरा चौक के पास मौजूद सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस फुटेज के आधार पर युवक की तलाश कर रही है।

दरअसल, पार्वती देवी सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे पोखरा चौक की ओर गई थी। तभी युवक ने इशारे से महिला को बुलाया और कहा कि वह मथुरा का पंडित है, काम के सिलसिले में दुमका आया है। करीब 10 मिनट तक दोनों में बात हुई। इसी बीच पंडित का करीबी व्यक्ति आया और उनके पैर छूकर

### झांसे में आयी महिला ने गंवाई जेवरात व नगदी

आशीर्वाद लिया। उसने महिला को बताया कि ये बहुत पहुंचे हुए पंडित है। चंद मिनट में सारे कष्ट दूर कर देते हैं। महिला को युवक की बात पर विश्वास हो गया और अपनी पीड़ा पंडित को बताई। सारा कष्ट सुनने के बाद पंडित ने कहा कि उसका सारा कष्ट दूर हो जाएगा।

इसके लिए अपने जेवरात खाली प्लास्टिक में डालने होंगे। महिला ने चेन समेत करीब दो लाख के पहने हुए जेवरात और 10 हजार रुपये प्लास्टिक की थैली में डाल दिए। पंडित ने महिला से कहा कि वह राधे राधे जपते हुए 108 कदम चले। विश्वास दिलाने के लिए अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि फिर कभी जरूरत पड़े तो इस नंबर पर काल कर लेना। जैसे ही महिला ने चलना शुरू किया तो पंडित थैली लेकर भाग गया।

इधर, महिला चक्कर काटने के बाद वापसी आई तो युवक वहां से भाग चुका था। इसके बाद महिला ने नगर थाना जाकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर युवक का पीछा किया। रिया रमन होटल के बाद युवक ने मोबाइल बंद कर लिया, जिस कारण पुलिस उस तक नहीं पहुंच सकी।

लगभग दो वर्ष पहले भी इसी तरह से ठगों ने तीन महिलाओं को अपना शिकार बनाया था। एक अधिवक्ता की मां आत्मा परिसर में बने मंदिर में पूजा कर लौट रही थी।

तभी दो साधुओं ने कष्ट को दूर करने के बहाने करीब तीन लाख के जेवरात ठग लिए थे। साथ ही मार्ग में दो अन्य महिलाओं को भी शिकार बनाया था।

## जंगली हाथियों से लोग भयाक्रांत

**सिमडेगा।** आक्रामक जंगली हाथियों ने बानो में अलग-अलग क्षेत्र में बीते दिनों दो लोगों की जान ले ली थी पहली घटना महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली की की है। वहीं, दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव की है। वहीं, गुमला में भी हाथी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। तीन लोग हाथी के हमले में घायल हो गए थे।इस घटना से स्थानीय लोगों में हमेशा भय एवं आशंका बनी रहती है।

ज्ञात हो कि महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली में घर के बाहर सोए विकास ओहदार को जंगली हाथी ने कुचलकर जान ले ली। घटना गुरुवार रात करीब 12:30 बजे की है। घटना की जानकारी सुबह परिजनों और ग्रामीणों को हुई। घटना की जानकारी वार्ड सदस्य संदीप समद एवं बेड़ाइरगी पंचायत की मुखिया हेलेना कंडुलना को दी गई।

वन विभाग ने दी सहायता राशि इसके बाद थाना और वन विभाग को भी इस घटना की सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मी मनीष और सुरेश टेटे घटनास्थल पहुंचे थे।

### आस्था से खिलवाड़ या चूक ?

# रजिस्ट्रेशन में अजय को बना दिया अब्दुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए धनबाद से भी काफी संख्या में श्रद्धालु हर वर्ष दर्शन के लिए जाते हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही की वजह से इस वर्ष तीन दिनों में एक भी श्रद्धालुओं का धनबाद से रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

इससे श्रद्धालुओं में काफी नाराजगी है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए गए मेडिकल टीम में डॉक्टर के गलत नाम दर्ज हो गए हैं।

ऐसे में पूरे अस्पताल परिसर में डॉक्टरों की खोजबीन की जा रही है। कभी सिविल सर्जन कार्यालय तो कभी मेडिकल कॉलेज का चक्कर श्रद्धालु काट रहे हैं।

अमरनाथ यात्रा के लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ है। लेकिन इसमें सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। अब यही स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड के सदस्य के नाम ही गलत दर्ज हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जो मेडिकल टीम गठित की गई है उसमें मेडिसिन विभाग के अब्दुल अंसारी के जगह अजय अंसारी नाम दर्ज है।

डॉ. पूर्णिमा केरकेट्टा की जगह डॉक्टर पूर्णिमा कक्कड़ दर्ज है। इसके साथ डॉ. विभूति नाथ, डॉ. रवि शंकर, डॉ. आशीष कुमार और डॉ. प्राची का नाम दर्ज है।



लेकिन इनमें से किसी भी डॉक्टर को यह पता नहीं कि वह मेडिकल बोर्ड टीम के हिस्सा है। संपर्क करने पर डॉक्टर बता रहे हैं कि उन्हें मेडिकल टीम के बारे में जानकारी नहीं है।

हीरापुर के रहने वाले विनोद कुमार ने बताया कि आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी लोगों को मेडिकल कॉलेज तो कभी सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

मेडिकल बोर्ड में हड्डी रोग विभाग, मेडिसिन विभाग और नाक कान गला रोग विभाग का सर्टिफिकेट अनिवार्य है। इसके साथ पैथोलॉजी जांच भी है। जब तक मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बन जाता तब तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा सकता है।

मेडिकल कॉलेज में प्रमाण पत्र बनाने के लिए अब तक 50 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संपर्क किया है। हर दिन लगभग 15 से 20 श्रद्धालु प्रमाण पत्र के लिए आ रहे हैं। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रील बनाने के चक्कर में गयी युवक की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुसरो।** इंटरनेट मीडिया में वायरल होने की चाहत में बेरमो के कारीपानी निवासी एक किशोर की जान चली गई। ये घटना चंद्रपुरा थाना अंतर्गत मकोली ओपी थाना क्षेत्र के कारीपनी स्थित बंद कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) के सेलो एरिया की है।

यहां लगभग 30 फीट ऊंचे प्लांट के ऊपर चढ़कर रील्स बनाने के दौरान कारीपानी निवासी अंबिका चौहान का 17 वर्षीय पुत्र पंकज चौहान गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पंकज को घायल अवस्था में उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्वजनों के अनुसार, घटना में पंकज का हाथ, पैर सहित पंजरी भी टूट गई थी।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंद कोल हैंडलिंग प्लांट के सेलो एरिया में आए दिन कॉलोनी के बच्चे खेलने व रील्स बनाने के लिए जाते हैं। बुधवार को भी पंकज चौहान अपने दोस्तों के साथ रील्स बनाने के लिए प्लांट के सेलो एरिया में ऊपर चढ़ा हुआ था।

बताया गया है कि इस दौरान पंकज का संतुलन बिगड़ गया और वह 30 फीट की ऊंचाई से गिर गया। नीचे पेड़ से टकराने से उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया।

इसके बाद आनन-फानन में लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता अंबिका चौहान ने बताया कि पंकज खेलने के लिए घर से बाहर निकला था।

उन्होंने कहा कि बाद में उसके दोस्तों से दुर्घटना में घायल होने की जानकारी मिली। अस्पताल आने पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरी कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है।

# गर्मी की बारिश ने ही खोली नगर निगम की सफाई की पोल

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में मंगलवार को दिनभर जहां आंशिक बादल छाए रहे तो दूसरी ओर शाम होते ही अचानक झमाझम बारिश ने गर्मी से राहत दी। साथ ही नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। वर्षा के बाद शहर की अमूमन सभी सड़कों पर नाले का गंदा पानी बहने लगा। इस कारण आमजनों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से जारी पूवार्नुमान की बात करें तो अगले तीन दिनों तक राजधानी समेत राज्य के आधे हिस्से में आंशिक बादल छाए रहेंगे और मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सकुर्लेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में मौसम में बदलाव हुआ है।

मौसम विभाग ने पूरे राज्य में वर्षा, तेज हवा,



बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर 18 अप्रैल तक आरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। अचानक हुई वर्षा के साथ साथ तेज हवा ने कुछ देर के लिए शहर की रफ्तार धीमी कर दी। मौसम विज्ञानी ने मौसम में परिवर्तन को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषकर मेघगर्जन के दौरान बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

रुक रुककर हो रही वर्षा ने ठंड बढ़ा दी तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें भी प्रभावित हुईं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि 16 से 19 अप्रैल तक राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन और तेज हवाओं के झोंके 30 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से, का असर देखने को मिलेगा।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के अलावे मध्य व निकटवर्ती हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, खूंटी, बोकारो के साथ साथ उत्तर पूर्वी हिस्से देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, धनबाद और साहिबगंज में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान लगभग सभी जगहों पर मेघगर्जन एवं आंधी के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई है जबकि कहीं कहीं भारी वर्षा और ओलावृष्टि हुई है। सबसे अधिक वषार्पात 93 मिमी धनबाद के पुटकी में रिकार्ड किया गया।

जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस सरायकेला का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम 33.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# अम्बेदकर की मूर्ति चोरी से बौखलाये लोग, हंगामा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** पलामू में अंबेडकर जयंती पर डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा चोरी की घटना हुई है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के खराड़पर गांव में असामाजिक तत्वों ने 14 अप्रैल की रात घटना को अंजाम दिया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह खराड़पर गांव के पास जपला-छतरपुर स्टेट हाइवे को जाम कर दिया है।

जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। जाम की सूचना पाकर हुसैनाबाद बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार व थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनको सफलता नहीं मिल सकी है। सड़क जाम का नेतृत्व कर रहे बसपा के अजय भारती व मनदीप राम ने कहा कि अंबेडकर जयंती के दिन गांव में डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान गांव के कुछ लोगों ने प्रतिमा स्थल की जमीन को लेकर विवाद किया था। उसके बाद हुसैनाबाद प्रशासन घटना स्थल पहुंची थी।

उसके बाद मामला को शांत कराकर प्रतिमा को स्थापित कराया गया था। लेकिन सोमवार की रात डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा किसी ने चोरी कर ली। यह घटना सोची समझी साजिश का नतीजा है। उनलोगों की मांग है कि प्रशासन की प्रतिमा के चुराने वालों को अविलंब पुलिस गिरफ्तार करे।

उसके बाद प्रतिमा को उसी स्थान पर तत्काल स्थापित करने का कार्य करें। साथ ही सीओ यह स्पष्ट करें कि प्रतिमा स्थल की भूमि किसकी है। जबतक उनलोगों की मांगे पूरी नहीं होती है तबतक सड़क जाम रहेगा।

इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। प्रतिमा चोरी में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही पता लगा कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही कार्रवाई एक बार फिर चर्चा का विषय बन चुकी है। दरअसल, नेशनल हेराल्ड केस में लोकसभा सदस्य व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर चार्जशीट दायर कर दिया गया है। एऊद्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसका असर राजधानी रांची में भी देखा गया। रांची के ईडी कार्यालय के समीप काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त किए। चर्चित नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर चार्जशीट दायर कर दी गई। जो देश की राजनीति में चर्चा का विषय बन चुकी है। कांग्रेस पार्टी के तरफ से शुरूआत से ही एऊ के



ऊपर लगाया जाता है कि एऊ केंद्र सरकार के इशारे पर कार्य करती है। ऐसे में जब कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेताओं पर एऊद्वारा कार्रवाई की गई। कांग्रेस के द्वारा देश भर में विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई का विरोध किया गया। झारखंड की राजधानी रांची के एऊकार्यालय के समीप काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या बार-बार इस देश में की जा रही है। मामले में हमारे नेता सोनिया एवं राहुल गांधी को क्लीन चिट मिल चुका है। मामले को फिर से इसलिए उठाया जा रहा है कि आगामी बिहार चुनाव, गुजरात के चुनाव, कांग्रेस पार्टी की सक्रियता से देश के प्रधानमंत्री बौखला गए हैं। राहुल गांधी के द्वारा लगातार सदन में जो रोजगार की बात, महंगाई की बात, किसानों की बात, देश की गिरती अर्थव्यवस्था की बात, अमेरिका द्वारा भारत में टैरिफ लगाने की बात को मुखर रूप से देश हित में उठाया जा रहा है। इससे केंद्र की सरकार विचलित हो गई है और इस आवाज को दबाने का प्रयास ईडी के माध्यम से की जा रही है। लेकिन देश के प्रधानमंत्री को यह पता नहीं है, यह गांधी परिवार है, जिसने देश के लिए इतनी कुर्बानियां दी हैं, जितनी प्रधानमंत्री गिनती नहीं गिन सकते हैं।

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक प्रदीप यादव, विधायक सुरेश बैठा, अनादि ब्रहम, प्रदीप तुलस्यान, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लालकिशोर नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज सोनाल शांति, सुरेन्द्र सिंह, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक और कुमार राजा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अब शाम में भी फ्लाइट से दिल्ली जा सकेंगे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** इंतजार की घड़ी समाप्त हो गई है। दिल्ली की शाम में भी फ्लाइट शुरू हो रही है। अब सुबह दिल्ली से देवघर की यात्रा कर शाम में वापस लौट सकते हैं।

दिल्ली की पहली फ्लाइट 20 जुलाई 2022 को उड़ान भरी थी। अब 21 महीना बाद देवघर-दिल्ली के बीच दूसरा यात्री विमान उड़ान भरेगा। देश की राजधानी से झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी के लिए सुबह और शाम दो फ्लाइट उड़ान भरेगी।दोपहर में दिल्ली से देवघर के लिए शाम को उड़ान भरने वाली 186 सीटर पहली फ्लाइट में मंगलवार तक 170 सीट की बुकिंग हो चुकी है। जबकि देवघर से दिल्ली जाने वाले 158 यात्री ने अब तक अपना सीट सुरक्षित करा लिया है।

देवघर एयरपोर्ट से दूसरी फ्लाइट के उड़ान भरने की स्वीकृति बहुत पहले मिल चुकी थी। समय भी पहले ही तय हो चुका था। देवघर एयरपोर्ट पर लगातार यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए सांसद डा. निशिकांत दुबे प्रयासरत हैं।

दिल्ली से प्रत्येक दिन शाम पांच बजकर दस मिनट पर उड़ान भरकर शाम सात बजकर दस मिनट पर देवघर एयरपोर्ट पर उतरेगी। आधा घंटा बाद शाम में देवघर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर रात 9:50 पर दिल्ली पहुंचेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्याः एमसी-ईसीए-एलएचबी-2024, दिनांक 15.04.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सीएचजी. एवं टी/एस), हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** तीन वर्षों की अवधि के लिए टिकियापाड़ा और एसवाईएई कोचिंग डिपो के एलएचबी कोचों के व्हील सेटों का एडी करंट एरे (ईसीए) परीक्षण। **निविदा मूल्य :** रु. 3,32,31,419.79। **जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रु. 3,16,200। **अनुबंध की अवधि :** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in। बोली बंद होने की तारीख और समयः** 05.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।

(HWH-29/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @Eastern Railway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल-04-25; दिनांक 15.04.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल मंडल - आपूर्ति एवं सिविल कार्यों के लिए आसनसोल के नए ऑफिसर्स क्लब में लिफ्ट का प्रावधान तथा पाथवे के साथ प्रवेश/निकासी गेट का प्रावधान, कार पार्किंग क्षेत्र का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 26,50,000; **बयाना राशि:** रु. 53,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 04 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 09.05.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-20/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# मयंक यादव ने की लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वापसी



## राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि तेज गेंदबाज मयंक यादव टीम में वापसी कर चुके हैं। उम्मीद है कि वह शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे। एलएसजी ने मयंक की वापसी की जानकारी एक खास वीडियो के जरिए अपने सोशल मीडिया पर दी, और कैप्शन में लिखा - मयंक यादव लौट आए हैं। मयंक को पीठ में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह बाहर थे। इस सीजन की शुरुआत में उनकी वापसी लगभग तय थी, लेकिन अचानक पैर की उंगली में उन्हें फिर से चोट लग गई। इस चोट में इंफेक्शन हो गया और उनकी वापसी और टल गई। मयंक पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर टीम इंडिया में शामिल हुए थे। इसके बाद वह पूरे घरेलू सीजन से बाहर रहे और बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इलाज और ट्रेनिंग करते रहे। एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर पहले ही मयंक की वापसी को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा था, मयंक अब दौड़ने और गेंदबाजी करने लगे हैं, जो कि भारतीय क्रिकेट और आईपीएल दोनों के लिए बहुत अच्छी बात है। मैंने एनसीए में उनकी गेंदबाजी का वीडियो देखा, जिसमें वह लगभग 90 से 95 प्रतिशत फिट नजर आ रहे थे। पिछले सीजन में मयंक ने अपनी तेज रफ्तार और विकेट लेने की क्षमता से सबको चौंका दिया था। वह लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटा से तेज गेंद फेंक रहे थे। उन्होंने एलएसजी के लिए सिर्फ चार मैच खेले थे, लेकिन फिर भी उन्हें बड़े खिलाड़ियों के साथ रिटेन किया गया था। एलएसजी की गेंदबाजी इस सीजन की शुरुआत से ही कई चोटों की वजह से कमजोर रही है। मयंक, मोहसिन खान, आवेश खान और आकाशदीप सभी शुरू में चोटिल थे। ऐसे में टीम ने अनुभवी शार्दुल ठाकुर को शामिल किया, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित हुए। बाद में आवेश और आकाश दीप भी टीम से जुड़ गए और उन्होंने क्रमश पांच और तीन मैच खेले। इन मुश्किल हालात के बावजूद एलएसजी ने अब तक सात में से चार मैच जीतकर अंक तालिका में पांचवां स्थान बना रखा है। उनका अगला मुकाबला शनिवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

## 46 साल की उम्र में पिता बने जहीर खान, पत्नी सागरिका ने बेटे को दिया जन्म, साझा की पहली तस्वीर



**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उनकी पत्नी सागरिका घटगे ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों ने बेटे का नाम फतेहसिंह खान रखा है। दंपति ने बुधवार को एक संयुक्त पोस्ट साझा किया और इसकी पुष्टि की। इस कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं उसमें जहीर खान को बेटे को गोद में उठाए हुए देखा जा सकता है, जबकि सागरिका जहीर के कंधों पर हाथ रखी हुई हैं। एक और फोटो में जहीर बेटे का हाथ थामे हुए देखे जा सकते हैं। ग्रे-स्केल तस्वीर को साझा करते हुए इस कपल ने लिखा, आपके प्यार, कृतज्ञता और ऊपर वाले के आशीर्वाद से हम अपने बेटे फतेहसिंह खान का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। इसके बाद यह पोस्ट बधाई संदेशों से भर गया।

**पोंटिंग ने चहल को लेकर कही चौंकाने वाली बात, रहाणे बोले-**

# पंजाब के खिलाफ हार के लिए मैं जिम्मेदार





**मुल्लांपुर, एजेंसी।** रहाणे के आउट होते ही केकेआर की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने आखिरी आठ विकेट 33 रन के अंदर गंवा दिए। रहाणे ने खराब बल्लेबाजी पर भी हार का ठीकरा फोड़ा। वहीं, पोंटिंग ने इसे अपनी कोचिंग में हासिल की अब तक सबसे बेहतरीन जीत बताया है।

आईपीएल 2025 में मंगलवार को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 16 रन से हरा दिया। इस लो स्कोरिंग मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता की टीम 15.1 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। केकेआर की हार के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने हार की जिम्मेदारी खुद पर ली है। वहीं, पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि इस मुकाबले से पहले युजवेंद्र चहल को फिटनेस टेस्ट से गुजरना पड़ा था। उन्हें चोट लगी थी, लेकिन इसके बावजूद वह खेले। चहल प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उन्होंने चार विकेट झटके। पंजाब ने आईपीएल में सबसे छोटे लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

### कप्तान रहाणे ने ली हार की जिम्मेदारी

रहाणे ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनकी टीम ने बहुत खराब बल्लेबाजी की। उन्होंने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं, मैंने गलत शॉट खेला था। रहाणे युजवेंद्र चहल की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हुए, लेकिन मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू नहीं लेने का उनका फैसला महंगा साबित हुआ। रिप्ले में गेंद ऑफ स्टंप से बाहर निकलती दिख रही थी। रहाणे ने कहा कि वह पूरी तरह पक्का नहीं थे कि गेंद विकेट के बाहर निकलेगी। उन्होंने कहा, वह गेंद विकेट को मिस करती, लेकिन सब कुछ वहीं से शुरू हुआ। उस समय कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था। मै खुद भी पक्का नहीं था, इसलिए रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया।

### रहाणे के आउट होते ही केकेआर की पारी लड़खड़ाई

रहाणे के आउट होते ही केकेआर की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने आखिरी आठ विकेट 33 रन के अंदर गंवा दिए। रहाणे ने खराब बल्लेबाजी पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए कहा, पिच आसान नहीं थी, लेकिन 111 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता था। बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हमने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया। हमारे गेंदबाजों ने पंजाब जैसे मजबूत बल्लेबाजी यूनिट के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हमने बल्लेबाजी में लापरवाही दिखायी और पूरी टीम को भी इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### इस तरह के मैच देखने की आदत नहीं

वहीं, मैच के बाद पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, हृदय गति अभी भी तेज है। मैं अब 50 साल का हूं और इस तरह के मैच देखने की आदत नहीं है। 112 का बचाव करते हुए हमने 16 रन से जीत हासिल की। मैंने पहली पारी के बाद अपने खिलाड़ियों से कहा था कि इन जैसे छोटे लक्ष्य कभी-कभी सबसे कठिन होते हैं। विकेट आसान नहीं था। गेंद रुक रुक कर आ रही थी, लेकिन चहल के बारे में क्या ही कहना! क्या गेंदबाजी स्पेल था उनका! चहल को कंधे की चोट की वजह से फिटनेस टेस्ट से गुजरना पड़ा था। मैं उन्हें वार्म-अप से लेकर आया और उनकी आंखों में देखकर पूछा- दोस्त क्या आप ठीक हैं? उन्होंने कहा कि कोच मैं 100 प्रतिशत ठीक हूं। मुझे खेलने दें और अब देखें क्या शानदार गेंदबाजी की उन्होंने।

### पोंटिंग की अब तक की सबसे बेहतरीन जीत

पोंटिंग ने कहा, अगर हम यह मैच हार भी जाते तो भी हम दूसरे हाफ में जिस तरह से आगे बढ़े उस पर मुझे गर्व होता। हमारी बल्लेबाजी खराब थी, शॉट चयन और उसे खेलना, सब खराब था, लेकिन जब मैंने हमें गेंदबाजी के लिए मैदान पर उतरते हुए देखा तो मैं समझ गया था। हमें जल्दी विकेट मिले और हमने जो कमी बल्लेबाजी में छोड़ी थी, वह गेंदबाजी में नहीं दिखी। हमें विश्वास था और मैदान में पूरी ऊर्जा के साथ खेले जो देखने लायक था। इसलिए अगर हम हार भी जाते तो भी मैं उनसे कहता कि ये आत्मविश्वास बताता है कि आप इस सीजन के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि मिड इनिंग्स में दुनिया भर में बहुत सारे लोग ये मानकर बैठे थे कि हम इसका बचाव नहीं कर सकते थे। इसलिए सभी लड़कों को श्रेय। वे इस मैच में गजब का खेले। मैंने आईपीएल में बहुत सारे मैचों में कोचिंग की है और यह मेरे लिए अब तक हासिल की सबसे बेहतरीन जीत है।

## सुनील नारायण और एनरिक नॉर्टजे का बल्ला जांच में नहीं हुआ पास



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़ा रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए। वहीं रघुवंशी केकेआर की ओर से 28 गेंदों में 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। केकेआर की ओर से नॉटर्जे अंतिम बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे उसे वापिस भेज दिया गया

**गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय**

## माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण से बना विश्व विजेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी आयरलैंड के गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय ने 89वां मास्टर्स टूर्नामेंट जीतकर आखिरकार अपना करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लिया। उन्होंने प्लेऑफ में इंग्लैंड के जस्टिन रोज को हराकर ये शानदार जीत अपने नाम की। लेकिन इस सफलता के पीछे संघर्षों की कहानी जुड़ी है जिसमें मैकइलरॉय को सफल बनाने में उनके माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण शामिल है। मैकइलरॉय के गोल्फिंग सपनों को पूरा करने के लिए उनके माता-पिता रोजी और गेरी ने कड़ी महनत की है। रोजी और गेरी सप्ताह में 100 घंटे काम करते थे ताकि बेटे को गोल्फर बना सकें। मैकइलरॉय के पिता स्थानीय खेल क्लब में शौचालय और स्नानागार साफ करने से लेकर हॉलीवुड गोल्फ क्लब में बारटेंडर के रूप में काम करते थे। उनकी मां रोजी दिन में बेटे की देखभाल के बाद रात में 3एम फैक्ट्री में काम करती थी। 4 मई 1989 को उत्तरी आयरलैंड के काउंटी डाउन के हॉलीवुड में जन्में मैकइलरॉय का गोल्फ में रुझान उनके पिता गेरी की वजह से पैदा हुआ जो खुद भी एक गोल्फर थे। मैकइलरॉय 3 साल की उम्र में प्लास्टिक क्लब्स के लिए खेलते थे और वह 37 यार्ड ड्राइव के साथ पहली बार चर्चा में आए थे। इसके बाद मकलरॉय का रुझान गोल्फ में पैदा हुआ और उन्होंने इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोचा और इस सपने को पूरा किया।
मैकइलरॉय के पेशेवर गोल्फर बनने के बाद उन्होंने अपने माता-पिता के लिए 2009 में एक घर खरीदा और कहा, मेरे माता-पिता ने मेरे लिए जो कुछ किया है, उसका मोल कभी नहीं चुका सकता, लेकिन कम से कम वे जानते हैं कि उन्हें कभी भी एक और दिन काम नहीं करना पड़ेगा।

## प्लेयर ऑफ द मैच बने युजवेंद्र चहल, तोड़ा लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड; प्रीति जिंटा ने दी बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 31वें मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम 15.3 ओवर में 111 रन पर सिमट गई और इसके बाद ऐसा लगा कि केकेआर इस मैच को आसानी से जीत लेगी। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया और 112 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अजिंक्य रहाणे की टीम 95 रन पर ऑलआउट हो गई और पंजाब को 16 रन से जीत मिली। पंजाब की इस जीत में श्रेयस अय्यर के गेंदबाजों का योगदान रहा जिन्होंने 111 रन के स्कोर को डिफेंड कर लिया। पंजाब के सभी गेंदबाजों ने इस मैच में विकेट लिया, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावी युजवेंद्र चहल रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट लिए। चहल लंबे समय के बाद लय में नजर आए जिसके लिए वो जाने जाते हैं। वहीं धनश्री से तलाक के बाद वो पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच बने। मैच खत्म होने की टीम की ऑनर प्रीति जिंटा ने उन्हें बधाई दी।युजवेंद्र का तलाक धनश्री के साथ आईपीएल 2025 के ठीक पहले हुआ था। इसके बाद पंजाब के लिए इस सीजन में खेले पहले 5 मैचों में उनकी गेंदबाजी में वो धार नजर नहीं आई, लेकिन कोलकाता के खिलाफ चहल अपने पुराने अंदाज में चहकते दिखे जिसके लिए वो जाने जाते हैं और उनकी धारदार गेंदबाजी के दम पर प्लेयर ऑफ द मैच बने। केकेआर के खिलाफ चहल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट लिए और उन्होंने इस दौरान कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को अपना शिकार बनाया। चहल ने इन चार विकेट के दम पर केकेआर को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया।

## वानखेड़े स्टेडियम में अब रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड, मुंबई क्रिकेट संघ से मिली मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका फैसला मंगलवार को एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान हुआ। इसके अतिरिक्त भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा। इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव राजनेता और एमसीए शीर्ष परिषद के सदस्य मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था। मुंबई क्रिकेट संघ ने एक बयान में कहा, वार्षिक आम बैठक के दौरान पारित एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड के नामकरण को मंजूरी देना था।

## एस्टन विला से हारने के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में पहुंचा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** अचरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के शुरुआती गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एस्टन विला के खिलाफ कुल 5-4 के स्कोर से चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि दूसरे चरण में पीएसजी को एस्टन विला से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहले चरण में पेरिस में 3-1 से हारने के बाद एस्टन विला ने वापसी की पूरी कोशिश की और शुरुआत में ही चार मिनट के अंदर दो कॉर्नर हासिल किए। लेकिन खेल खुलने के कारण पीएसजी को तेजी से जवाब देने का मौका मिल गया और इसका पूरा फायदा उठाया। यूईएफए की रिपोर्ट के अनुसार, नूनो मेंडेस ने शानदार पास देकर ब्रैडली बारकोला को आगे बढ़ाया, जिनका क्रॉस गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने रोका, लेकिन गेंद वापस हकीमी के पास आ गई। हकीमी ने बिना



गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया। इसके बाद जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पाउ टोरेस के स्ट्राइक को शानदार तरीके से रोका, फिर जब नूनो मेंडेस ने एक पोस्ट के माध्यम से एक और शानदार काउंटर अटैक पूरा किया, तो उन्होंने फिर से स्कोर किया। ब्रेक से 11 मिनट पहले, यूरी टाईलेमैंस का एक घूमता हुआ शॉट विलियम पाको के टच से गोल में चला गया। फिर कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला, जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया।

कप्तान जॉन मैकगिन को एक डिफ्लेक्शन का फायदा मिला जब उनका दूर से मारा गया शॉट डोनारुम्मा के ऊपर से गोल में चला गया। उसके कुछ ही देर बाद, मार्कस रैशफोर्ड के पेनल्टी एरिया के किनारे से मारे गए शॉट के लिए भी डोनारुम्मा पूरे तरह से तैयार थे।

इटली के इस खिलाड़ी के लिए कुछ करना मुश्किल था जब रैशफोर्ड की शानदार चाल के बाद एजरी कोंसा ने विला के लिए तीसरा गोल दागा। इसके बाद टिएलमैन्स प्रीमियर लीग क्लब को कुल स्कोर में बराबरी पर ला सकते थे, लेकिन डोनारुम्मा ने एक शानदार बचाव करते हुए उनके जोरदार हेडर को रोक दिया। अंत के दस मिनटों में मार्को असेंसियो का शॉट भी डोनारुम्मा ने अपने पैरों से रोक लिया। आखिरी क्षणों में पाचो ने इयान मास्टन के गोल की तरफ जा रहे शॉट को रोककर टीम को बचा लिया।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक में इस स्थान पर खेले जाएंगे क्रिकेट के मैच

**दुबई, एजेंसी।** क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है।

क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में आईसीसी ने एक बड़ा एलान किया है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के दौरान जिस स्थान पर मुकाबले खेले जाएंगे, आईसीसी ने उसका एलान कर दिया है। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की कि दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।



क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने जारी विज्ञप्ति में कहा, हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा, क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा। तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा। इससे पहले 10 अप्रैल को लॉस एंजिलिस ओलंपिक के आयोजकों ने टीमों को लेकर घोषणा की थी। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे।

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में छह टीमें टी20 प्रारूप में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। यानी छह टीमों को मिलाकर अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगे।

अंतरराष्टीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की द्वारका कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पूरा परिसर कराया खाली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका में स्थित जिला अदालत को बम से उड़ाने की कॉल मिलने से हड़कंप मच गया है। पूरे अदालत परिसर को एहतियातन खाली करवा लिया गया है। जजों को जिला जज की तरफ से मैसेज आया था। उन्हें तत्काल कोर्ट परिसर खाली कराने को कहा गया। फिलहाल सभी मुकदमों की सुनवाई रुक गई है। मामलों को अगली तारीख तक के लिए स्थगित किया गया है। धमकी भरे कॉल की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, कोर्ट के एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को सुबह 10.30 बजे ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। ईमेल में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा एजेंसियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वे तुरंत कोर्ट पहुंचे और परिसर को खाली करवा लिया गया। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ईमेल को ट्रैक करने की कोशिश कर रही है। ताकि पता लगाया जा सके कि किसने और किस मकसद के साथ धमकी दी है। वहीं कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मामले की जांच जारी है।

### बिजली कंपनियों को कॉल करके धमकी, मंत्री के फर्जी ओएसडी गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपी इस्टेट पुलिस ने बिजली मंत्री का फर्जी ओएसडी बनकर बिजली कंपनियों को कॉल कर धमकी देने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जल्द बिजली मीटर जारी करने के कर्मचारियों को निर्देश दिए थे, लेकिन जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। दिल्ली सरकार के बिजली मंत्री के ओएसडी एम गुना साथिया की शिकायत पर पुलिस ने चार अप्रैल को केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि बिजली कंपनियों के कर्मचारियों के पास नए मीटर कनेक्शन जारी करने के लिए कई फोन कॉल आ रहे थे। कॉलर ने खुद को बिजली मंत्री का ओएसडी बताते हुए जल्द आदेश का पालन करने के लिए कहा। कंपनी के अधिकारियों को बातचीत के दौरान शंका हुई। उन्होंने इसकी सूचना बिजली मंत्री के ओएसडी और पुलिस आयुक्त को दी। इसके बाद मंत्री के ओसएडी की शिकायत पर पुलिस ने ठगी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसीपी कमला मार्केट सुलेखा जगरवार की देखरेख में टीम ने फोन नंबर की जानकारी जुटाकर पूछताछ की। शख्स ने बताया कि यह नंबर अरविंद कुमार को दिया था। पुलिस ने पांच अप्रैल को अरविंद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। अरविंद ने बताया कि उसने यह नंबर अपने दोस्त मोम्मद इम्तियाज को दिया था। दोनों ने मिलकर बिजली कनेक्शन जारी कराने के लिए मंत्री का फर्जी ओएसडी बनकर कंपनी के अधिकारियों को फोन किया था। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी ख्याला इलाके में रहते हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में शुरू हुई बिजली सब्सिडी आगे भी जारी रहेगी। भाजपा सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दे दी।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव: केंद्रीय पैनल के 4 पदों के लिए 165 नामांकन

### अध्यक्ष पद के 48 दावेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव का काउंटडाउन तेज हो गया है। जेएनयू में मंगलवार को छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन हुआ। सबसे अधिक अध्यक्ष पद पर 48 छात्रों ने नामांकन किया। नामांकन वापस लेने की बुधवार को अंतिम तिथि है। जेएनयूएसयू चुनाव 25 अप्रैल को कराए जाएंगे और 28 अप्रैल को नतीजों की घोषणा की जाएगी।

जेएनयूएसयू चुनाव समिति को केंद्रीय पैनल के चार पदों के लिए 160 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं, जबकि 16 स्कूलों में 'स्कूल काउंसलर' पदों के लिए 250 छात्रों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। चुनाव समिति के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए 48, उपाध्यक्ष पद के लिए 41, महासचिव पद के लिए 42 और संयुक्त सचिव पद के लिए 34 नामांकन प्राप्त हुए। इस तरह, केंद्रीय पैनल के लिए 165 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जेएनयू छात्र संघ चुनाव लिए नामांकन पत्र



दाखिल करने की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि बुधवार है। इसके बाद दोपहर 3 बजे उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि 17 और 21 अप्रैल को स्कूल स्तर पर 'जनरल बॉडी मीटिंग' (जीबीएम) होंगी। विश्वविद्यालय-व्यापी जीबीएम के लिए 22 अप्रैल का दिन चुना गया है, जबकि अध्यक्ष पद के लिए होने वाली बहस 23 अप्रैल को होगी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। 25 अप्रैल को दो सत्रों में मतदान होगा। पहले सत्र में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरे सत्र में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक मतदान होगा। उसी रात 9 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी और अंतिम नतीजे 28 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे।

जेएनयूएसयू चुनाव समिति द्वारा रविवार 13 अप्रैल को जारी की गई वोटर लिस्ट के अनुसार इस साल आगामी चुनाव में 7906 छात्र वोट डालने के पात्र हैं। मतदाता आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत मतदाताओं में से 43 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि शेष पुरुष हैं। गौरतलब है कि, पिछले साल जेएनयूएसयू चुनाव चार साल के अंतराल के बाद 22 मार्च, 2024 को हुए थे। यूनाइटेड लेफ्ट गठबंधन ने चार केंद्रीय पैनल पदों में से तीन पर जीत हासिल की थी, जबकि बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संघ ने चौथा स्थान हासिल किया।

दिन भर कैंपस में छात्रों ने अपने अपने संगठनों के लिए कैंपेनिंग की। बहुत संभावना है कि इस बार भी वाम संगठन छात्र संघ चुनाव में मिलकर लड़ें। जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने संभावित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एबीवीपी की ओर से इस बार थीटे शांभवी प्रमोद,अनुज दमाड़ा, कुणाल राय, विकाश पटेल, राजेश्वर कांत दुबे, शिखा स्वराज, निट्टू गौतम, अरुण श्रीवास्तव तथा आकाश कुमार रवानी मैदान में हैं। इन सभी संभावित प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन्हीं नामों में से जेएनयूएसयू सेन्ट्रल पैनल के लिए चार नाम तय होंगे। एबीवीपी और वामपंथी छात्र संगठन कैंपस के मुद्दों के साथ छात्रों से मिल रहे हैं।

## सीबीआई ने दिल्ली के अस्पताल में दवा घोटाले का केस दर्ज करने की मांगी इजाजत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में हुए कथित दवा घोटाले की शिकायत पर सीबीआई ने जांच के बाद केस दर्ज करने के लिए दिल्ली सरकार से इजाजत मांगी है।

दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) भी इस अस्पताल में हुए दवा घोटाले के मामले की जांच कर रही है। सरकार की इजाजत मिलने के बाद सीबीआई मामले की जांच करेगी। गत जनवरी में दवा घोटाले को लेकर विजिलेंस को शिकायत की गई थी।

बिना टेंडर जारी किए दवा खरीदी : विजिलेंस को दी गई शिकायत में बताया गया था कि मेरठ से संचालित एक निजी कंपनी ने अस्पताल में दवाइयों की सप्लाई की थी। आरोप है कि इस कंपनी से दवा मंगवाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने नियमों का पालन नहीं किया। अस्पताल प्रशासन ने वैध टेंडर जारी किए बिना कंपनी को दवा का ऑर्डर दिया था। उसके बाद कंपनी के सारे बिल पास कर भुगतान कर दिया गया। यह न केवल प्रधान सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आदेश का उल्लंघन था, बल्कि दवा की खरीद के लिए स्वीकृति देने वाली संस्था के नियमों का भी उल्लंघन था। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने जांच शुरू की तो गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई के लिए अस्पताल प्रशासन और अन्य एजेंसियों को पत्र जारी किए गए। सीबीआई ने प्राथमिक जांच के बाद घोटाले की जांच शुरू करने और केस दर्ज करने की अनुमति के लिए दिल्ली सरकार को 10 मार्च को पत्र लिखा है। इस दौरान दिल्ली में नई सरकार ने कार्यभार संभाल लिया।

## एयर होस्टेस के साथ हुआ था गंदा काम, अब मेदांता अस्पताल ने खुद जारी किया बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में 46 साल की एयर होस्टेस के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले पर अब अस्पताल का बयान सामने आया है। मेदांता अस्पताल ने अपने परिसर के अंदर हुए इस मामले पर कहा कि उसने सभी सीसीटीवी फुटेज और जरूरी जानकारी पुलिस के साथ साझा कर दी हैं। अस्पताल का कहना है कि अभी आरोप साबित नहीं हुआ है। बता दें कि यह घटना तब हुई,जब महिला वेंटिलेटर पर थी।

गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ने पूरे मसले पर आज बयान जारी कर कहा कि हमें एक मरीज से शिकायत मिली है और हम संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। इस स्तर पर,कोई भी आरोप सही साबित नहीं हुआ है और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज सहित सभी प्रासंगिक दस्तावेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

मंगलवार को गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि एक 46 वर्षीय एयर होस्टेस ने शिकायत दर्ज कराई है कि 6 अप्रैल को जब वह वेंटिलेटर पर थीं,तब गुरुग्राम के एक अस्पताल के कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। सदर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अपनी पुलिस शिकायत के अनुसार,वह कंपनी की ओर से ट्रेनिंग के लिए गुरुग्राम आई थीं। इसी दौरान डूबने की घटना के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई,जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की पुलिस टीम द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस टीम जल्द ही आरोपी की पहचान कर मामले के नियमों के अनुसार उसे गिरफ्तार करेगी। मामले की जांच जारी है।

## मकान रिलीज करवा दीजिए, दिल्ली पुलिस को दें आदेश; जिस फ्लैट में हुआ था श्रद्धा वॉकर का मर्डर उसका मालिक पहुंचा कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के महरौली स्थित जिस फ्लैट में तीन साल पहले आफताब पूनावाला ने अपनी लिवइन पार्टनर श्रद्धा वॉकर की हत्या करके उसके टुकड़े-टुकड़े किए थे, उसके मालिक ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। अदालत ने गुरुवार को मकान मालिक द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसने दिल्ली पुलिस को अपने मकान को रिलीज (मुक्त) कराने का आदेश देने की मांग की है।

इस महीने की शुरुआत में साकेत कोर्ट की एडिशनल सेशन जज मनीषा खुराना कक्कड़ की अदालत में दायर आवेदन में मकान मालिक ने दलील दी है कि उसकी प्रॉपर्टी- महरौली के छतरपुर पहाड़ी में पहली मंजिल का फ्लैट, पुलिस के कब्जे से उसे वापस सौंप दिया जाना चाहिए क्योंकि मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और ट्रायल अंतिम चरण में है। उनके अनुसार, फ्लैट के सभी भौतिक साक्ष्य और तस्वीरें पहले से ही केस रिकॉर्ड का हिस्सा हैं।

हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अगर फ्लैट का कब्जा मकान मालिक को वापस सौंप दिया जाता है तो अभियोजन पक्ष के मामले पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस ने जवाब में कहा कि



सीआरपीसी की धारा 310 के तहत अदालत द्वारा फ्लैट का स्थानीय निरीक्षण करने की जरूरत हो सकती है, जिसके लिए सबूत रिकॉर्ड करने से पहले परिस्थितियों से इनकार नहीं किया जा सकता है। सीआरपीसी की धारा 310 जज या मजिस्ट्रेट को किसी मामले की सुनवाई के दौरान पेश सबूतों को समझने के लिए उस स्थान का दौरा करने और निरीक्षण करने की अनुमति देती है, जहां कथित अपराध हुआ था। 18 मई 2022 को, 28 साल के प्रशिक्षित शेफ आफताब पूनावाला ने कथित तौर पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वॉकर की हत्या कर दी और उसके शव को कई टुकड़ों में काट दिया। इसके बाद पूनावाला ने वॉकर के शरीर के अंगों को कुछ दिनों तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा और फिर अगले 18 दिनों तक छतरपुर के जंगल में फेंकता रहा। 12 नवंबर, 2022 को दिल्ली पुलिस ने आफताब को तब गिरफ्तार किया, जब उसके बयान में विसंगतियां मिलीं। केस सामने आने के बाद से ही छतरपुर का फ्लैट बंद है और केस रिकॉर्ड का हिस्सा है।

मकान मालिक ने याचिका में कहा है कि फ्लैट पिछले एक साल से अधिक समय से पुलिस की हिरासत में है और इसकी मरम्मत की जरूरत है। फ्लैट के केस प्रॉपर्टी बनने के कारण उसे किराये की आय का नुकसान हो रहा है। आवेदन में कहा गया है कि उसने 16 मई 2022 को आरोपी आफताब पूनावाला और मृतक श्रद्धा वॉकर को फ्लैट किराए पर दिया था। घटना के बाद महरौली पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने जांच के मकसद से फ्लैट को बंद कर दिया था और उसे अपने कब्जे में ले लिया था। आवेदन में कहा गया है, मामले की सुनवाई समाप्त होने तक अनिश्चित अवधि के लिए संपत्ति को अपने पास रखना सही और न्याय हित में नहीं है।

## बिल्लियों की तस्करी का भंडाफोड़, दुर्लभ प्रजातियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मद्रिद , एजेंसी।** स्पेन की पुलिस ने इंटरनेट पर खूबसूरत बिल्लियों की बिक्री के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि मल्लोरका के बेलरिक द्वीप, मनाकोर इलाके में इन दोनों तस्करों की गिरफ्तारी के साथ ही 19 जानवर भी बरामद किए गए जिनमें एक कैराकल (काले कानों वाली जंगली बिल्ली की एक प्रजाति) और दो सर्वल(अफ्रीकी मूल की एक छोटी जंगली बिल्ली) प्रजाति की बिल्लियां भी शामिल थीं।

इन दोनों के कब्जे से पशुओं के 40 से ज्यादा पासपोर्ट भी बरामद किए गए जो रूस, बेलारूस और चीन से संबंधित थे। तस्करों के खिलाफ इस अभियान की शुरूआत पिछले साल



मार्च में यह जानकारी मिलने के बाद की गई थी कि पाल्मा डी मल्लोरका में एक दंपति घरेलू बिल्लियों के साथ इन बिल्लियों को बेचने के मकसद से पाल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए जानवरों को पूर्वी स्पेन के एलिसांते में एक बचाव एवं पुनर्वास केंद्र में स्थानांतरित किया जाएगा।

**सिंगापुर में पिल्ले की तस्करी करने पर भारतीय मूल के शख्स को जेल:** भारतीय मूल के एक मलेशियाई व्यक्ति को गंदे कपड़े रखने वाले बैग में छिपा कर एक पिल्ले की तस्करी करने के जुर्म में मंगलवार को आठ सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई और 2,500 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया। 'चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, 43 वर्षीय महेंथरन गणेशन ने उस पर लगाए गए आरोपों को स्वीकार कर लिया है। 'इमिग्रेशन एंड चेकपॉइंट्स अथॉरिटी (आईसीए) के अधिकारियों ने 20 अक्टूबर 2023 को 'तुआस चेकपॉइंट पर महेंथरन के वाहन की तलाशी के दौरान एक पिल्ले को बैग में छिपा हुआ पाया। इस बैग को वाहन में अतिरिक्त टायर रखने वाले हिस्से में रखा गया था। यह चेकपॉइंट मलेशिया के दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र से सिंगापुर को जोड़ता है। अदालत में बताया गया कि आरोपी मलेशिया में एक परिवहन कंपनी का मालिक है।

## कनाडा में सिखों के खिलाफ झूठ पर भड़के मनिंदर गिल, बोले- बर्दाश्त नहीं होगा !

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा में रेडियो इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनिंदर सिंह गिल ने कनाडा में सिख उम्मीदवारों के खिलाफ सोशल मीडिया पर चल रहे झूठे प्रचार को लेकर कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि कुछ लोग सिख समुदाय की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी को पचा नहीं पा रहे हैं। गिल ने कहा कि पंजाबी, खासकर सिख समुदाय पिछले 125 वर्षों से कनाडा की तरक्की में योगदान दे रहा है । उन्होंने याद दिलाया कि 19वीं सदी के अंत में महारानी के अनुरोध पर सिख सैनिकों को कनाडा भेजा गया था। भेदभाव और संघर्ष झेलते हुए सिखों ने मेहनत, ईमानदारी और लगन से कनाडा में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। मनिंदर सिंह गिल ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सिखों को खालिस्तानी कहकर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें मुख्यधारा की राजनीति से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता बेहद संकीर्ण और विभाजनकारी है जिसे हर समझदार नागरिक को नकार देना चाहिए। गिल ने अमेरिका स्थित सतलुज टीवी के सुरिंदर सिंह पर सीधा हमला करते हुए उन्हें नकली खालिस्तानी बताया। उन्होंने कहा कि सुरिंदर सिंह जैसे लोग सिख उम्मीदवार सुख पंधेर का विरोध कर रहे हैं और मीडिया के नाम पर अपना छिपा एजेंडा चला रहे हैं। गिल ने ऐसे लोगों की तुलना भौंकने वालों से की जो समाज में जहर घोलते हैं ।

## अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान बुधवार तड़के एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से हड़कंप मच गया. इस भूकंप के चलते किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. सरकार की ओर से भूकंप से हुए नुकसान को लेकर आकलन किया जा रहा है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया है. भूकंप बुधवार सुबह भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार सुबह 04:43 बजे आया. एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी शेयर करते हुए कहा कि भूकंप 75 किलोमीटर की गहराई पर आया. इसका केंद्र हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला था.

बता दें कि इससे पहले 16 जनवरी को अफगानिस्तान में भूकंप आया था. भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई. किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली. मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार अफगानिस्तान मौसमी बाढ़, भूस्खलन और भूकंप सहित प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना हुआ है.

## ट्रंप प्रशासन को संघीय न्यायालय ने दिया झटका, भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने और निर्वासन पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने के मामले में ट्रंप प्रशासन को संघीय न्यायालय ने तगड़ा झटका दिया है। एक संघीय न्यायाधीश ने 21 वर्षीय भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने और उसके निर्वासन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने होमलैंड सुरक्षा विभाग को आदेश पर अमल करने के लिए कहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र कृष लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। वे मई में अपनी कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले थे।

इससे पहले 22 नवंबर 2024 को जब इस्सरदानी अपने दोस्तों के साथ बाहर



निकल रहे थे तो दूसरे ग्रुप के साथ उनकी बहस हो गई थी। इसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में वे छूट गए थे। इसके बाद वीजा रद्द करने की कार्रवाई की गई। इसे लेकर मैडिसन के वकील शबनम लोटफी ने कोर्ट में अस्थायी प्रतिबंध आदेश के लिए अपील दायर की। वकील ने कहा कि सरकार के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम डाटाबेस में इस्सरदासानी का रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया। इस बारे में उन्हें कोई चेतावनी नहीं दी गई, न ही स्पष्टीकरण देने या अपना बचाव करने का अवसर दिया गया। स्थ्ड्ढद्धठ्ठ में उनके स्न-1 छात्र वीजा रिकॉर्ड को समाप्त करने से पहले किसी भी संभावित गलतफहमी को दूर करने का कोई मौका नहीं दिया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान डेन काउंटी के जिला अटॉर्नी इस्माइल ओजान ने इस्सरदासानी पर आरोप लगाने से इनकार कर दिया और वह अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद विस्कॉन्सिन के पश्चिमी जिले के न्यायाधीश विलियम कॉनली ने आदेश देते हुए कहा कि इस्सरदासानी को किसी अपराध का दोषी नहीं ठहराया गया है। गलत तरीके से वीजा समाप्ति के उनके दावे की अदालतों में सफलता की उचित संभावना है। उन्होंने 28 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख तय की। वकील लोटफी ने कहा कि यह आदेश उन अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा धारकों के लिए पहली राष्ट्रीय जीत में से एक माना जा रहा है, जिनके रिकॉर्ड समाप्त कर दिए गए थे। देशभर में लगभग 1300 छात्रों ने देखा है कि उनके विनिमय आगंतुक कार्यक्रम रिकॉर्ड अचानक समाप्त कर दिए गए हैं। लोटफी की सहकर्मी वेरोनिका सुस्टिक ने कहा कि हम आभारी हैं कि कानून और न्याय का शासन कायम हुआ है। सरकार ने निर्दोष अंतरराष्ट्रीय छात्रों की अवैध रूप से की गई पढ़ाई समाप्त करने के लिए कोई कानूनी अधिकार उपलब्ध नहीं कराया है और हमें खुशी है कि न्यायालय ने इस पर गौर किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जुन मुंडा का जैनामोड़ में भाजपाइयों ने किया स्वागत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं निवर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जैनामोड़ फोर लाइन चौक पर भव्य स्वागत किया गया। कुछ दिन पहले बीएसएल प्रबंधन के खिलाफ बोकारो विस्थापित युवाओं के द्वारा किए जा रहे आंदोलन में लाठी चार्ज के दौरान प्रेम कुमार महतो का देहांत हो गया था। आज उनके आवास पर जाकर दुख एवं संवेदना व्यक्त करने के उपरांत गिरिडीह के लिए प्रस्थान किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा बोकारो जिला पूर्व अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, शंकर रजक, सुभाष महतो, अनिल स्वर्णकार, संजय सिंह, जय नारायण मराडी, बालेश्वर मुर्मू, रघुनाथ टुडू, सुनील मंडल, विक्रम गोस्वामी, बैद्यनाथ नायक, सुमित जायसवाल, अनीता गुप्ता, राकेश मधु, महेंद्र महतो शामिल हुए।

### सुरक्षा को लेकर समाज में जागरुकता बेहद जरूरीः उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कक्ष में अग्निशमन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा से मुलाकात कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच लगाया। साथ ही उन्होंने एसएसपी श्री एच पी जनार्दनन से भी उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर बैच लगाया। मौके पर उपायुक्त ने अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने अग्निशमन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अग्निकांडो से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 14 से 20 अप्रैल 2025 तक राज्य में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है कि लोगो को यह जागरूक किया जा सके कि आग लग जाने पर उस पर कैसे काबू किया जाय। साथ ही सुरक्षा का क्या मानक होना चाहिए आदि बातों की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा वर्तमान में मौसम बहुत गर्म है, ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती हैं। किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में जान-माल की नुकसान नहीं होने पाए इसके लिए अग्निशमन सेवा सफ्ताह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### वर्तमान शिक्षा व्यवस्था काफी खर्चीली है, गरीब बच्चों के लिए भी सोचने की आवश्यकता है : विधानसभा अध्यक्ष



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा संचालित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन में शिरकत करने विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो बोकारो पहुंचे। जहां उन्होंने सेक्टर 5 स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। रविंद्र नाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह भी मौजूद रही। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम कर प्रस्तुत किया। रवींद्रनाथ महतो ने शिक्षा प्रणाली और वर्तमान शिक्षा की स्थिति पर अपने विचार को रखने का काम किया। मीडिया से बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि आप ऐसे ही जानते हैं कि हम लोग गरीब प्रदेश के लोग हमारे मिट्टी के नीचे भले ही खान और खनिज से भरा हुआ है लेकिन हम जो इस राज्य के लोग हैं। आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा काफी एक्सपेंसिव है। इस एक्सपेंसिव व्यवस्था को बर्दाश्त करने की क्षमता हमारे पास नही हैं। हमारा बेटा बेटी भी पढ़ना चाहता है हमारे यहां के लोग भी पढ़ना चाहते हैं।

### जेआरजी बैंक की नए शाखा धनसार का हुआ उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जे.आर.जी बैंक (झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक) के नए शाखा धनसार का उद्घाटन बुधवार को बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार के द्वारा जोड़ा पोखर,शक्ति मंदिर के निकट किया गया। इस क्षेत्र में शाखा खोलने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के शहरी ग्राहकों को सरल सुलभ एवं बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करना है जेआरजी बैंक जहां एक और केसीसी , स्वयं सहायता समूह, उद्यमी दीदी एमएसएमई पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ एवं अन्य भिन्न योजनाओं के साथ झारखंड प्रदेश के समस्त क्षेत्र में प्रबल उपस्थिति दर्ज कर रही है ।



श्री बरियार ने बताया कि यह शाखा गिरिडीह क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आता है एवं इस क्षेत्र की 43वीं शाखा है हमारे जेआरजी बैंक की पूरे राज्य में कुल 450 शाखाएं हैं हमारे पास तकरीबन 70 लाख से ज्यादा ग्राहक हैं एवं हम प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े अग्रणी बैंक में से हैं , हमारे बैंक का कुल व्यवसाय तकरीबन 18400 करोड़ का है जिसमें डिपॉजिट के क्षेत्र में 11570 करोड़ एवं ऋण पोर्टफोलियो 6870 करोड़ का है। हमारा लक्ष्य किसानों एवं कामगारों को न्यूनतम दर पर ऋण उपलब्ध कराना है । प्राथमिक क्षेत्र के ऋण जैसे केसीसी ,मुद्रा योजना, छात्रों के लिए शिक्षा ऋण इत्यादि हैं । महिलाओं के उत्थान हेतु, जेआरजी बैंक स्वयं सहायता समूह के अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत ऋण प्रदान करती है। श्री बरियार में बताया कि आज की तारीख में हमारे बैंक के पास हर बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध हैं जिसमें मोबाइल बैंकिंग, व्हाट्सएप बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग भी है ।

# एजेंसियों के द्वारा किए जा रहें कार्यों की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले दिनों मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राप्त दिशा-निर्देशों को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में पीएम-भीम/15 वें. वित्त आयोग एवं एनएचएम के तहत निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र एवं ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट के प्रगति कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। मौके पर कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार, नोडल पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीएम दीपक कुमार, डैम अमीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार 15 वें. वित्त आयोग के तहत 17 भवन (जिसमें 15 एचएससी, 01 पीएचसी एवं 01 सीएचसी), पीएम-अभीम के तहत 40 भवन (जिसमें 34 एचएससी, 05 बीपीएचयू एवं 01 पीएचसी) एवं एनएचएम के तहत 08 भवन (एचएससी) के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।



समीक्षा क्रम में कुछ भवनों का निर्माण कार्य पूरा होने एवं कुछ का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की बात सामने आयी। इस पर उपायुक्त ने निर्माण कार्य पूरा होने वाले भवनों को अविलंब हैंडओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। इस बाबत एक कमेटी जिसमें संबंधित बीडीओ/एमओआइसी एवं प्रतिनियुक्त अभियंता शामिल रहेंगे। प्राकल्लन के अनुसार निर्माण कार्य पूरा हुआ है कि नहीं, जांच कर भवन को हैंडओवर करने की कार्रवाई को संबंधित विभाग द्वारा सुनिश्चित कराएंगे। समीक्षा क्रम में 15 वें. वित्त आयोग के तहत जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता द्वारा शेष चार (पीपड़ाडीह, धनडाबर, महुआटांड एवं रानीपोखर एसएचसी) भवनों में से दो (धनडाबर एवं रानीपोखर एसएचसी) का निर्माण क्रमशः 31 मई एवं 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण करने की बात कहीं। वहीं, दो में भूमि विवाद के कारण एकरारनामा की प्रक्रिया में विलंब की बात कहीं। उपायुक्त ने दो दिनों में एकरारनामा के कार्य को पूरा कर निर्माण कार्य शुरू करने को कहा। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने भूमि संबंधित किसी भी विवाद/भूमि उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में उप विकास आयुक्त/उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता से पत्राचार करने को कहा। उन्होंने विभाग द्वार तैयार एसओपी का पालन करने का कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया। उधर, भवन प्रमंडल विभाग द्वारा पीएम-अभीम के तहत वित्तीय वर्ष 21-22, 22-23 के तहत 12 पूर्ण भवनों को जांचउपरांत हैंडओवर की प्रक्रिया पूरा करने को कहा। वहीं, 04 भवनों (चिंदरी, चंडीपुर,केरी एवं देवगड़ा एचएससी) को क्रमशः 15 मई एवं 30 जून तक पूरा करने को कहा। वहीं, एनएचएम के तहत 08 भवनों में से पूर्ण को हैंडओवर, भूमि उपलब्धता/विवाद को लेकर पत्रचार करने एवं शेष कार्य प्रगति वाले भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूर्ण भवनों को हैंड ओवर की प्रक्रिया को हर हाल में 30 अप्रैल तक पूरा करने को निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी एमओआइसी से पत्राचार करके नये भवन/भवन मरम्मति की आवश्यकता वाले केंद्रों की सूची तैयार कर 03 दिनों में जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, चिन्हित स्वास्थ्य उप केंद्रों में पुरूष/ महिला/ दिव्यांग शौचालय निर्माण को लेकर प्राक्कलन तैयार करने को कार्यपालक अभियंता को कहा। कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। सीएसआर नोडल पदाधिकारी को सीएसआर के तहत नावाडीह/बेरमो एवं फुसरों अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की बात कहीं।

## वक्फ कानून पर मुर्शिदाबाद की घटना चिंतनीय : अर्जुन मुंडा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हो रही घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने गहरी चिंता जताई। झारखण्ड के लायन आर्डर पर भी सवाल उठाए। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने बोकारो में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिस तरीके से वेस्ट बंगाल में लायन आर्डर बिगड़ रहा है यह चिंता का विषय है। देश में जहां वक़्फ कानून का स्वागत होना चाहिए, वहां लोग राजनीतिक दृष्टि से इस पर उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे है। राज्य सरकार के लिए चुनौती का काम है कि लोगों को सुरक्षित कैसे रखा जाय। कोई झारखंड में लगातार बिगड़ रहे कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से बिगड़ चुकी है और नियंत्रण में नहीं है ।ऐसा लगता है लगातार यहां अपराध की घटनाएं बढ़ रही है और एक तरीके से लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्किोण से नहीं अगर बातों को नही लिया जाय तो हम कह सकते है कि अपराध का राजनीतिक संरक्षण जब होता है तब इस तरीके से घटनाएं घटती है।



## बीएसएल की आनंद राज टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता

### राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए चयनित




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के कॉरपोरेट सेक्टर के लिए सबसे प्रतिष्ठित एवं अग्रणी माने जाने वाले बिजनेस क्विज 'टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज' का 21वां संस्करण के उड़ीसा क्लस्टर के फाइनल में बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) आनंद राज ने जीत हासिल करते हुए आगामी 11 मई को मुंबई में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के नेशनल सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है. टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता के प्रीलिम्स का पहला स्तर मार्च महीने में ऑनलाइन आयोजित किया गया था जिसमें पूरे देश से 1.3 लाख से अधिक कॉरपोरेट क्षेत्र के अधिकारियों ने भाग लिया था. टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज के 21वां संस्करण के ओडिशा क्लस्टर का आयोजन ताज ब्रांड होटल आईएचसीएल राजकुटीर में किया गया जिसमें ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिभागी शामिल हुए. ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के लिए चयनित 12 प्रतिस्पर्धियों में बोकारो स्टील प्लांट से प्रबंधक (सतर्कता) श्रीमती सौम्या खाती, वरीय प्रबंधक (एचएसएम) श्री राहुल पांडा, और सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) श्री आनंद राज शामिल थे. क्लस्टर फाइनल के बाद श्री आनंद राज इस राउंड के चैंपियन बनें और राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए चुने गए जबकि बोकारो स्टील प्लांट से ही श्री राहुल पांडा, वरीय प्रबंधक (एचएसएम) ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के उपविजेता बने. नेशनल सेमीफाइनल में अन्य 11 क्लस्टर विजेता भी शामिल होंगे. उल्लेखनीय है कि श्री आनंद राज वर्ष 2021 में टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चैम्पियन बने थे और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अब तक एकमात्र सेल के अधिकारी हैं. बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने श्री आनंद राज तथा श्री राहुल पांडा को इस उपलब्धि पर बधाई तथा श्री आनंद राज को 'टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज' के आगामी राउंड में सफलता की शुभकामनाएं दी हैं.

## पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे दर्जनों फरियादी

### आईजी और एसपी ने कई मामलों का मौके पर किया निष्पादन






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 2 कला केंद्र में पुलिस द्वारा आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में दर्जनों फरियादियों ने अपनी पीड़ा पुलिस के वरीय अधिकारियों को सुनाई। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई हेतु कहा गया है।

इसी कड़ी में आईजी के समक्ष रामगढ़ जिला में तैनात पुलिस जवान की पत्नी ने पति के खिलाफ गंभीर शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित महिला अन्नु कुमारी ने आईजी को बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसकी शादी मुकेश कुमार रजवार के साथ हुई थी। लेकिन वह आज तक उसे अपने घर नहीं ले गया और ना ही कभी मिलने ही आया उसके घर वाले भी उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला ने बताया कि 5 अगस्त 2020 को पिंडराजोरा थाना पुलिस की मध्यस्थता में समाज के द्वारा मंदिर में शादी कराई गई थी।, शादी प्रेम प्रसंग से हुई थी। समाज के द्वारा बताया गया था कि मुकेश रजवार अपनी बहन की शादी के बाद उसे अपने घर ले जाएगा। लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद आज तक उसे घर नहीं ले जा रहा है और ना ही उसके साथ रह रहा है। आईजी माइकल एस राज ने कहा कि पीड़ित महिला अन्नू कुमारी का मामला हमारे पुलिस जोन का ही है। जल्द इस मामले का समाधान कर उसे न्याय दिलाया जाएगा। इसके अलावा मीडिया को आईजी माइकल एस राज ने जानकारी दी कि डीजीपी के निर्देश पर जिले में चार जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व में भी तीन बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें साढ़े चार सौ शिकायत मिली थी। लगभग सभी का समाधान किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया, आज के कार्यक्रम में ज्यादा मामले जमीन से संबंधित आए हैं जिन्हें संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। इसके अलावा कुछ महिलाओं की शिकायतो के समाधान के लिए संबंधित थाना को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## बोकारो प्रधान डाकघर में नागरिक सुविधाओं का अभाव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर 2 स्थित प्रधान डाकघर में नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां लोगों को बैठने के लिए बेंच की बहुत कमी है जबकि अधिकतर लोग वरिष्ठ नागरिक ही यहां आते हैं। जिनको खड़ा रहने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना होता है साथ ही लोगों को पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है । नागरिक अधिकार मंच का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इसके केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में जिसमें रघुवर प्रसाद, अर्जुन पांडेय, लक्ष्मण शर्मा और अनुराग मिश्र शामिल थे प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर सतीश कुमार से उनके कार्यालय में आज दिनांक 16 अप्रैल बुधवार को मिलकर उपरोक्त बातों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि खाता धारकों को बहुत पहले मिले एटीएम कार्ड की वैधता की तिथि समाप्त हो जाने के बाद कई महीनों से नया एटीएम कार्ड नहीं प्रदान किया जा रहा है जिस कारण खाता धारकों को पैसा निकालने के लिए बहुत देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है जिसकारण उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है खास कर वरिष्ठ नागरिकों को तो बहुत ही मुसीबत हो रही है । इस डाकघर का साइबर भी हमेशा धीमा ही चलता है जिससे काम की गति भी धीमी रहती है ।



पोस्टमास्टर सतीश कुमार से इन सभी समस्याओं के जल्द निदान हेतु आग्रह किया गया और कहा गया कि जरूरत हो तो अपने ऊपरी पदाधिकारियों को भी इन विषयों से अवगत करा दें । जल्द समाधान नहीं होने की स्थिति में नागरिक अधिकार मंच द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । पोस्टमास्टर ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनके उचित समाधान का भरोसा दिया और अपने ऊपर के सक्षम पदाधिकारियों को भी इससे अवगत कराने की बात कहा ।

## प्रेम महतो के परिजनों से मिलकर अर्जुन मुंडा ने संवेदना व्यक्त की




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुछ दिनों पहले बोकारो में विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों पर हुए लाठीचार्ज में प्रेम कुमार महतो की मृत्यु हो गई थी। आज पीड़ित परिवार से नावाडीह प्रखंड के परसबनी पंचायत के धावाटाँड़ गांव पहुँच कर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने संवेदना व्यक्त की। परिजनों को ढांढ़स बंधाया। इस दौरान बोकारो से भाजपा के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि एक मेधावी छात्र जिसने बंगलौर से बी .टेक की डिग्री प्राप्त की,उसका इस तरह की घटना में मौत काफी दुखद है। यह उनके परिवार की क्षति नहीं है बल्कि राष्ट्र की भी क्षति है, क्योंकि ये हमारे देश के भविष्य हैं। साथ ही यह घटना प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े करती है।विस्थापित छात्र जब बोकारो स्टील प्लांट में आंदोलन कर रहे थे तब प्रशासन मूकदर्शक बनकर क्यों खड़ी थी? आखिर किसी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति उस स्थल के लिए क्यों नहीं हुई थी और अगर हुई भी थी तो वो कहां थे? प्रशासन की संवेदनशीलता कहां दिखती है? परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन के तरफ से उन्हें न अभी तक मुआवजे की राशि मिली है न ही नियोजन की कोई ठोस पहल अब तक की गई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी घटना पर अब चुप रहना संभव नहीं है।

## 25 अप्रैल तक प्रतिदिन लाभुकों के बीच करें खाद्यान्न वितरण : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) सह बीडीओ/सीओ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, डीएसडी ट्रांसपोर्टर, विभिन्न मिलर के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक क्रम में खाद्यान्न उठाव, डोर स्टेप डिलीवरी एवं जविप्र दुकानदारों के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण की समीक्षा की। समीक्षा में पाया कि जविप्र दुकानदारों द्वारा लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण संतोषजनक नहीं है। इस पर सभी बीएसओ सह बीडीओ/सीओ को विपणन पदाधिकारी/ एजीएम/जविप्र दुकानदारों के साथ बैठक कर आगामी 25 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन चावल दिवस घोषित करते हुए प्रतिदिन लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्धारित तिथि तक शतप्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बीएसओ सह बीडीओ/सीओ को खाद्यान्न डीएसडी द्वारा जविप्र को उपलब्ध कराने के साथ ही वीडियो जारी कर अपने-अपने जन वितरण प्रणाली दुकानदार से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए लाभुकों से अपील करने, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने, ग्रास सभा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संदेश पहुंचाने की बात कहीं।

समीक्षा क्रम में ग्रीन राशन कार्ड धारियों के बीच भी खाद्यान्न वितरण को कहा। वहीं, लूंगी-साड़ी-धोती योजना के तहत भी आहतार्धारी लाभुकों के बीच वस्त्र वितरण करने को कहा। साथ ही, इसकी राशि विभाग को जमा करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड के ई-केवाईसी में जिले का प्रदर्शन बेहतर है, इसे आगे भी जारी रखना है। ई-केवाईसी को शतप्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही,छह माह से अधिक समय से राशन का उठाव नहीं करने वाले लाभुकों को चिन्हित कर ग्रामसभा के माध्यम से राशन कार्ड की सूची से नाम विलोपित करने की कार्रवाई को कहा। वहीं, धान अधिप्राप्ति की समीक्षा क्रम में 15 अप्रैल तक जो धान क्रय हुआ है, उसे मीलर को भेजने एवं मीलर द्वारा ससमय सीएमआर उपलब्ध कराने का कहा गया है। धान क्रय व मिलर को धान भेजने में कहीं कोई अंतर नहीं होना चाहिए।

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में आधार पंजीयन/आधार में नाम सुधार को लेकर विशेष शिविर पंचायतवार लगाने को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार झ प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी निर्देश दिया।

## बीसीसीएल प्रबंधन की हठधर्मिता के विरोध मे इनमोसा का विरोध प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड प्रबंधन की हठधर्मिता के विरोध में इनमोसा सदस्यों के दवारा विराट आक्रोश प्रदर्शन कोयला भवन के मुख्य द्वार पर दिया गया। यह प्रदर्शन वर्षों से लंबित अपनी मांगों को नहीं पूरा होने के विरोध में किया गया । इनमोसा की प्रमुख मांगे है वैसे कर्मी जो बरसौ से माइ निंग सरदार और ओवरमैन पास कर प्रमोशन का आस लगाए बैठे हैं, वैसे कमी की पदोन्नति दिया जाय। जनरल मजदूर से माइनिंग सरदार तथा डिप्लोमा होल्डर की भी प्लेसमेंट के बदले प्रमोशन दिया जाए। रविवार के दिन हॉलीडे पहने पर एक दिन का अतिरिक्त वेतन दिया जाए/हॉलीडे दिया जाए। माइनिंग स्टाफ को डिफिकल्टी अलाउंस दिया जाए। एनसीडबलूए 10 के चार्ज अलाउंस के एरियर का भुगतान फूल बेसिक पर किया जाए । एससीपीए टीएस ग्रेट को ओवरमैन में पदोन्नति लाभ दिया जाए । बीसीसीएल के सभी सामूहिक समारोह आयोजन में पूर्व की भांति आमंत्रित किया जाय । संगठन को यूनिट स्तर से कॉर्परिट स्तर तक के सेफ्टी बोर्ड/कमिटी में सम्मिलित किया आय,इत्यादि। आक्रोश प्रदर्सन में हमारी बीसीसीएल के 12 क्षेत्रों से लगभग 400-500 सदस्यों ने कोयला अवन के मुख्य द्वार पर अपना विरोध जताकर प्रदर्सन किया जिसमें हमलोगों ने प्रमुखता से अपनी मांगों को बीसीसीएल प्रबंधन को पहुँचाया और इसके साथ ही अगाह किया कि अगर बीसीसीएल प्रबंधन की नींद नहीं खुली तो भविष्य में इससे भी बड़ा रूप में प्रबंधन का विरोध किया जायगा जिसमे पुरे बीसीसीएल का चक्का जाम भी किया जा सकता है।



प्रदर्शन में इनमोसा के केंद्रीय महामंत्री रमेश कुमार विश्वकर्मा, उपमहामंत्री रमाकांत उपाध्याय, सचिव कुमार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संजय कुमार सिंह, बीसीसीएल के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिन्हा, जोनल सेक्रेटरी आर के मंडल, भगवान सिंह, राजू सिंह, अंजनी कुमार सिंह, सभी उपस्थित थे ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com